

31:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 087 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

आमन्त्रणोत्सवा विप्रा गावो नवतृणोत्सवाः।
पत्युत्साहयुता नार्यः अहं कृष्णरसोत्सवः॥

**भावार्थ** : किसी ब्राह्मण के लिए भोजन का निमंत्रण मिलना ही उत्सव है। गौओं के लिए ताजी नयी घास प्राप्त होना ही उत्सव के समान है। पति में उत्साह की वृद्धि होते रहना ही स्त्रियों के लिए उत्सव के समान है। और मेरे लिए? मेरे लिए तो श्रीकृष्ण के चरणों में अनुराग ही उत्सव के समान है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.03 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.42 बजे

## माइग्रेशन सेंटर मे आग लगने से 39 मरे

**मैक्सिको** : मैक्सिको के माइग्रेशन सेंटर में रविवार को लगी आग में मरने वालों की संख्या मंगलवार को 39 हो गई। यह माइग्रेशन फेसेलिटी मैक्सिको-अमेरिका बॉर्डर के बिल्कुल करीब है। पुलिस के मुताबिक- हादसे में झुलसे कुछ लोगों की हालत अब भी काफी गंभीर है। लिहाजा, मरने वालों की तादाद अभी और बढ़ने की आशंका है। अमेरिकी डॉक्टरों की एक टीम भी इलाज में मदद के लिए पहुंच चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह आग नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग में रविवार दोपहर लगी। ये सेंटर अमेरिकी राज्य टेक्सास से कुछ दूरी पर अल पासो शहर में है। आग किस वजह से लगी, अभी इसका पता नहीं लग सका है। आग लगने की जानकारी मिलने के फौरन बाद फायर ब्रिगेड और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया। मैक्सिको में यह घटना खराब इंतजामों की वजह से हुई। इस महीने की शुरूआत में हजारों माइग्रेंट्स यूएस-मैक्सिको बॉर्डर पर बैरिकेड तोड़कर अमेरिका में दाखिल हो गए थे। तब फायरिंग की नौबत आ गई थी। इसके बाद वहां सिक्योरिटी काफी सख्त कर दी गई है।

## ढाई सौ यात्रियों वाली नौका में आग लगी

**मनीला** : फिलीपींस से एक बड़े हादसे की खबर आ रही है। फिलीपींस द्वीपों के बीच करीब 250 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही एक नौका में आग लग गई। खबरों के मुताबिक हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य अब भी लापता हैं। प्रांत के गवर्नर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेसिलन के दक्षिणी द्वीप प्रांत के गवर्नर जिम हाटामैन ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कई आग लगने के बाद घबराकर पानी से कूद गए थे। उन्हें तट रक्षक, नौसेना, एक अन्य नौका और स्थानीय मछुआरों द्वारा समुद्र से निकाला गया। तलाश और बचाव अभियान गुरुवार को भी जारी है। गवर्नर ने बताया कि नौका ह्यएमवी लेडी मैरी जॉय 3ह्न पर सवार अधिकतर लोगों को रातभर जारी अभियान के दौरान बचा लिया गया। विभिन्न एजेंसियों की ओर से मृतक संख्या का मिलान किया जा रहा है, इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। गवर्नर ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान का ट्विटर एकाउंट भारत में ब्लॉक

**नई दिल्ली** : पड़ोसी देश पाकिस्तान की सरकार का ट्विटर अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद भारत में लोग पाकिस्तान सरकार के ट्विटर अकाउंट को नहीं देख पाएंगे। हालांकि भारत के अलावा यह अकाउंट अमेरिका, कनाडा जैसे देशों में एक्सेस के लिए उपलब्ध है। आपको बता दें कि यह तीसरी बार है जब पाकिस्तान सरकार के ट्विटर अकाउंट को भारत में ब्लॉक किया गया है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में इसे ब्लॉक किया गया था।पाकिस्तान के ट्विटर अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई एक कानूनी मांग के बाद आई है। ट्विटर ने इसके बाद भारत में इसे एक्सेस करने से रोक दिया है। मांग के बाद माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने इसे अपनी गाइडलाइंस का उल्लंघन मानते हुए ब्लॉक कर दिया। इस एक्शन के बाद से पाकिस्तान सरकार का ट्विटर अकाउंट भारत में लोगों को नहीं दिखाई देगा। पिछले साल 2022 के जून महीने में ट्विटर इंडिया ने संयुक्त राष्ट्र, टर्की, ईरान और मिस्त्र में पाकिस्तान एंबेसी के ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक कर दिया था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › मोदी और शाह के खिलाफ अरविंद केजरीवाल का दूसरा बयान

# राजनीतिक बयानबाजी में भ्रष्टाचार का मुद्दा चर्चा में

- सारे भ्रष्टाचारी अब एक ही मंच पर आ गये: मोदी
- मोदी जी को फंसाने का दबाव मेरे ऊपर डाला: शाह
- सारे भ्रष्टाचारी तो अब एक ही पार्टी भाजपा में शामिल हो गये



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** अडाणी प्रकरण और फिर राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद संसद में विपक्ष के जेपीसी गठन की मांग पर अड़े रहने के बाद बयानबाजी भी तेज हो गयी है। भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्ष के नेताओं और सांसदों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद, पीएम मोदी ने पलटवार करते हुए उन पर भारतीय लोकतंत्र की नींव पर हमला करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भाजपा के नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विपक्षी नेताओं पर आग उगलते हुए कहा था कि वे अपने विरोध प्रदर्शनों से भारत के संवैधानिक मूल्यों को निशाना बना रहे हैं। मार्च के अंतिम सप्ताह में, कई विपक्षी नेताओं ने गौतम अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट की संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें अरबपति उद्योगपति पर अन्य आरोपों के साथ कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर असंतुष्टों और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी संवैधानिक एजेंसियों का उपयोग करने का भी आरोप लगाया है। प्रधान मंत्री ने विरोध प्रदर्शन करने वालों पर भारत के विकास की नींव - इसके संवैधानिक मूल्यों और निकायों पर हमला करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात में एक कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फंसाने के लिए सीबीआई उन पर दबाव डाल रही थी, जब कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दौरान जांच एजेंसी उनसे पूछताछ कर रही थी। श्री शाह ने एक कार्यक्रम में विपक्ष के इस आरोप पर एक सवाल के जवाब में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार उन्हें निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई मुझ पर मोदी जी को फंसाने के लिए दबाव डाल रही थी। यह उस वक्त की घटना है जब श्री मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। सूरत की एक अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने पर गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता अकेले राजनेता नहीं हैं जिन्हें अदालत ने दोषी ठहराया और विधानमंडल की सदस्यता खो दी।

दूसरी तरफ अडाणी के जरिए नरेंद्र मोदी का पैसा वाला गंभीर आरोप लगाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि सीबीआई-ईडी के छापे ने सभी भ्रष्ट लोगों को एक राजनीतिक दल में ला दिया है और जब केंद्र में भाजपा का शासन समाप्त हो जाएगा, तो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। दिल्ली विधानसभा में फिर से विश्वासमत हासिल करने के मौके पर श्री केजरीवाल ने कहा कि ईडी और सीबीआई ने सभी भ्रष्ट लोगों को एक मंच पर ला दिया है, केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई ने सभी भ्रष्ट लोगों को एक साथ कर दिया है। सारे भ्रष्ट लोग एक ही पार्टी में हैं। भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा कि भगवा पार्टी देश में लोकतंत्र को रौंदने का कोई मौका नहीं चूकती है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आप विधायकों को सीबीआई और ईडी के छापे मारने की धमकी दी गई और प्रत्येक को 25

» पेज 2 भी देखें

राजनेताओं को धार्मिक कार्ड और भड़काऊ भाषणों पर शीर्ष अदालत नाराज

# राजनीति को धर्म से अलग रखना होगा



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अभद्र भाषा वाले भाषणों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ये उस समय खत्म हो जाएंगे जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे और राजनेता राजनीति में धर्म का इस्तेमाल करना बंद कर देंगे। शीर्ष अदालत ने नफरत फैलाने वाले भाषणों को दुष्चक्रह्न करार देते हुए कहा कि ये बयान अतिवादी तत्वों द्वारा दिए जा रहे हैं और लोगों को ऐसा करने से खुद को रोकना चाहिए। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों का हवाला देते हुए कहा कि दूर-दराज के इलाकों और हर नुक्कड़ से लोग उन्हें सुनने के लिए इकट्ठा होते थे। बड़ी समस्या तब पैदा होती है जब राजनेता राजनीति को धर्म के साथ मिला रहे हैं। जिस क्षण राजनीति और धर्म को अलग कर दिया जाएगा, यह समाप्त हो जाएगा। जब राजनेता धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, तो यह सब बंद हो जाएगा। इस बात पर हैरानी जताते हुए कि कितने लोग अदालत अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकते हैं, पीठ ने कहा कि भारत के लोग अन्य नागरिकों या समुदायों का तिरस्कार नहीं करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते। हर दिन ऐसे तत्व टीवी और सार्वजनिक मंचों सहित दूसरों को बदनाम करने के लिए भाषण दे रहे हैं। पीठ ने जोर देकर कहा हम संविधान का पालन कर रहे हैं और हर मामले में आदेश कानून के शासन की संरचना में ईंटें हैं। हम अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं क्योंकि राज्य समय पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्य नपुंसक, शक्तिहीन हो गया है और समय पर कार्रवाई नहीं करता है। यदि यह मौन है तो हमारे पास एक राज्य क्यों होना चाहिए? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह किसी राज्य के बारे में नहीं कह सकता, लेकिन केंद्र नहीं है। केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृपया केरल राज्य को नोटिस जारी करें ताकि वे इसका जवाब दे सकें। पीठ ने कहा जब हमारे संविधान की स्थापना हुई थी, तब

» पेज 2 भी देखें

वर्तमान बोम्मई सरकार से असंतुष्ट है पचास प्रतिशत से अधिक जनता

# चुनावी सर्वेक्षणों में कर्नाटक का पलड़ा कांग्रेस के पक्ष में



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** कर्नाटक के विधानसभा चुनाव का एलान होने के तुरंत बाद चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों की रिपोर्ट भी जारी कर दी गयी है। इसका औसत यह संकेत देता है कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीतने की अधिक संभावना है। वर्तमान भाजपा राज्य सरकार के प्रदर्शन की ग्रेडिंग करते हुए, 50.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यह खराब था, जबकि केवल 27.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस सरकार को अच्छा माना है। इसके अलावा, 57.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से नाराज हैं और इसे बदलना चाहते हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के प्रदर्शन की रेटिंग में 46.9 प्रतिशत ने इसे खराबह्न बताया, जबकि केवल 26.8 प्रतिशत ने इसे अच्छा बताया। जनमत सर्वेक्षण में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, भाजपा की राज्य सरकार को खराब रेटिंग दी गई है, क्योंकि 47.4 उत्तरदाताओं ने उनके प्रदर्शन को ह्यअच्छाह्न और 33.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसे खराब बताया है। इस चुनाव में मुख्य मुद्दे कौन से हैं? 29.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि बेरोजगारी का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा है। इस बीच, 21.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं के लिए बिजली, पानी और सड़कों की स्थिति सबसे बड़ा मुद्दा था। यह उत्तर देते हुए कि कौन से कारक कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनावों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित

» पेज 2 भी देखें

### छत्रपति संभाजीनगर में तनाव, कई वाहन जलाये गये

**मुंबई** : महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर ( पुराना नाम औरंगाबाद) के किराडपुरा इलाके में बुधवार रात दो गुटों के बीच झड़प हो गई। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया। धार्मिक स्थल के बाहर कई वाहनों में आग लगा दी। पुलिस जब हालात पर काबू पाने के लिए पहुंची तो भीड़ ने पथराव किया। पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। इस हमले में 2 पुलिसकर्मियों समेत पांच से छह लोग घायल हो गए। हिंसा रात 11.30 बजे शुरू हुई और तड़के 3.30 बजे तक जारी रही। उधर, छत्रपति संभाजीनगर के सांसद इम्तियाज जलील ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यहां झड़प शराबियों के दो गुटों में हुई। इन्होंने ही पत्थरबाजी की। राम मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### दही नाम पर आग बबूला हुए एमके स्टालिन

**चेन्नई** : दक्षिण भारत में इस समय चुनावों को छोड़ दही पर राजनीति हो रही है। देशभर के खाद्य सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले प्राधिकरण ऋरअकक के दही को लेकर एक आदेश के बाद भाषा विवाद फिर से छिड़ गया है। दरअसल, एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार एफएसएसएआई ने दक्षिण भारत की दही बनाने वाली सहकारी संस्थाओं को दही के पैकेट पर हिंदी में ही दही लिखने को कहा है इस आदेश के बाद तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। स्टालिन ने प्राधिकरण के इस फैसले के केंद्र सरकार की रणनीति करार देते हुए कहा कि ये सब हिंदी को थोपने की कोशिश है।

मोदी सरकार के खिलाफ धरने पर बैठी ममता का अनोखा प्रदर्शन

# मंच पर भाजपा वाशिंग मशीन चलाया

- काला कपड़ा डाला और सफेद कपड़ा निकाला
- भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं पर निशाना
- मौजूद जनता के बीच वाशिंग मशीन भाजपा का नारा




राष्ट्रीय खबर


**कोलकाता:** कोलकाता में ममता बनर्जी के धरना के पहले दिन केंद्र सरकार के विरोध में नये किस्म का माहौल बना। इसमें सुश्री बनर्जी ने मंच पर एक बड़े आकार की वाशिंग मशीन में काले कपड़े डाले और सफेद कपड़ा निकाला। बिना कुछ कहे ही उन्होंने अपनी बात जनता के बीच रखने में सफलता हासिल कर ली। वहां मौजूद तृणमूल समर्थकों ने इस दौरान वाशिंग मशीन भाजपा के नारे लगाये। इस प्रतीकात्मक वाशिंग मशीन पर भाजपा का लेबल भी लगाया गया था। इसके जरिए ममता बनर्जी ने जनता के बीच यह संदेश साफ साफ दिया कि जब भ्रष्ट नेता भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें छोड़ दिया जाता है और बख्शा जाता है। भाजपा एक वाशिंग मशीन बन गई है। देश में विभिन्न भ्रष्टाचार के आरोपियों की सूची देखें। वे सभी वहां (भाजपा के साथ) बैठे हैं। ऐसे लोगों से भरे पड़े संगठन के लोग मुझे संविधान के बारे में उनके उपदेश सुनने हैं? ममता बनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ दो दिवसीय धरना शुरू करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, मुझे धरना देने का पूरा अधिकार है। अगर जरूरत पड़ी तो मैं प्रधानमंत्री आवास पर भी धरने पर बैठ सकती हूं। तृणमूल केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पश्चिम बंगाल को फंड नहीं देने का विरोध कर रही है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव और 2024 के आम चुनाव से पहले विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। तृणमूल प्रमुख, जो कांग्रेस की घोर आलोचना करते रहे हैं, ने पहले अपने

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › अंतरिक्ष को समझने में आधुनिक विज्ञान को अभी और वक्त लगेगा

# सूर्य से तीस अरब गुणा बड़ा ब्लैक होल मिला

- अब तक खोजे गये ब्लैक होलों में सबसे बड़ा
- नई तकनीक से वैज्ञानिकों को जानकारी मिली
- गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग से इसका पता लगाया गया



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अंतरिक्ष विज्ञान में अब तक की जानकारी के मुताबिक ब्लैक होल ही सबसे अधिक रहस्यमय चीजें हैं। काफी समय तक तो उनका अस्तित्व होने के बाद भी उनका पता नहीं चल पाता था। दरअसल अपने प्रचंड गुरुत्वाकर्षण की वजह से ऐसे ब्लैक होल से प्रकाश तक लौटकर नहीं आती थी। इसी वजह से उन्हें नहीं देखा जा सकता है। अब ऐसे ब्लैक होल के आस पास के तारों के उसके अंदर समाने के दौरान होने वाले विस्फोट और गैस उत्सर्जन के जरिए उनके अवस्थान को समझा जा सका है। बाद में दूसरी तकनीक से रोशनी के सहारे ब्लैक होल के सटीक स्थान का भी पता लगाया जा चुका है। इस क्रम में खगोल वैज्ञानिकों ने एक नये ब्लैक होल की खोज की है। यह खोज इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आकार में बहुत बड़ा है। ऐसे विशाल खगोलीय इलाकों अथवा पिंडों मसलन आकाशगंगा, में एक गुरुत्वाकर्षण खिंचाव हो सकता है जो इतना तीव्र होता है

» पेज 2 भी देखें

### वैज्ञानिकों ने बुधवार को एक अध्ययन में इसकी जानकारी दी

वैज्ञानिकों ने बुधवार को रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के पीयर-रिव्यूड जर्नल मंथली नोटिस में प्रकाशित एक अध्ययन में इसकी जानकारी दी है। ब्रिटेन के डरहम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के एक अध्ययन लेखक जेम्स नाइटिंगेल ने बताया, कि एक खगोलशास्त्री के रूप में भी, उन्हें भी यह समझने में मुश्किल हुई है कि यह दरअसल चीज कितनी बड़ी है। नाइटिंगेल ने कहा कि यह ब्लैक होल अब तक खोजे गए सबसे बड़े ब्लैक होलों में से एक हो सकता है क्योंकि भौतिकविदों को लगता है कि ब्लैक होल इससे ज्यादा बड़े नहीं हो सकते। यह विशेष ब्लैक होल, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग 30 बिलियन गुना है, अब तक का सबसे बड़ा पता चला है और ऊपरी सीमा पर हम मानते हैं कि ब्लैक होल सैद्धांतिक रूप से बन सकते हैं, इसलिए यह एक अत्यंत रोमांचक खोज है। ब्लैक होल के आकार का आकलन करने के लिए वैज्ञानिकों ने गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग नामक एक प्राकृतिक घटना का अध्ययन किया।

# लेसोथो की मांग से दक्षिण अफ्रीकी सरकार हतप्रभ



राष्ट्रीय खबर

**केप टाउन:** दक्षिण अफ्रीका की सरकार और वहां के नागरिक लेसोथो की संसद की मांग से अचरज में है। लेसोथो की संसद ने अपने बहुत बड़े पड़ोसी देश, दक्षिण अफ्रीका से बड़े भू-भाग पर दावा करने के प्रस्ताव पर बहस की है। एक विपक्षी सांसद फ्री स्टेट और चार अन्य प्रांतों के हिस्सों को लेसोथो का क्षेत्र घोषित करना चाहता है। जिस इलाके पर लेसोथो ने दावा किया है, वह भौगोलिक तौर पर लेसोथो से बहुत बड़ा है। लेसोथो के लोग, जिन्हें बासोथो कहा जाता है, 19वीं शताब्दी तक इन क्षेत्रों में रहते थे। बाद में श्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों ने उनकी जमीन को जब्त कर लिया था। कई बासोथो अभी भी दक्षिण अफ्रीका में रहते हैं, खासकर फ्री स्टेट में। लेसोथो भाषा दक्षिण अफ्रीका की 11 आधिकारिक भाषाओं में से एक है, जो देश में लगभग चार मिलियन लोगों के साथ-साथ लेसोथो के

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## प्राकृतिक आपदा से मकान क्षति पर मिलेगा मुआवजा

**रांची:** प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से मकान क्षति के प्रभावितों को मुआवजा के लिये राशि भुगतान की स्वीकृति डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने दे दी है। नामकुम अंचल अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से आवेदक/आवेदिका जेम्स सांगा एवं अन्य (कुल 13 प्रभावित व्यक्ति) सभी निवासी नामकुम अंचल, जिला-रांची को उनके मकान की प्रकृति के अनुरूप क्षति का आंकलन कर क्षतिपूर्ति राशि भुगतान करने की स्वीकृति दी गई। 13 लाभुकों के बीच कुल 4,24,800 रु मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा।कच्चा मकान की आंशिक क्षति हेतु कुल 08 आवेदकों (प्रत्येक आवेदक को 3,200/- रुपए) क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की स्वीकृति दी गई है।

ज्ञापन

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

# कोनार नदी में एक नयी पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण होगा, सीएम ने दिया स्वीकृति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह, ससबेड़ा पूर्वी और गोमिया पंचायत के ग्रामीण कई दशकों से पेयजल की भीषण समस्या से त्रस्त हैं। इसे लेकर राज्य समन्वय समिति सदस्य सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि उक्त तीनों पंचायत खनन प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। वर्षों से यहां के ग्रामीण पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं। गर्मी के दिनों में यह समस्या ओर भी बढ़ जाती है।

ग्रामीणों के इस समस्या का पूर्णतः समाधान तभी हो सकता है जब कोनार नदी में एक नई पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण को हो। सीएम हेमंत सोरेन ने सौंपे गए ज्ञापन पर गंभीरतापूर्वक सकारात्मक कार्यवाही करते हुए बोकारो जिला उपायुक्त को डीएमएफटी मद से कोनार नदी में एक अतिरिक्त पेयजलापूर्ति योजना निर्माण करने का निर्देश दिया है। इसकी सूचना पाकर तीनों पंचायतों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद को आभार प्रकट किया है।



## 4 साल बाद एचईसी को मिलेगा मुआवजा

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय बनने के 14 साल बाद एचईसी को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एचईसी की जिस 19.13 एकड़ जमीन पर झारखंड पुलिस मुख्यालय, थाना और टीओपी का निर्माण हुआ है। इसके लिए 18.419 एकड़ भूमि ही सत्यापित की गयी है। झारखंड सरकार ने 1.10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से हस्तानांतरण की स्वीकृति दी है। सरकार एचईसी को 20.2609 करोड़ रुपए का भुगतान पुलिस मुख्यालय और टीओपी के लिए झारखंड सरकार ने एचईसी की 19.13 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी। उक्त जमीन पर नया भवन भी बन गया और वर्ष 2008 में झारखंड का पुलिस मुख्यालय शिफ्ट भी हो गया। पुलिस मुख्यालय शिफ्ट हुए 14 साल गुजर गये, लेकिन सरकार अबतक उक्त जमीन के एवज में मुआवजे का भुगतान नहीं कर पायी थी।

## इस वित्तीय वर्ष सिर्फ 1900 आवास का निर्माण पूरा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना से झारखंड में इस वित्तीय वर्ष सिर्फ 1900 आवास ही बन पाये हैं। केंद्र प्रायोजित पीएम आवास ग्रामीण से अतिरिक्त झारखंड सरकार ने इस योजना को प्रारंभ किया और योग्य लाभुकों को आवास देने का कार्य आरंभ किया गया। इसके तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित ग्रामीण परिवार अथवा अति गरीब परिवार जिनको पीएम आवास योजना-ग्रामीण से लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है अथवा महिला प्रमुख अति गरीब परिवार को आवास योजना का लाभ देने के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर योजना प्रारंभ की गयी। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-2023 के लिए अब तक कुल



47,855 लक्ष्य के विरूद्ध 47,190 आवास स्वीकृत किए गये हैं जिसमें 34,558 में 76 प्रतिशत आवास को पूरा किया गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 11, 155 आवास के लक्ष्य के विरूद्ध कुल 10,499 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गयी है, जिसमें 1900 आवास पूर्ण कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सभी आवासों के वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही पूरा करने का टारगेट जिलों को दिया गया है।

सांसद आदर्श ग्राम योजना

# अब तक 99 ग्राम पंचायतों का नहीं हो सका चयन, सांसद नहीं ले रहे रूचि

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सांसद आदर्श ग्राम योजना से झारखंड में लक्षित ग्राम पंचायतों का चयन कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि योजना प्रारंभ होने के 2014-19 के बीच 60 ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम बनाने के लिए लक्ष्य तय किया गया था। ग्राम पंचायतों का चयन झारखंड से लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को करना था,लेकिन सिर्फ 52 ग्राम पंचायतों का ही चयन हो पाया, आठ ग्राम पंचायतों का चयन सांसदों ने नहीं किया।हालात यह है कि इन चयनित ग्राम पंचायत अभी तक आदर्श भी घोषित नहीं हो पायी। सांसद आदर्श ग्राम योजना फेज-2 से 2019-24 में 100 ग्राम पंचायतों का चयनित करने का लक्ष्य भारत सरकार ने दिया था,लेकिन अभी तक 47 ग्राम पंचायतों का चयन हो पाया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक 140 ग्राम पंचायत का चयन का टारगेट दिया गया था,लेकिन हालात यह है कि 2014-19 से 2023 तक सिर्फ 99 ग्राम पंचायतों का ही चयन हो पाया है। अभी भी 41 जीपी का विकास के लिए चयन बाकी है। पूरी स्थिति की समीक्षा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने भी की है और सभी सांसदों को स्वयं पत्र लिखा है और अविलंब ग्राम पंचायतों का चयन करने का अनुरोध किया है। बता दें कि झारखंड में 14 लोकसभा सांसद व 6 राज्यसभा सांसद हैं। मंत्री ने सभी सांसदों को अविलंब विकास कार्य कराने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेने को कहा है।




ज्यादातर राजनीतिक दलों के कार्यालय में भूगर्भ जल को वर्षा जल से रिचार्ज करने का कोई सिस्टम नहीं

# राजधानी के 90 फीसदी के करीब घर ऐसे हैं जहां वर्षा जल से ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने का सिस्टम नहीं

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** गर्मी शुरू होने के साथ ही राजधानी रांची में पेयजल संकट से राजधानीवासियों को जूझना पड़ता है। लेकिन राजधानी में राजनीतिक दलों के प्रदेश कार्यालयों में रिचार्ज पिट हैं या नहीं और वहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग की क्या स्थिति है।ज्यादातर राजनीतिक दलों के कार्यालय में भूगर्भ जल को वर्षा जल से रिचार्ज करने का कोई सिस्टम नहीं लगा है। यह और बात है कि किसी दल के नेता इस कमी को स्वीकार करते हैं तो कोई बड़ी साफगोई से इसे छुपाने की कोशिश करते दिखते हैं। राजधानी रांची में भूगर्भ जल स्तर यानी ग्राउंड वाटर लेवल लगातार पाताल लोक की ओर जा रहा है। राजधानी रांची के ही कांके, मोरहाबादी सहित कई क्षेत्रों में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है। चापाकल और बोरिंग के सूखने की वजह से रोक के बावजूद चोरी-चुपके हर दिन राजधानी के अलग अलग इलाके में डीप बोरिंग करते मशीन दिख जाएंगे। धरती के अंदर का पानी लगातार सूखने की वजह यह है कि हम ग्राउंड वाटर को रिचार्ज नहीं कर पा रहे हैं। पठारी क्षेत्र होने के नाते बिना धरती की प्यास बुझाए वर्षा जल बह जा रहा है।रांची में लगातार पाताल लोक में जाते भूगर्भ जल का स्तर बनाये रखने के लिए रांची नगर निगम ने सख्त निर्देश भी जारी कर रखा है। इसके बावजूद सवा 2 लाख घरों में से 90 फीसदी के करीब घर ऐसे हैं जहां वर्षा जल से ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने का सिस्टम नहीं लगा हुआ है। ऐसे में रांची में हर वर्ष औसतन लगभग 1154 मानसूनी बारिश के बावजूद राजधानी में ग्राउंड वाटर रिचार्ज नहीं हो रहा है। दूसरी ओर राजधानी बनने के बाद लगातार रांची शहर का विस्तार हो रहा है, जनसंख्या बढ़ने से पानी की जरूरतें बढ़ रही है और अधिक मात्रा में ग्राउंड वाटर का दोहन हो रहा है।लेकिन दुखद बात यह है कि राजनीतिक दलों के ज्यादातर प्रदेश कार्यालयों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनके प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, भले ही ईटीवी के कैमरे पर यह दावा करें कि उनके प्रदेश कार्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है पर हकीकत में वह नहीं है। भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि उनके कार्यालय में भूगर्भ जल को रिचार्ज करने की व्यवस्था है लेकिन वहां भी कार्यालय के एक्सटेंशन वाले भाग में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।



## बजट की वैसी राशि जो खर्च नहीं की जा सकेगी उसे आज मार्च तक सरेंडर करने का निर्देश




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य योजना तथा स्थापना खर्च के लिए वित्तीय वर्ष 2022- 23 के बजटीय उपबंध से अब तक जो राशि खर्च नहीं हो सकी उसे 31 मार्च तक हर हाल में सरेंडर करने का निर्देश सभी विभागों को दिया है। वित्त सचिव ने कहा है बजट में उपबंधित वैसी राशि जिसका खर्च करना वर्तमान वित्तीय वर्ष के समाप्ति तक में संभव नहीं है उसका ऑनलाइन प्रत्यर्पण 31 मार्च 2023 तक कर दिया जाये। यह भी कहा है कि राशि सरेंडर के कारणों का भी उल्लेख किया जाये। साथ ही इस अवधि तक अगर राशि सरेंडर नहीं हुई तो उसे लेफ्ट मान लिया जायेगा। वित्त सचिव ने इसे प्राथमिकता से करने का निर्देश सभी विभागों को दिया।

कार्रवाई

झारखंड में अगले दो साल में एक लाख कुंओं का होगा निर्माण

# सचिव की चेतावनीः कोई शिकायत नहीं मिले,अन्यथा कारवाई के लिए रहे तैयार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने सभी उपविकास आयुक्तों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि मनरेगा से संचालित सारी योजनाएं धरातल पर दिखाई दें। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का बड़ा साधन मानते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के क्रियान्वयन में अब देरी की गयी तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सचिव ने सभी डीडीसी के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग में समीक्षा करते हुए ये बातें कही गयी।सचिव ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों को रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण हो रही परेशानी को एक सप्ताह में सुधारने का निर्देश दिया। प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक लाख कुओं का निर्माण किया जाएगा। जिलावार इसका लक्ष्य तय किया जायेगा। इसके लिए कूप निर्माण के लिए लाभुकों को सहायता राशि भी दी जायेगी। सिंचाई कूप निर्माण में सामग्री मद में पचास हजार रुपए प्रति कूप सहायता राशि लाभुकों को दी जायेगी। मुख्यमी हेमंत सोरेन के निर्देश पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धण योजना जिसका मनरेगा के साथ अभिसरण कर निर्माण कार्य किया जायेगा। एक लाख कुएं का निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में इस वित्तीय वर्ष 50 हजार व दूसरे चरण में अगले वित्तीय वर्ष 50 हजार का निर्माण कराया जायेगा।प्रशांत कुमार ने सभी उप विकास आयुक्तों से कहा कि ससमय लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव ने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। उन्होंने रूर्बन मिशन और जलछाजन की भी समीक्षा की।



पेज एक का शेष

### राजनीतिक बयानबाजी में .. ..

करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई, लेकिन कुछ भी उन्हें तोड़ नहीं सका। केजरीवाल के समर्थन में आये विश्वासमत के प्रस्ताव को सदन ने बहुमत से पारित कर दिया जबकि मतदान के दौरान भाजपा के आठ विधायक अनुपस्थित रहे। केजरीवाल ने कहा सभी चोर और भ्रष्टाचारी एक पार्टी में हैं। एक बार भाजपा के लोग अपनी सरकार का शासन समाप्त होने के बाद जेल में होंगे, तो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री के पास देश को आगे ले जाने का एक बड़ा अवसर था, लेकिन एक है देश में भय और लूट का माहौल है।

### राजनीति को धर्म से .. ..

इस तरह के भाषण नहीं थे। अब भाईचारे के विचार में दरारें आ रही हैं। कुछ संयम होना चाहिए। जस्टिस नागरत्न ने कहा, हमें यह देखने की जरूरत है कि एक देश के तौर पर हम कहां जा रहे हैं? आधी रात के भाषण में जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे वक्ता थे। इन नेताओं को सुनने के लिए दूर-दराज के इलाकों और कोने-कोने से लोग आते थे। अब हर तरफ से गलत तत्व इस तरह के बयान दे रहे हैं और हमें अब इन लोगों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान जाओ जैसे बयान दिए जा रहे हैं। अन्य समुदायों के लोगों ने इस देश को चुना वे आपके भाइयों और बहनों की तरह हैं। हम यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि उस स्तर पर मत जाओ। बेंच ने कहा, यदि आप देश के कानून का उल्लंघन करते हैं तो यह आपके सिर पर ईंटों के ढेर की तरह गिरेगा। यदि आप देश का वास्तविक विकास चाहते हैं और इसे एक महाशक्ति बनाना चाहते हैं, तो हमें कानून के शासन का सम्मान करना होगा और तभी हम अपने देश को रहने के लिए एक बेहतर जगह बना सकते हैं।

### चुनावी सर्वेक्षणों में .. ..

करेंगे, 30.8 उत्तरदाताओं ने कहा कि लिंगायतों के लिए अल्पसंख्यक का दर्जा और हिजाब विवाद जैसे मुद्दे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा, 24.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि धार्मिक ध्रुवीकरण आगामी विधानसभा चुनावों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा। अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? नामों की एक लंबी सूची में, 39.1 प्रतिशत उत्तरदाता कांग्रेस के सिद्धारमैया को अपना मुख्यमंत्री चाहते हैं, जबकि 31.1 प्रतिशत अभी भी बसवराज बोम्मई को चाहते हैं। दूसरी ओर जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी को सी वोटर पोल में उत्तरदाताओं से केवल 21.4 प्रतिशत वोट मिले। इस बीच, केवल 3.2 प्रतिशत उत्तरदाता अगले सीएम के रूप में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार को चाहते हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के लिए एक अन्य ओपिनियन पोल के नवीनतम दौर में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच एक करीबी लड़ाई की भविष्यवाणी की गई है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के अनुसार, 224 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 96-106 सीटें, कांग्रेस को 88-98, जनता दल-सेक्युलर को 23-33 सीटें मिलने की संभावना है।

### मंच पर भाजपा .. ..

नेता राहुल गांधी के समर्थन में बात की थी, जिन्हें उनकी मोदी पदवी की टिप्पणियों पर मानहानि के मामले में दो साल की जेल की सजा के बाद एक सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था। पीएम मोदी के नए भारत में, विपक्षी नेता भाजपा का मुख्य लक्ष्य बन गए हैं। जहां आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को कैबिनेट में शामिल किया गया है, वहीं विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य ठहराया गया है।

मुख्यमंत्री के भतीजे और तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी रैली को संबोधित किया और राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा। राजनीतिक बयानबाजी करते हुए उन्होंने कुछ कहा और इसके लिए उन्हें दो साल की सजा दी गई और उनकी लोकसभा सदस्यता छीन ली गई. राहुल गांधी ने क्या कहा? उन्होंने कहा नीरव मोदी, ललित मोदी और नरेंद्र मोदी। उन्होंने जो कहा मैं उसका समर्थन नहीं करता और मैं किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। लेकिन मीडिया के जरिए मैं बंगाल से सवाल करना चाहता हूं। सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मोदी सरनेम के बारे में कुछ कहा, उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई, तो क्या भारत के पीएम को दीदी ओ दीदी के साथ सीएम को गाली देकर महिलाओं का अपमान करने के लिए रद्द नहीं कर देना चाहिए?

### सूर्य से तीस अरब ...

कि यह प्रकाश की किरणों को मोड़ देता है। जब एक आकाशगंगा दूसरी के सामने होती है, तो अग्रभूमि में स्थित आकाशगंगा अपने पीछे की आकाशगंगा के प्रकाश को विकृत कर सकती है। पृष्ठभूमि में आकाशगंगा से प्रकाश तब आवर्धित हो जाता है, जिससे यह पृथ्वी पर वैज्ञानिकों को दिखाई देता है। लेकिन इस अध्ययन में नाइटिंगेल और अन्य वैज्ञानिकों ने निर्णय लिया कि वे पृष्ठभूमि में आकाशगंगा का अध्ययन नहीं करना चाहते। इसके बजाय, उन्होंने लेंसिंग का उपयोग यह आकलन करने के लिए किया कि उस प्रभाव को बनाने के लिए अग्रभूमि आकाशगंगा के केंद्र में कितना बड़ा ब्लैक होल होना चाहिए। उन्होंने हबल टेलीस्कोप द्वारा ली गई दूर की आकाशगंगाओं की तस्वीरों को देखा, और एक आकाशगंगा पाई जो इस लेंसिंग प्रभाव को पैदा कर रही थी। उन्होंने पाया कि आकाशगंगा का चमकीला बिंदु और शीर्ष दाएं कोने में पृष्ठभूमि आकाशगंगा से प्रकाश का चाप नजर आ रहा था। यह वह झटका है जिसे समझने में वैज्ञानिक वास्तव में रुचि रखते थे। नाइटिंगेल और सहकर्मियों ने कंप्यूटर का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया कि चित्र में वे किस प्रकार के ब्लैक होल को देख रहे आकार का निर्माण कर सकते हैं। इस तकनीक का उपयोग करते हुए, उन्होंने आकाशगंगा के केंद्र में ब्लैक होल का आकार निर्धारित किया। नाइटिंगेल ने बताया कि इस ब्लैक होल की खोज ब्रह्मांड विज्ञान की सीमाओं को पीछे धकेलती है। ब्रह्मांड के अस्तित्व के केवल 13 अरब वर्षों में आप इतना बड़ा ब्लैक होल कैसे बना सकते हैं? हालांकि, गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग निष्क्रिय ब्लैक होल का अध्ययन करना संभव बनाता है, जो वर्तमान में दूर की आकाशगंगाओं में संभव नहीं है। यह दृष्टिकोण हमें अपने स्थानीय ब्रह्मांड से परे कई और ब्लैक होल का पता लगा सकता है और यह बता सकता है कि ये विदेशी वस्तुएं ब्रह्मांडीय समय में और कैसे विकसित हुईं।

### लेसोथो की मांग से .. ..

दो मिलियन निवासियों द्वारा बोली जाती है। प्रस्ताव के पीछे सांसद त्शेपो लिपोलो ने सेसोथो में बोलते हुए लेसोथो की संसद को बताया कि जो पहले हमारा है उसे वापस करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, इतिहास में इस बात का रिकॉर्ड है कि हमारे लोगों से क्या लिया गया और इस प्रक्रिया में लोग मारे गए। इसे सही करने का समय आ गया है। श्री लिपोलो की दृष्टि में, लेसोथो 30,000 वर्ग किमी (11,600 वर्ग मील) से बढ़कर लगभग 240,000 वर्ग किमी (93,000 वर्ग मील) हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जबकि यह कई दशकों पुराना एक मुद्दा था, उनका मानना था कि वर्तमान समय में इसे संबोधित करना महत्वपूर्ण था क्योंकि भूमि लेसोथो के लोगों को समृद्धि लाने में मदद करेगी। वह बासोथो कन्वेंशन मूवमेंट के नेता हैं, जिसने पिछले साल के चुनाव के दौरान इस मुद्दे पर प्रचार किया, एक सीट हासिल की, जो उनके पास है। लेसोथो का लैंडलॉक साम्राज्य काफी हद तक सीमित कृषि स्थान के साथ पहाड़ी है। दशकों से हजारों श्रमिकों को घर पर नौकरी के अवसरों की कमी के कारण दक्षिण अफ्रीका की खदानों में काम खोजने के लिए मजबूर होना पड़ा है। लेसोथो सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन यह संभावना नहीं है कि वह अपने बड़े पड़ोसी देश का समर्थन करके उसे नाराज करने का जोखिम उठाएगी। श्री लिपोलो का प्रस्ताव 1962 के संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव पर आधारित है जिसने बसुतोलैंड के लोगों के लिए आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता के अधिकार को मान्यता दी थी - जैसा कि तब लेसोथो कहा जाता था।

**शहर >> अपडेट**

### 751 मीटर का झंडा होगा आकर्षण का केंद्र

**रांची:** रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में 30 मार्च को राजधानी में भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इस वर्ष शोभा यात्रा में 751 मीटर की महावीरी ध्वजा आकर्षण का मुख्य केंद्र बना। सड़कों को महावीरी झंडों और पताकों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर के मंदिरों को बिजली सज्जा से सजाया गया थे। शहर और आसपास के क्षेत्रों से 300 से अधिक अखाड़े हाथों में हथियार लेकर ध्वजा, झांकी, तासा, ढोल और नृत्य के साथ जुलूस निकाली गई।श्री महावीर मंडल के सचिव मुनचुन राय ने बताया कि शोभायात्रा में झंडे के साथ ढोल-नगाड़ों की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस साल की शोभायात्रा के लिए नागपुर से ताशा कलाकारों की 51 सदस्यों की टीम रांची पहुंच थे ।

**परिवहन** एसी इलेक्ट्रिक बसों पर खर्च होंगे 103.30 करोड़ रुपये

# सड़कों पर 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी

- प्रतिदिन बसों की तय की जानेवाली दूरी : 174 किमी
- शून्य से दो किमी की दर 5 रुपये
- दो से पांच किमी की दर : 10 रुपये
- पांच से 10 किमी की दर : 15 रुपये
- 10 किमी से अधिक की दर : 20 रुपये




राष्ट्रीय खबर

**रांची :** केंद्र सरकार की योजना के अनुसार झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी। राजधानी से इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। इसके लिए फिलहाल रांची के लिए 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसों की खरीद की स्वीकृत दी गई है। केंद्र सरकार के सुझाव पर यह सेवा शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था। रांची में बसों का परिचालन मंत्रालय के सुझाव के अनुसार पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भाड़ा भी तय कर दिया गया है। यात्रियों से फिलहाल कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 20 रुपये भाड़ा लिया जायेगा।

#### रांची व आसपास के लिए 244 बसों की जरूरत

योजना के अनुसार रांची और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए 244 बसों की जरूरत है। सर्वे के अनुसार बसों के परिचालन पर कुल लागत 42.1 रुपये प्रति किमी आयेगी। बसों के परिचालन से 44.8 रुपये प्रति किलोमीटर की कमाई होगी। इस हिसाब से 17।3 रुपये प्रति किलोमीटर का घाटा होगा।

#### 13 रूटों पर होगा बसों का परिचालन

वर्तमान में इन बसों का परिचालन पूर्व निर्धारित 13 रूटों पर किया जायेगा। रास्ते में 110 पड़ाव होगा। पहले मेन रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर इन बसों का परिचालन किया जाएगा। एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए चौड़ी सड़कों की जरूरत है। एसी बसों की लंबाई भी सामान्य सिटी बसों से ज्यादा होती है। ऐसे में रांची नगर निगम भी 220 सामान्य सिटी बसों की खरीदारी करेगी। राज्य सरकारी कि पिछली कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।केंद्र सरकार ने तय किया है कि पांच से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए पीपीपी मोड पर बसों का परिचालन किया जाएगा। बसों में फेयर क्लेक्शन यूनिवर्सल फेयर कलेक्शन सिस्टम के माध्यम से लिया जाएगा। इसके लिए अभी तक एजेंसी का चयन नहीं किया गया है। हर दो वर्ष में भाड़ा में 11 प्रतिशत बढोत्तरी की जायेगी।

## ड्रोन बना पुलिस का थर्ड आई, गली-गली में रखी जा रही है नजर



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही। पहली बार राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में जमकर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ड्रोन के जरिए संवेदनशील इलाकों में लगातार मॉनिटरिंग की गई, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व पर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न फैला सकें। दरअसल, झारखंड के कई जिलों में पिछले वर्ष राम नवमी के अवसर पर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। इस दौरान उपद्रवियों के द्वारा पहले से ही अपने-अपने घरों के ऊपर ईट-पत्थर जमा करके रखे गए थे। जिन्हें माहौल को खराब करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। राजधानी रांची में भी पिछले साल 10 जून को हुए उपद्रव और हिंसा में घर में जमा करके रखे गए पत्थरों का जमकर उपयोग किया गया था। उस समय स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को गोलियां तक चलानी पड़ी थी।वहीं, खूंटी और लोहरदगा में भी रामनवमी के दिन दो गुटों में तनाव के बाद हिंसा हुई थी। पिछले वर्ष राजधानी रांची में भी लोअर बाजार इलाके में रामनवमी के ठीक एक दिन पहले उपद्रवियों ने एक बाइक को आग के हवाले कर दिया था। ऐसे में पुलिस के लिए ड्रोन अचूक हथियार बन कर उभरा। ड्रोन के माध्यम से सभी संवेदनशील इलाकों में छतों और गलियों पर नजर रखी गई। राजधानी के डोरंडा, हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, कांके, डेली मार्केट, सदर, कांके, बेड़ो, मांडर और चान्हो थाना क्षेत्र में ड्रोन की तैनाती की गई थी। यह सभी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। इन क्षेत्रों में कभी ना कभी सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हुआ है, जिसकी वजह से शहर की शांति भंग होती रही है।

## 20 अप्रैल से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का द्वितीय चरण, 16 जिलों के 118 प्रखंडों में होगी शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड के 16 जिलों के 118 प्रखंडो में 20 अप्रैल से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के द्वितीय चरण की शुरूआत होगी। वहीं वर्ष 2025 तक झारखंड को टीबी मुक्त बनाने के लिए एक-एक पंचायत को टीबी मुक्त किया जाएगा। जैसे जैसे पंचायत टीबी मुक्त होते जायेंगे वैसे वैसे उन पंचायतों को टीबी मुक्त होने के लिए सम्मान और प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 01-19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक दवा 'अल्बेंडाजोल' की गोली खिलाई जाती है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



के द्वितीय चरण में झारखंड के 16 जिलों के 118 प्रखंडों में अभियान के रूप में चलाया जाएगा। इससे पहले अभियान के पहले चरण में राज्य के 76 प्रखंडों में कृमि मुक्ति का कार्यक्रम चलाया गया। इसका दूसरा चरण 20 अप्रैल 2023 से शुरू होगा और 25 अप्रैल को 'मॉप-अप डे' के रूप में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 22 मार्च 2023 को एक प्रशिक्षण भी आईपीएच सभागार नामकुम में दिया जा चुका है। इसमें प्रतिभागी के रूप में 16 जिल से डीआरसीएचओ, डीपीएम, डीपीसी मुख्य रूप से शामिल हुए।01-19 वर्ष के सभी बच्चों को अल्बेंडाजॉल की दवा खिलाना इसलिए आवश्यक है क्योंकि बच्चों के पेट में होने वाली कृमि की वजह से कई तरह की बीमारियों के साथ साथ बच्चे कुपोषित भी हो जाते हैं। पेट में कृमि होने से बच्चों में तरह-तरह की समस्या होने लगती है जैसे भूख न लगना, मल त्याग में परेशानी समेत कई समस्याएं उत्पन्न होती है। इसलिए इस कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए घरेलू और स्कूली बच्चों को सामान रूप से दवा खिलाई जाएगी।झारखंड को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए टीबी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ। रंजीत प्रसाद ने एक पूरी रणनीति तैयार कर ली है।

## रामनवमी पर राजनेताओं के होर्डिंग्स से पटी राजधानी!


राष्ट्रीय खबर

**रांची :**राजधानी में रामनवमी की धूम है। इसका एहसास गली मुहल्लों में महावीरी पताका के साथ लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स (ल्ङ्गंश्ल्ल्ॉर२) सहज ही करावा रहे हैं। इन होर्डिंग्स में भगवान राम की तस्वीर के साथ नेताओं ने भी अपनी तस्वीरें लगा रखीं हैं। इसे लेकर सामाजिक कार्यकताओं और नेताओं में अलग-अलग मत हैं। सामाजिक कार्यकताओं की नजर में खुद की तस्वीर भगवान के साथ लगाने को गलत बताया। वहीं राजनीतिक दल के लोग इसे सही ठहरा रहे हैं।मेनरोड अलबर्ट एक्का चौक हो या हरमू रोड सभी जगह भाजपा, झामुमो, कांग्रेस जैसे दलों के नेताओं का बैनर लगा हुआ है। रामनवमी पर होर्डिंग्स के जरिए हो रही राजनीति में हर दल के नेता अपनी अधिक से अधिक होर्डिंग्स लगाकर ताकत का एहसास कराने में जुटे हैं। होर्डिंग्स के जरिए राम को अपना मानने वाले सियासतदानों का कहना है की राम हर किसी के हैं। उनका जन्मोत्सव भारत के हर लोगों के लिए खास है। इस अवसर पर होर्डिंग्स के माध्यम से बधाई देना कोई अनुचित नहीं है।सामाजिक कार्यकर्ता सत्यप्रकाश मिश्रा कहते हैं कि राजनीति करने वाले मौके की तलाश में हमेशा लगे रहते हैं। चाहे पर्व हो या त्योहार या अन्य कोई खास



अवसर वे खुद के चेहरे चमकाने को लेकर कोई मौक नहीं छोड़ते। ऐसे मौके पर होर्डिंग्स लगाकर चेहरा चमकाने की शुरूआत कभी लालू प्रसाद ने की थी। अब सभी राजनेता इस पर अमल करने लगे हैं। जिस रामनवमी पर भगवान राम और बजरंगबली की तश्वीर लगनी चाहिए, उसमें खुद का चेहरा चमकाना कैसी भक्ति है?भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक का मानना है कि राम सबके हैं। और वे मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। इसलिए उनके आदर्श को हर किसी को मानना चाहिए। इधर कांग्रेस नेता राजीव रंजन का मानना है की रामनवमी, होली, दीपावली जैसे पर्व त्योहार पर हमेशा से लोग शुभकामनाएं होर्डिंग्स लगाते रहे हैं। ये सामाजिक एकता का संदेश देने का भी माध्यम है।



## शहर >> अपडेट

### मरीज से पैसे लेने का मामला आया सामने

**बुढ़मू :** प्रखंड के स्वास्थ केंद्र बुढ़मू के एक कर्मी द्वारा एक मरीज से 3000 रुपए पैसे लेने का मामला सामने आया है।, जिसकी शिकायत प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के पास तक भी पहुंच गया,। बुधवार को जनप्रतिनिधियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू पहुंचे, और प्रभारी से मिलकर स्वास्थ्य कर्मी की शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नि:शुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण

**चांडिल :** जमशेदपुर के समाजसेवी बंटी ने कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत खुदिलौंग गांव के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग पढ़ाने वाले स्नातकोत्तर छात्र मंगल चंद्र महतो को समाजसेवी गौरांग दत्ता के हाथों से बुधवार को बच्चों को शिक्षा से संबंधित सामग्री जैसे- बच्चों को बैठने के लिए दरी, चार्जर लाईट, कॉपी, कलम, वाईट बोर्ड आदि चीजे भिजवाया है। इधर शिक्षा से संबंधित समान पाकर नि:शुल्क कोचिंग पढ़ाने वाले छात्र मंगल चंद्र महतो ने समाजसेवी बंटी सिंह का आभार जताया है। वहीं कॉपी, कलम आदि पाकर बच्चें भी काफी आनंदित दिखें।

### झारखंडी संस्कृति को हमें बचाए रखना होगा : सारथी महतो

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम दियांडीह में आयोजित झुमर संगीत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ईचागढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय साधुचरण महतो के धर्म पत्नी सह भाजपा नेत्री सारथी महतो उपस्थित हुए। सारथी महतो ने संस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। वही सारथी महतो ने कहा कि हमें झारखंडी संस्कृति को बचाए रखना होगा। उन्होंने सभी दियांडीह वासियों को इस तरह के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विशेष शिविर में किया गया सर्वे

**दुमका :** एसपी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का साक्षरता पर सर्वे किया गया। कॉलेज के यूनिट 6, 8 और 11 के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने साक्षरता को लेकर दिघी गांव का सर्वे किया। यूनिट 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार, यूनिट 8 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सनोज स्टीफन हेम्ब्रम एवं यूनिट 11 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो एलिजाबेथ टुडू ने एनएसएस स्वयंसेवकों को नुक्कड़ नाटक का अभ्यास कराया। शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों द्वारा साक्षरता और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से होनेवाली समस्याओं को नाटक के माध्यम से समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में एसपी कॉलेज के डॉ. शंभु कुमार सिंह, डॉ. रविशंकर कुमार और प्रो. अमन राज ने एनएसएस स्वयंसेवकों के किए गए प्रयास की प्रशंसा की।

### कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**दुमका :** एसपी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ एस के अम्बष्ठ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के पी यादव ने की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि इंडियन बैंक, एसकेएमयू शाखा की शाखा प्रबंधक स्वाति सिन्हा उपस्थित रहीं। वित्तीय समावेशन; क्यों और कैसे? विषय का परिचय हुई। विषय प्रवेश विभागाध्यक्ष डॉ एस के अम्बष्ठ ने करते हुए विस्तृत रूप से खाता-बही को बताया।

**जुलूस** गाजा-बाजा और घोड़ा रथ के साथ निकाला गई महावीरी जुलूस

# रामनवमी पर उपराजधानी दुमका में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** उपराजधानी सहित पूरे दुमका जिले में रामनवमी पर्व को लेकर हर्षोल्लास और उत्साह का माहौल रहा। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और बजरंग बली महावीर जी की घर-घर में पूजा हुई। घर-घर में महावीरी झंडा लगाया गया।

मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इधर दोपहर बाद करीब तीन बजे से अलग-अलग मुहल्लों के अखाड़ों से महावीरी जुलूस निकाली निकाली गई जिसमें युवाओं ने पारम्परिक अस्त्रों के साथ भाग लिया। लाठी खेल कर और कई करतब दिखा कर युवाओं ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। दुमका शहर में 21 अखाड़ों ने महावीरी जुलूस निकालने की अनुमति थी। देर शाम तक अधिकांश अखाड़ों से महावीरी जुलूस निकल गया था। घोड़ा और पालकी के साथ महावीरी जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल युवाओं में भारी उत्साह था। जयश्रीराम और भारत माता की जय के उद्घोष से उपराजधानी गूंज उठी। दुमका के श्री श्री 108 सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति टीन बाजार द्वारा भव्य रूप से जुलूस निकाला गया था। कई घोड़ों में सवार भगवान की झांकी सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा जुलूस में शामिल किया गया था। वही झारखंड सरकार के द्वारा डीजे पर पावंदी के कारण समिति के सदस्यों ने हाथ पर काला बिल्ला लगाकर जुलूस में शामिल हुए।



**विभिन्न संगठनों ने चौक-चौराहों में लगाय शरबत व पानी का स्टॉल**

रामनवमी के अवसर पर दुमका के जुलूस में शामिल लोगों के लिए विभिन्न संग-संगठनों के द्वारा पेयजल व शरबत का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें टीन बाजार चौक पर जय माता दी सेवा समिति के द्वारा स्टॉल लगाया गया है। इस शिविर में पूर्व मंत्री डा. लुईस मरांडी शामिल होकर जुलूस में शामिल लोगों को शरबत व पानी दिया। वही विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा वीर कुंवर सिंह चौक सहित मारवाड़ी चौक आदि जगहों पर स्टॉल लगाया गया था।

### अनियंत्रित अल्टो कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

**चांडिल :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रागांमाटी सड़क मार्ग पर बासाहातु के समीप गुरुवार शाम को एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें कार चालक आदित्यपुर के संजय कुमार की मौत हो गई एवं कार में सवार अन्य दो को हल्के चोटे आई है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंचे तथा घायलों को इलाज के लिए चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### चौका पुलिस ने 160 किलोग्राम डोडा के साथ टाटा मैजिक को पकड़ा

**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के एन एच 33 पोड़का काटिन के समीप चौका पुलिस ने 160 किलोग्राम अवैध डोडा के साथ एक टाटा मैजिक को पकड़ा। थाना प्रभारी धर्मराज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छोटा हाथी टाटा मैजिक वाहन संख्या जे एच 01 बी जी 4617 पर 9 बोरे में रखे हुए 160 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया गया।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिले विधायक



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के जरियाडीह में विगत 21 मार्च को हुई भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मौत हो गई थी वही एक का हालत गंभीर था जिसे ईलाज हेतु टीएमएच में भर्ती कराया गया था। वही गुरुवार को विधायक सविता महतो ने सड़क दुर्घटना में मृतक के श्राद्धक्रम में पाटा निवासी शिबू मार्डी, सागेन टुडू, नीमडीह प्रखंड के बातकमकोचा निवासी बाबलू सोरेन एवं घायल बिमल हांसदा के परिजनो से मिले एवं शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने मृतक व घायल के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिए। मौके पर नीमडीह प्रमुख फूल मनी हांसदा , झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो परिवार के सदस्य व झामुमो।

## जय श्रीराम के नारे से गूंजे चांडिल, निकाली गई शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल पितकी फाटक के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर से गुरुवार को श्रीराम सनातन समिति द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर कॉलेज मोड़ हनुमान मंदिर तक भव्य बाइक जुलूस यह शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान जय श्री राम का नारा गूंजता रहा। सबसे पहले कार्यकर्ता पितकी फाटक के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जूटे उसके बाद श्रीराम का आशीर्वाद लेकर बाइक रैली सह शोभा यात्रा निकाली। रैली चांडिल स्टेशन मोड़, लेंगडीह, तांती बांध, चांडिल बाजार होते हुए कॉलेज मोड़ पहुंची। इस दौरान चांडिल बाजार पर श्री जगन्नाथ ट्रेडर्स द्वारा जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत चना गुड़ और शर्बात पिलाकर किया। जुलूस में काफी संख्या में राम भक्त शामिल थे। जुलूस में चांडिल, चौका, रावताड़ा, खूंटी, कुरली, बानसा, बड़ामटांड, डैम कॉलोनी, घोड़ानेगी, लेंगडीह आदि जगहों के राम भक्त शामिल थे। इस अवसर पर महंत इंद्रानंद सरस्वती, समाजसेवी राकेश वर्मा, भाजपा नेत्री सारथी महतो, आजसू नेता हरेलाल महतो, नयन हालदार, सनातन गोराई, दिवाकर सिंह आदि काफी संख्या में राम भक्त शामिल थे।

## आरोपी पति को पत्नी समेत तीन लोगों ने की धुनाई



राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** कुटुंब न्यायालय में केस में उपस्थिति पर पहुंचे पुलिस के जवान आरोपी पति को पत्नी समेत तीन लोगों ने न्यायालय के मुख्य गेट पर जमकर धुनाई कर दिया। आरोपी पति की पिटाई होता देख गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर आरोपी पति को उसकी पत्नी, एक अन्य महिला और महिला के पति को चुंगल से सुरक्षित निकाल कोर्ट परिसर में आसरा दिया। दरअसल कुटुंब न्यायालय में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में बुधवार को गवाही होनी थी। जहां आरोपी पति भी पहुंचा था। आरोपी पति ने न्यायालय में पत्नी को गैर मर्द से संबंध होने की तस्वीर दिखाया। जिसके बाद गेट से बाहर निकलते ही पति पर उसकी पत्नी एक अन्य महिला और उसके पति के सहयोग से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित पत्नी महिला गोड्डा जिला के सुंदरपहाड़ी थाने क्षेत्र की सुशीला टुडू है। जिसका नगर थाना क्षेत्र के समीप घर बना कर रहने वाले आरोपी पति सनत बास्की से तलाक का मामला लंबित है। न्यायालय में पति ने गैर मर्द से संबंध होने का आरोप लगाते हुए साक्ष्य सौंपा। पति का आरोप लगाया कि जामा थाना क्षेत्र के बाबुधन हांसदा से अवैध संबंध है और उससे उसकी एक बेटी भी है। जिसके बाद न्यायालय पहुंची पत्नी शर्मिला टुडू, बाबुधन हांसदा एवं उसकी पत्नी निर्मला टुडू ने सनत बास्की की जमकर धुनाई कर दी।

## आदिवासी सेंगेल अभियान ने आयुक्त को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

▶▶ मांझी हड़ाम परंपरा के नाम पर वंशानुगत नियुक्त रद्द करने समेत अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** आदिवासी सेंगेल अभियान ने संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त को 5 सूत्री मांग सौंपा। संगठन का नेतृत्व जोनल हेड अमर मरांडी कर रहे थे। ज्ञापन में संताल परगना के सभी 6 जिलों में संताल आदिवासी गांव-समाज की व्यवस्था में जनतंत्र और संविधान, कानून, मानव अधिकार लागू नहीं होने के कारण आये दिन अन्याय, अत्याचार, शोषण खत्म होने की जगह बढ़ने का हवाला दिया। सेंगेल अभियान ने ग्राम प्रधान या माझी-हड़ाम की नियुक्ति प्रत्येक गांव के व्यस्क स्त्री-पुरुष मिलकर जनतांत्रिक तरीके से एक निश्चित अवधि 1 या 2 साल के लिए करने का मांग किया। सेंगल अभियान ने कहा कि वर्तमान मांझी हड़ाम परंपरा के नाम पर वंशानुगत नियुक्त होते हैं और अधिकांश अनपढ़, पियक्कड़ और संविधान, कानून आदि से अनभिज्ञ होते हैं। मांझी हड़ाम और परगना आदि की नियुक्ति परम्परा से नहीं जनतांत्रिक तरीके से होना अनिवार्य है। इसके लिए अभियान ने संविधान का हवाला दिया है। देश जनतांत्रिक व्यवस्था से चलता है, राजतांत्रिक नहीं। मांझी हड़ामों की मनमर्जी और गुंडागर्दी के कारण लगभग सभी गांव समाज में जुमार्ना लगाना, सामाजिक बहिष्कार करना, डायन के नाम से निर्दोष महिलाओं की हत्या और प्रताड़ना करना, वोट को हंड़िया-दारु चखना में खरीद बिक्री करना, ईर्ष्या द्वेष, नशापान, अंधविश्वास आदि को बनाए रखने का काम गांव-गांव में जारी है। ग्राम प्रधानों का अपराधियों और दलालों के साथ सांठगांठ से आदिवासी गांव- समाज की हालात भीतर से खोखला हो चुकी है। मांझी हड़ाम आदि को दिया जा रहा वर्तमान मासिक मानदेय जो लगभग 1 हजार प्रतिमाह है। जिसे अविलंब बंद करने का मांग किया है।जिसमें अधिकांश माझी हड़ाम जनतांत्रिक रूप से चयनित नहीं है। केवल जनतांत्रिक रूप से चुने गए मांझी हड़ाम आदि को यह मानदेय प्रदान करने और मासिक 1 हजार नहीं बल्कि कम से कम रुपया 5 हजार हो मानदेय भुगतान करने का मांग किया है।

# विभिन्न सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

▶▶ हाइवा व बाईक की टक्कर, धू-धू कर जला वाहन



राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** जिले के दो थाना क्षेत्र में अलग अलग हुए सड़क दुर्घटना में दो की मौत गुरुवार को हो गई। पहली घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर बारा गांव के समीप घटी। जहां तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक की टक्कर में बाईक में आग लग गई। जिसमें बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों एवं जामा थाना के सहयोग से गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा गया। जानकारी के अनुसार हाईवा नोनीहाट की ओर से आ रही थी। बाईक सवार पिपरा गांव की ओर जा रहा था। तभी बारा गांव के समीप पहुंचने पर हाईवा और बाईक की टक्कर हो गई। जिसमें बाईक की टंकी फट जाने से हाईवा और बाइक में आग लग गई और दोनो वाहन धू-धूकर जल उठा। स्थानीय लोगों ने बताया कि जबरदस्त टक्कर में बाइक हाइवा में फंस गया था और टंकी फट गया। जिससे दोनो वाहनों में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर युवक को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा। पुलिस दमकल गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाने में सफल रहा। युवक पिपरा गांव का रहनेवाला 18 वर्षिय दिनेश मड़ैया उर्फ दिनेश शर्मा,पिता प्रकाश मड़ैया है। युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। दिनेश किसी काम से बारा गया था और घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आ गया।इधर दुमका पालोजोरी बाईपास मार्ग पर मनकाचक गांव के पास बुधवार रात्रि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार युवक बुधवार देर शाम फुटानी चौक में लगे फुटबॉल मेला देख कर अपने बाइक से 35 वर्षीय युवक लुखिराम मुर्मू अपना घर बांदो पिपरा लौट रहा था। तभी तेज से और लापरवाही जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर एक पोल से जा टकराया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इधर तीसरी घटना मसलिया थाना क्षेत्र में घटी। थाना क्षेत्र के मसलिया-दुमका मुख्य पथ पर भंगहिर गांव के समीप घटी।

## न्यूज फटाफट

### अरुणुमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नये भवन का हुआ पूजन

**सिल्ली :** सिल्ली के अरुणुमि मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को नये भवन का पूजन विधि विधान के साथ करते हुए नये सत्र हेतु कक्षा प्रारंभ करने के लिए तैयार किया गया। इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक रमण कुमार साहु एवं श्री सुमन कुमार साहु जी के निर्देश पर दिनांक 3 अप्रैल से नव निर्मित भवन में कक्षा संचालन का निर्णय लिया गया। समस्त पूजन कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य राधेश्याम साहू जी के द्वारा किया गया। विदित हो कि बच्चों को गर्मी से राहत देने हेतु युद्ध स्तर पर नये भवन का निर्माण किया गया। नये सत्र में नामांकन भी जारी है।आज के कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य ननीगोपिल, शिक्षकगण पार्वती कुमारी, सरिता देवी, नंदिता, जैसमिन,वैनिसा, इन्द्रानी, पूजा, स्मिता ,हरिश , विद्युत के अलावे राकेश, विनोद, संदीप, अगस्ती, राकेश सिंह इत्यादि स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी सामिल हुए।

### 9 छात्रों का हिताची कम्पनी में हुआ चयन

**सिल्ली :** सिल्ली पॉलिटेक्निक के 9 छात्रों का चयन हिताची प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। हिताची इस्तेमा पावरट्रेन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गुरुग्राम के द्वारा आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में आयोजित केंपस सिलेक्शन इन छात्रों का चयन किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि केंपस सेलेक्शन में सिल्ली मेकेनिकल संकाय के 13 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 9 छात्रों का चयन किया गया। जिनका फाइनल परीक्षा के बाद नियुक्त दी जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि कंपनी वाहनों के लिए फ्यूल इंजेक्शन और फ्यूल फीड पंप बनाती है। साथ ही यह कंपनी होंडा, सुजुकी, कावासाकी, केटीएम, रॉयल इनफील्ड और हार्ले डेविडसन जैसी बड़ी कंपनियों को सप्लाई करती है।अधिकारियों ने बताया कि सफल छात्रों को फाइनल परीक्षा के बाद कंपनी में नियुक्ति दे दी जाएगी। कॉलेज के निर्देशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा एवं शिक्षकों चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्वर्गीय रामदास घटवार जयंती समारोह सम्पन्न

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत खेरवेड़ा में स्व रामदास घटवार जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें मख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, जेएमएम के सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो, पूर्व मुखिया डबलु महली, स्वर्गीय रामदास घटवार के पुत्र मुरलीधर घटवार एवं उपस्थित लोगों ने स्व रामदास घटवार के माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्वर्गीय रामदास घटवार गांव के शिक्षा विद थे। जब गांव में स्कूल नहीं था, तो गांव के सभी बच्चों को स्व रामदस घटवार अपने घर पर बुलाकर लालटेन की रोशनी में सबको शिक्षा दिए। उनकी इसी सपनों को साकार करने के लिए उनके पुत्र मुरलीधर घटवार ने गांव में स्कूल खोला। दो साल फ्री में शिक्षा दी। बाद में वह सरकारी करण हुआ।

### स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा सिल्ली सीएचसी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो,जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप में किये। मेला में लोगों के लिए निशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण, कैंसर जागरूकता , मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच व परामर्श, पोषण परामर्श, सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया।इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 12 मरीज को सिल्ली नगर के कार्यकताओं समेत अन्य लोगों ने गोद लिया। मौके पर बीडीओ पावन आशिष लकड़ा, चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार महली, डॉ अतिरंजन, डॉ विवेक, डॉ विनीता, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, मारुति नंदन , शशि भूषण चौबे, संजीव कुमार महतो, छोटेलाल पटेल, मनोज रजक, रवि सिंह, गौतम रविदास, बादल मुंडा, भोला बड़ाइक, देवेन सोनार, चिकित्साकर्मी ओर स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### ईचागढ़ बसंती दुर्गा मंदिर में उमड़ा भक्तों का भीड़

**चांडिल :** ईचागढ़ स्थित बसंती दुर्गा मंदिर में नवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को भक्तों का काफी भीड़ उमड़ा। इस दौरान पुरोहित रुपेश बनर्जी व असीम बनर्जी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा का पूजा अर्चना किया। वही पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मालूम हो कि पूर्वजों से चली आ रही ईचागढ़ में मां बसंती पूजा में भक्तों द्वारा की जाने वाली मनोकामना पूरी होती है। वही मंदिर में पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंच रहे है। दुर्गा मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल देखा जा रहा है। देवी के जयकारे के साथ लोग देवी दुर्गा का दर्शन कर रहे हैं। श्रद्धालु मंदिर के अंदर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को प्रणाम कर फोटो भी खींच रहे हैं। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### हाइवा के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**जामा :** थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्यमार्ग पर महारो गांव के पास तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आ जाने से 80 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका भेजवाया। दुर्घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने दुमका-देवघर रोड को जाम करने का प्रयास किया। लेकिन सरसाबाद पंचायत के मुखिया राजू पुजहर और एएसआई अनंत शर्मा के समझाने बुझाने पर जाम नहीं लगाया जा सका। जानकारी के अनुसार मृतक देवनारायण भंडारी सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आती हाइवा असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़े देवनारायण भंडारी को धक्का मार दिया।

### जलावन तोड़ने गई महिला पेड़ से गिरी, मौत

**मसलिया :** थाना क्षेत्र कठलिया पंचायत अंतर्गत कुकुरतोपा गांव की एक 35 वर्षीय महिला पेड़ से गिर जाने से मौके पर ही मौत गई। इस संबंध में एसआई गौतम कुमार ने बताया कि कुकुरतोपा निवासी 35 वर्षीय सुनीता पुजहरनी है। जो जलावन की लकड़ी लाने के लिए पास के ही जंगल गई थी। इस दौरान सुनीता के एक पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी तोड़ने के क्रम में असंतुलित होकर नीचे गिर गई। नीचे पत्थर होने के कारण मौके पर हो सुनीता की मौत हो गई।

### हाथियों के झुंड ने मजदूर को किया घायल

**तमाड़ :** वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक दिन ब दिन बढता ही जा रहा है। इसी क्रम में देर रात चार हाथियों के झुंड ने एक मजदूर रहीम अंसारी को पटक कर घायल कर दिया। मजदूर मूल रूप से गोड्डा जिला का रहने वाला है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चालाडीह में हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन का कार्य चल रहा है। गोड्डा से आये मजदूरों ने प्राथमिक विद्यालय चालाडीह में अपना डेरा जमाये थे। देर रात को अचानक से चार हाथियों का झुंड जिसमें दो बच्चे भी शामिल है। विद्यालय के गेट को तोड़ क्षतिग्रस्त कर दिया। मजदूर कुछ समझ पाते इससे पहले हाथी का बच्चा स्कूल में घुस गया। मजदूर डर से स्कूल से बाहर की तरफ भागने लगे। इतने में ही एक विशालकाय हाथी ने रहीम अंसारी को अपने सुढ पर जकड़ कर दूर फेंक दिया। रहीम अंसारी एक जगह जमा कीचड़ पर जा गिरे। जिसमें रहीम अंसारी के एक पैर टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी चोटे आई। बताया जाता है की रहीम अंसारी घंटो तक कीचड़ में ही बेसुद पड़े रहे। वहीं सुबह एंबुलेंस से घायल रहीम अंसारी को हॉस्पिटल ले जाया गया।

शहर >> अपडेट

## विश्व हिन्दू परिषद ने निकाला शोभा यात्रा

**बेरमो** : विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) बेरमो प्रखंड, बोकारो जिला ग्रामीण बाजार की?? ओर से कस्तूरबा विद्यालय ढोरी से निर्मल महतो चौक फुसरो तक शोभा यात्रा निकाला गया। इस अवसर पर बेरमो सह संयोजक पंकज सिंह, बेरमो सह गोरक्षा प्रमुख संजय ठाकुर,? प्रकाश ठाकुर, कामेश्वर रजवार, टिंकू गुप्ता? आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## रेलवे का सामना चोरी करते दो नाबालिग धराएं

**बेरमो/कथारा:** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा वाशरी रेलवे साइडिंग के समीप से रेल सामग्री चोरी करते दो युवकों को वाशरी के सुरक्षा बलों ने पकड़ा, जिसे ओपी पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। दोनों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर कथारा वाशरी से रेलवे कॉलोनी रेल मार्ग पर दो नाबालिग युवकों द्वारा रेलवे का पेंडल क्लिप को रेलवे ट्रैक से निकालते हुए कथारा वाशरी के सुरक्षा बलों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी पेटरवार थाना (तेनुघाट ओपी) क्षेत्र के चांपी निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों आरोपियों की उम्र क्रमश: 12 एवं 13 वर्ष बतायी जा रही है। सुरक्षा बलों के अनुसार दोनों आरोपियों को पकड़ कर उनके परिजनों को बुलाकर कथारा ओपी पुलिस के समक्ष सुपुर्द किया गया, जिसे ओपी पुलिस ने नाबालिग होने के कारण मानवीयता के आधार पर उनके परिजनों को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया मौके पर कथारा वाशरी पीओ विजय कुमार ने बताया कि उक्त रेल मार्ग के रख रखाव एवं मरम्मत का जिम्मा उनके जिम्मे है।

आयोजन

हमारा देश हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र रहेगा : साध्वी

# विशाल हिन्दू धर्म सभा का हुआ आयोजन

▶▶ भारत बहुत जल्द हिन्दू राष्ट्र बनेगा :साध्वी प्राची आर्य

▶▶ जय श्री राम गूंज? से फुसरों : कारगली का? वातावरण? भक्तिमय हुआ



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो जिला के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार में विशाल हिन्दू घर्म सभा का आयोजन केन्द्रीय अखाड़ा के परिसर में किया गया। फुसरों हिंदुस्तान पुल से करगली बाजार तक एवं भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। इस दौरान विशाल हिन्दू धर्म सभा में उत्तर प्रदेश से आए साध्वी प्राची, स्वामी हंसानंद गिरि, अदेतानन्द जी महराज, वीर रस कवि? राम? भदावर जी व? अमित? वर्मा और? बेरमो विघायक कुमार ?जयमगल सिह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां सभी वक्ताओं ने हिंदुओं को जागरुक होने की बात कही। कहां कि सभी लोग एकजुट होकर घर्म को आगे बढ़ाये?। इस दौरान मंच से भारत देश को हिंदू राष्ट्र कहा गया। साध्वी प्राची ने कहा?ह्वधर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ, पाकिस्तान उन्हें मिला और हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है। भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा। संसार की कोई ताकत इसे हिंदू राष्ट्र होने से नहीं रोक पाएगी। देश के अंदर आज कुछ गद्दार लोग भी बैठे हैं। मैं सभी लोगों से निवेदन करना चाहती हूं कि हम सभी मंच की ओर ध्यान नहीं बनाएं बल्कि भोले-भाले लोगों के बीच में जाकर उन्हें गले लगाएं। समाज में अब पांच वर्ग हैं. इसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और पांचवें संन्यासी है।

जब हम पांचों मिलकर एक हो जाएंगे. तब किसी की ताकत नहीं कि आप से टकरा जाए. सभी संगठित रहें, एक रहेंह्व।?? कहा कि ह्यह्लहम संविधान को मानने वाले लोग हैं। सविधान का सम्मान करते हैं और संविधान ही मेरा ग्रंथ है। कहा कि भारत बहुत जल्द हिन्दू राष्ट्र बनेगा। हमारा देश हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निर्देशक प्रकाश सिंह,नप अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, भाजपा जिला?? मंत्री ?विकरम पांडे, सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी रवींद्र सिंह, आदि? मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एजुकेशनल सपोर्ट ट्रस्ट के द्वारा 50 परिवार के बीच रमजान किट का वितरण




**बेरमो :** एजुकेशनल सपोर्ट ट्रस्ट पटेल नगर फुसरो के द्वारा 50 परिवार के बीच घर?? जाकर रमजान किट का वितरण। ट्रस्ट के कार्यक्रम संयोजक मो. कलाम खान ने बताया कि ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही समाज के नि:सहाय गरीब परिवार का सहयोग करता आ रहा है। कहा कि आज भी हमारे समाज में कई ऐसे परिवार हैं जिसको सही से इफ्तार नसीब नहीं होती है। फिर भी कई तरह की परेशानी उठाने के बाद भी लोग रोजा रखते हैं। इस्लाम धर्म में रमजान जैसा पवित्र महिना का बहुत बड़ा महत्व हैं। इस महीना में जकात सदका, फितरा के रूप में लोग अपनी-अपनी हैसियत के हिसाब से गरीब नि:सहाय परिवार को सहयोग करते हैं। समाज में निवास कर रहे गरीब नि:साहय परिवार के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्येश्य से लोगों के जरूरतों के पूरा करने के लिए ट्रस्ट द्वारा आपसी सहयोग से रमजान किट का वितरण? घर जाकर किया? गया। रमजान किट में चूड़ा, चना, आटा, तेल, दाल, खजूर, बेसन आदि सामान रहता है। सहयोग देने वाले में सुरेश बंसल, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद जावेद खान, मोहम्मद मुंतासीर उर्फ पप्पू,मोहम्मद नौखेज, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद बाबू ,मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद आसिफ ,आदि शामिल हैं।

## दर्जा प्राप्त मंत्री योगेन्द्र ने ढेंढे में किया विद्युत ट्रांसफार्मर का

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:** गोमिया क्षेत्र के पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो ने बुधवार को अपने कार्यकताओं एवं समर्थकों के साथ गोमिया प्रखंड का दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने होसिर पश्चिमी पंचायत क्षेत्र ग्राम ढेंढे पहुंच ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 63केवीए का विधुत ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उदघाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर पंचायत मुखिया पार्वती देवी मुख्य रूप से उपस्थित थी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा लोकप्रिय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो व मुखिया पार्वती देवी को जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने कहा माननीय मंत्री श्री महतो सूचना मिलतेही हमारे दुःखो को हरने के लिए अथक प्रयास शुरू कर देते हैं और उक्त समस्या निवारण करवाते हैं। ग्रामीणों ने गांव में बिजली बहाल होने पर पूर्व विधायक जी के प्रति अपार हर्ष व्यक्त किया। मौके पर पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा की आपके किसी भी समस्या पर हर सुख दुःख में शामिल होता हूँ। आप ग्रामीणों द्वारा किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर त्वरित गति से पुनःसमाधान पर जोर देते है ताकि हमारे क्षेत्र के जनता को परेशानी न हो।इस दौरान उन्होंने गांव ग्रामीणों से समस्याओं की कई जानकारी और हालचाल भी लिया तथा उक्त समस्याओ के समाधान का भी भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने नैया टोली में ग्रामीणों द्वारा दुर्गा मंदिर में आयोजित चैती दुर्गा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए ततपश्चात माता के आगे माथा टेक आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष साव, हीरालाल यादव, दिलीप यादव, छोटी रविदास, राजेंद्र साव, परण रविदास समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पीएम टीबी मुक्त भारत योजना के तहत केबी कॉलेज ने लिए 5 मरीजों को गोद

# पांचों मरीजों के बीच किया गया पोषाहार का वितरण



प्रतिमाह एक वर्षो तक जारी रहेगा यह सिलसिला

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** केबी कॉलेज मे जब से नये प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किए है तब से महाविद्यालय की सभी क्षेत्रों में गतिविधि काफी बढ़ गई है। चाहे कॉलेज के विकास या सौन्दर्यीकरण की बात हो या फिर सोशल एक्टिविटिज की रह तरह गति मान दिख रही है। इसी क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत योजना यानी निःक्षय योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करवा कर बेरमो अनुमंडल के पांच टीबी के मरिजो को एक वर्षो के लिए गोद लिया है जिसके अंतर्गत प्रतिमाह इन मरिजो को डाक्टरों के सलाह के अनुसार पोषाहार उपलब्ध करवाने का बिड़ा उठाया है इसी कि शुक्रवार बुधवार को केबी कॉलेज परिसर में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ केपी सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने बेरमो अनुमंडल अस्पताल के तीन पदाधिकारीयो क्रमशः राजकुमार, विवेक कुमार जायसवाल तथा इन्द्रजीत कुमार की उपस्थिति में पांचो टीबी मरिजो के बीच पोषाहार का वितरण किए। इस मौके पर उनके अलावे कॉलेज के शिक्षक प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ अरुण कुमार राय, डॉ० अलिसा बन्दना लकड़ा,प्रो निला पुरणिमा तिर्की, डॉ० मनोहर मांझी, प्रो राजू कुमार बड़ाइक, प्रो पीपी कुशवाहा, तथा कर्मचारियों मे कॉलेज के सिनियर क्लर्क रविंद्र कुमार दास, आशा देवी आदि के अलावे दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थी। मौके पर प्राचार्य श्री सिन्हा ने कहा कि कॉलेज भी सरकार की सभी योजनाओं मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती है और आगे भी लेती रहेगी। कहा कि इस योजना के तहत कॉलेज प्रबंधन ने जो पांच टीबी मरिजो को गोद लिया है उनके बीच पोषाहार लगातार एक वर्षो तक करता रहेगा यह हम लोगो का संकल्प है।

## महज एक सप्ताह में जर्जर सड़क की हुई मरम्मत



**बेरमो :** पेटरवार के जरुवाटांड के महतो टोला में राज्य संपोषित योजना के तहत निर्मित सड़क भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया था पेटरवार के दारिद पंचायत के जरूवाटाँड़ में 83.90 लाख रुपए कि लागत से कसमार-पेटरवार मुख्य मार्ग से जरूवाटाँड़ तक डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया था। उक्त स्थान पर भ्रष्टाचार का आलम यह है कि लाखों रुपए की लागत से बने सड़क मात्र तीन महीने मे ही सड़क अपनी अंतिम सांसे गिन रही थी। पूरी सड़क में निकली गिट्टी घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने की पोल खोल रही थी। नवनिर्मित सड़क में गिट्टी सड़क से बाहर आ गई थी जो जानलेवा भी हो गई थी। ग्रामीण महिला व पुरुषों ने ठेकेदार पर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया था जब इस खबर को लाइव 7 न्यूज चैनल ने प्रमुखता से दिखया तो महज सात दिनों मे ही सड़क की मरम्मत कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पूर्व में घटिया सीमेंट एवं अन्य सामग्रियों का प्रयोग किया गया था मगर खबर की प्रमुखता का असर दिखा और सड़क फिर से बना दिया गया जो अब अच्छा हैं।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## रामनवमी को लेकर कथारा ओपी में शांति समिति की बैठक

**बेरमो/कथारा:** हिंदु आस्था का प्रतीक रामनवमी पर्व को लेकर कथारा ओ पी परिसर में मंगलवार की संध्या शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया अध्यक्षता कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने की बैठक में विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे आयोजित शांति समिति की बैठक के अवसर पर कांग्रेसी नेता और समाजसेवी अजय कुमार सिंह ने कहा कि हिंदुओं का पवित्र त्यौहार क्षेत्र में परंपरा अनुसार शांतिपूर्वक मनाया जाता है उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि रामनवमी के तुरंत बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र रमजान की शुरूआत हो रही है उन्होंने सभी धर्मों के मानने वालों से आपस में मिलकर उक्त त्यौहार मनाने की अपील की है अध्यक्षता कर रहे कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कथारा क्षेत्र का इतिहास रहा है कि आज तक कहीं से भी कोई अप्रिय घटना किसी भी पर्व त्यौहार में नहीं घटित हुआ है उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी यहां के लोग अपनी परंपरा अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी त्योहार मनाएंगे उन्होंने विभिन्न अखाड़ा कमेटी अध्यक्षों से रामनवमी जुलूस में शामिल होने वाले श्री राम भक्तों से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने की अपील की मौके पर उपरोक्त के अलावा कथारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निभा देवी,दुलारी देवी,गोविंद यादव,युवा कांग्रेस के विजय यादव, रामकुमार यादव,वार्ड सदस्य राजेश कुमार पाण्डेय, सत्येंद्र कुमार, डॉक्टर सर्जन चौधरी, शमशुल हक, देवेंद्र यादव, हेमंत कुमार, प्रदीप कुमार यादव, बबलू कुमार यादव, मोहम्मद मुर्शीद, रामचंद्र प्रसाद, बुधन प्रसाद थाना के सहायक अवर निरीक्षक मारूफ खान, संतोष सरदार, पटेल, किशोर महतो, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे

पेटरवार पुलिस, प्रशासन ने रमजान और रामनवमी के मद्देनजर किया फ्लैग मार्च

# ड्रोन कैमरे की मदद से जुलूस के रुट का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /खेतको :** इन दिनों दोनो समुदायो का त्योहार एक साथ चल रहा है जिसको लेकर पुलिस, प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जिसको लेकर लगभग हर थाना क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाल शांतिपूर्ण त्योहार मनाने को लेकर जागरुक करने के साथ त्योहार के मौके पर उपद्रव फैलाने वालो को चिन्हित करने के साथ साथ लोगो और पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील कर रही है साथ ही किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका पर सिधा संबंधित थाने को सूचित करने की बाते कही जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार पेटरवार बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया तथा सीओ बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया जो पेटरवार होता हुआ चलकरी, अंगवाली व खेतको पंचायत तथा संबंधित थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर खेतको पंचायत के पुर्व मुखिया मो सब्बीर अंसारी उनके सहयोग अपने पंचायत मे कर रहे थे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पार्टी ड्रोन कैमरे की मदद से जुलूस गुजरने वाले रास्तो का निरीक्षण करती नजर आई। पुलिस किसी भी किमत पर कोई जोखिम उठाने के मुंड मे कतई नही दिख रही है। पुलिस, प्रशासन का साफ शब्दों में कहना है कि त्योहार आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का ऐसे में विध्न पैदा करने वालो को किसी भी किमत पर बक्सा नही जायेगा।

# माता के जागरण का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /जरीडीह बाजार :** चैती छठ पूजा के शुभ अवसर पर जरीडीह बस्ती स्थित कर्मटांड में राजेश साव के आवास के समीप बीती रात माता के भव्य जागरण का आयोजन किया गया। माता के जागरण से पूर्व माता का अखंड ज्योत राजेश साव, दीपक साव एवं मनोज साव के घर से लेकर ढोल नगाड़े और माता के जयकारे के साथ जागरण स्थल पर लाया गया । वहीं धनबाद एवं बोकारो से आये जागरण मंडली के कलाकारों ने दर्शकों को रात भर भक्ति गीतों पर झुमाते रहे। भजन गायक में रवि रवानी, खुशबू कुमारी और धनबाद से गायिका रानी एवं विष्णु ने रात भर भक्ति गानों से माता के दरबार में समा बनाए रखा। रात्रि जगराता में भक्ति गाने में उगा हो सूरज देव, आओ गौरी के लाननवा, श्री राम जानकी बैठे है, मैं बालक तू माता शेरावालिए,भांगड़ भोला, मंदिर पे आया माता रानी के भवन में,चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, लाल चुनरिया वाली, घुमा देबो गे रामनवमी के मेला, आदि गानों पर सभी पुरुष एवं महिलाओं संग बच्चे भी झूम उठे। कार्यक्रम का आयोजन राजेश साव एवं उनके परिवार के द्वारा किया गया और इसे सफल बनाने में गोविंदा साव, सूरज साव, मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकार एवं साहू तेली समाज के जरीडीह ग्राम अध्यक्ष अनूप कुमार, समाजसेवी सह मुखिया पति नरेश महतो, धीरज साव आदि समेत अन्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सत्र 22 23 का वार्षिक परीक्षा फल हुवा प्रकाशित



**बेरमो :** जरीडीह बाजार अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सत्र 2022,23 का वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया है इस कार्यक्रम में अतिथि गंधीनार थाना के संजीव कुजूर, सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल उपेन्द्र गुप्ता कृष्णा गुप्ता निरल कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य कवलजीत सिंह ने संयुक्त रुप से परीक्षा फल का वितरण किया कक्षा में प्रथम दुत्तीय तृतीय स्थान तथा प्राप्त करने वाले भैया वाहनों को पुरस्कृत किया गया आदर्श भैया बहन तथा सर्वाधिक उपस्थित वाले शिशु को पुरस्कृत किया गया है प्रथम पुरस्कार पाने वाले भैया बहन का नाम इस प्रकार हे भोला किसी ईशा उषा अनन्या रितिका अतिश शिवानी आदि को पुरस्कृत किया गया मौके पर संदीप कुजूर ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देता है समाजसेवी अनील अग्रवाल सभी भैया बहनों को नव वर्ष की शुभकामना दी तथा शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़ते रहने मंगल कामना की मौके पर सैकड़ों के संख्या में अभिभावक बच्चे उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी एवं अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में मनाया गया वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम

**बेरमो :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पथ संचलन के द्वारा शुरू किया गया जिसमें शिशु वर्ग से लेकर किशोर वर्ग तक के सभी भैया बहन भाग लिए। पथ संचलन विद्यालय से? निकलकर फुसरो पहुंची। रास्ते में सभी भैया बहनों को कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी एवं अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में हिंदू नव वर्ष के शुभ उपलक्ष पर वर्ष प्रतिपदा सह पथ संचलन का आयोजन किया गया। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी के बच्चों को रानी बाग के समीप स्थित तिरुपति इलेक्ट्रॉनिक दुकान के प्रोपराइटर टिंकू तिवारी के द्वारा सभी बच्चों को शरबत एवं फ्रूटी की व्यवस्था की गई। गणपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों को श्याम वैरायटी के राजेंद्र अग्रवाल एवं नागरमल ट्रेडर्स के ललित अग्रवाल और केतन अग्रवाल के द्वारा पेय पदार्थ का वितरण किया गया।? जो की एक सराहनीय और गौरवपूर्ण स्थिति बनी रही। विक्रम संवत 2080 अमर रहे,नव वर्ष मंगलमय हो,विक्रमादित्य अमर रहे के नारे के साथ सभी भैया बहन घोष दल के साथ पथ संचलन में काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। पथ संचलन में विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, सचिव अमित कुमार सिंह कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पांडे,आदि? उपस्थित थे। साथ ही रैली के रूप में पुराना बीडीओ ऑफिस से फुसरो बैक मोड़ तक जय श्री राम के नारों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दयानंद वर्णवाल, पंकज पांडेय,डॉक्टर? विनय? निप्पू मुस्कान आदि ?मुख्य रूप से मौजूद थे।

संघर्ष

बेरमो को जिला बनाने को लेकर अब सड़को पर उतरना ही एक मात्र विकल्पः संघर्ष समिति

# जनसंख्या के दृष्टिकोण से भी पूर्ण है

▶▶ महतो ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अब जिला बनाव को लेकर लड़ाई धार दार करना होगा अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरना ही मात्र एक विकल्प ।बेरमो अधिवक्ता संघ भवन में बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता की गई।

उन्होंने कहा कि वर्षों से बेरमो को जिला बनाने की मांग समय समय पर विभिन्न विधायकों द्वारा उठाई गई है।

परंतु आज तक बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा है वर्तमान सरकार हेमंत सोरेन तथा पूर्व सरकार रघुवर दास के समय में भी यह मांग कई बार विधानसभा में उठते रहा है। परंतु क्या रीजन है जो आज तक बेरमो को जिला बनाने की घोषणा अबतक नहीं हो सका। जबकि बेरमो अनुमंडल जिला बनने के सभी अहारतें पूरी करती है अब समय आ गया है जनांदोलन ही मात्र एक विकल्प है। अधिवक्ता संघ के सचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है अब सदन में लड़ाई लड़ते-लड़ते थक चुके अब सड़क पर लड़ाई के लिए तैयार है हम पूरी तैयारी के साथ सड़क लड़ाई के लिए उतरना हमारी मजबूरी हो गई है।

अंधो बहरों की सरकार को अब ना तो सुनाई दे रहा है और ना ही दिखाई दे रहा। बेरमो अनुमंडल से छोटा-छोटा अनुमंडल को जिला का दर्ज मिल चुका है तथा कम आबादी वाले अनुमंडल को भी जिला का दर्जा मिल चुका है जबकि बेरमो अनुमंडल पूर्णा आहर्ता रखते हुए भी जिला का दर्जा नही मिल सका है। जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारि एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी माह 25 अप्रैल को सभी प्रखंडों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। है जिसमें बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंडों में जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों एवं महिला पुरूष ग्रामीणों के द्वारा एक दिवसीय धरना दी जाएगी। इस मौके पर जिला बनाव संघर्ष समिति पदाधिकारी संतोष कुमार नायक, कसमार प्रखंड प्रमुख पति लोकेश कुमार डे ,भोला प्रसाद, कुलदीप प्रजापति, डीएन तिवारी, विश्वनाथ महतो,मदन महतो सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

संपादकीय

# बिना चर्चा के शोर के बीच पारित होते विधेयक

संसद में अडाणी प्रकरण पर लगातार हंगामा चल रहा था। संसद के दोनों सदनों में अब आसन पर ही सवाल उठ गये हैं। विपक्षी सासंदों का आरोप है कि लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्ष खुलकर पक्षपात कर रहे हैं और देश के सबसे जरूरी विषय पर नोटिस दिये जाने के बाद भी चर्चा नहीं करा रहे हैं। हो सकता है कि कांग्रेस की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव भी लाया जाए। राज्यसभा में जगदीश धनखड़ द्वारा बार बार नोटिसों को खारिज किये जाने के बाद अब हालत ऐसी आ गयी कि विपक्ष ने अब उन्हें ही बोलने नहीं दिया। इसके बीच वित्त मंत्रालय के कई विधेयक बिना चर्चा के ही पारित कर दिये गये, यह खतरनाक संकेत है। खास तौर पर वित्त से जुड़े मुद्दों का नफा नुकसान बेहतर तरीके से समझ लेना जरूरी होता है। इसका जीता जागता नमूना नोटबंदी और जीएसटी हमारे सामने है। दोनों को लागू किये जाने के वक्त उम्मीद कुछ और थी लेकिन व्यवहार में यह देश की जनता के लिए परेशानी का सबब



बन गये। अब घटनाक्रमों को देखें तो शुक्रवार को लोकसभा में वित्त विधेयक, 2023 बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। इस विधेयक में लगभग 64 संशोधन थे। नई पेंशन योजना पर विचार करने के लिए वित्त मंत्री द्वारा समिति गठित करने जैसे निर्णय सामान्यतया विवाद का विषय नहीं बनते हैं। वित्त मंत्री के इस निर्णय का राजनीतिक महकमे के और शिक्षित लोग सभी स्वागत करेंगे। मगर दूसरे निर्णय अधिक सूझबूझ के साथ लिए गए नहीं लगते हैं, इसलिए इन पर विवाद खड़े हो सकते हैं। किंतु-परंतु के बावजूद इन बदलावों पर संसद में काफी कम चर्चा हुई। संसद में इन विषयों पर चर्चा नहीं होने के लिए कुछ हद तक विपक्ष को दोष दिया जा सकता है। विपक्षी दलों ने अदाणी एंटरप्राइजेज के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही में व्यवधान डाला और वे इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग पर अड़े रहे। मगर संसद में अधिक से अधिक चर्चा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार के कंधों पर होती है। इस उत्तरदायित्व के निर्वहन में सरकार विफल रही है। आर्थिक नीति से जुड़े महत्त्वपूर्ण विधेयकों का बिना खास चर्चा के पारित कराना अनुचित है और इसे किसी दृष्टिकोण से अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है। इन सभी विषयों पर चर्चा इसलिए भी जरूरी थी कि संशोधित वित्त विधेयक में कुछ बदलाव सरकार की कर नीतियों को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा कर सकते हैं। डेट म्युचुअल फंडों के मामले में दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ की गणना में महंगाई एवं अन्य खर्च में बढ़ोतरी में समायोजन का लाभ (इंडेक्सेशन बेनिफिट) हटाना एक ऐसा ही बदलाव है। इस संशोधन के बाद डेट म्युचुअल फंडों पर कराधान वाणिज्य बैंकों में जमा रकम पर होने वाले कराधान के अनुरूप ही हो जाता है। परंतु प्रश्न उठता है कि क्या यह समानता उचित है? बैंक में जमा रकम बीमित होती है और इनका नियमन भी समुचित ढंग से होता है। ये डेट म्युचुअल फंडों की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती हैं। अगर डेट म्युचुअल फंडों के संबंध में कराधान में बदलाव में जोखिम का पहलू शामिल नहीं था तो इक्विटी में 35 फीसदी से अधिक निवेश करने वाली म्युचुअल फंड योजनाओं को इस बदलाव के दायरे से क्यों बाहर रखा गया? यह सवाल इसलिए अभी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि स्टेट बैंक, एलआईसी और अब ईपीएफ का पैसा भी शेयर बाजार के जरिए अडाणी समूह को देने का मुद्दा उठ चुका है। धन और निवेश पर कराधान किस तरह होना चाहिए, इसे लेकर निहित सिद्धांत तय होना चाहिए। व्यापक स्तर पर सुधार भी जरूरी हैं ताकि शेयर, राजस्व और निवेश के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहन के बीच संतुलन से जुड़ी चिंताओं का निराकरण किया जा सके। सामान्यतया, सभी तरह की आय पर कराधान उचित मार्जिनल दर पर होना चाहिए, जबकि दोहरे कराधान से परहेज किया जाना चाहिए। कराधान के जो उपाय ऐसे दीर्घकालिक विषयों को ध्यान में नहीं रखते हैं वे भारत के वित्तीय बाजार की परिपक्वता को प्रभावित करेंगे। कुछ ऐसे विषय हैं जो संसद में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान उठ सकते थे या उठाए जाने चाहिए थे। यह निश्चित रूप से समझ से परे है कि कर प्रणाली में ऐसे बड़े बदलाव की घोषणा वित्त मंत्री के बजट भाषण में या वित्त विधेयक के मूल मसौदे में क्यों नहीं की गई। अगर ये घोषणाएं होतीं तो संसद के अंदर और बाहर इनसे जुड़े परिणामों पर जरूर बहस होती। सरकार को यह स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वह इन बदलावों को वित्त विधेयक के मूल मसौदे में शामिल क्यों नहीं कर पाई। भविष्य में ऐसी बड़ी गलती से बचने के लिए सरकार को एक ऐसी एकीकृत और तार्किक प्रत्यक्ष कर संहिता पर अवश्य पुनर्विचार करना चाहिए जिनमें ये सिद्धांत निहित होंगे।

# प्राचीन शक्ति पीठ है जीण माता मंदिर

नवरात्रा पर विशेष





हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है।

जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की



रमेश सर्राफ धमोरा
पत्रकार

मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है।

लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं।

लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवान शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है।


एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे । औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी। ।

जीण माता देवी शक्ति है जो सदियों से लेकर आज तक लगातार आराध्य देवी के रूप में पूजी जाती हैं। जीण माता मंदिर में हर वर्ष चैत्र सुदी एकम् से नवमी (नवरात्रा में) व आसोज सुदी एकम से नवमी में दो विशाल मेले लगते हैं। जिनमे देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। जीणमाता मेले के अवसर पर राजस्थान के बाह्य अंचल से भी अनेक लोग आते हैं। मन्दिर में बारह मास अखण्डदीप जलता रहता है।

जीण भवानी की सुबह चार बजे मंगला आरती होती है। आठ बजे श्रृंगार के बाद आरती होती है व सायं सात बजे आरती होती है। दोनों आरतियों के बाद भोग (चावल) का वितरण होता है। माता के मन्दिर में प्रत्येक दिन आरती समयानुसार होती है। चन्द्रग्रहण और सूर्य ग्रहण के समय भी आरती अपने समय पर होती है। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशेष आरती व प्रसाद का वितरण होता है। माता के मन्दिर के गर्भ गृह के द्वार (दरवाजे) 24 घंटे खुले रहते हैं। केवल श्रृंगार के समय पर्दा लगाया जाता है। हर वर्ष शरद पूर्णिमा को मन्दिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है।

# समस्याओं का बोझ

प्रेरक-प्रसंग



एक प्रोफेसर कक्षा में दाखिल हुए। उनके हाथ में पानी से भरा एक गिलास था। उन्होंने उसे बच्चों को दिखाते हुए पूछा, 'यह क्या है?' छात्रों ने उत्तर दिया, 'गिलास।' प्रोफेसर ने दोबारा पूछा, 'इसका वजन कितना होगा ?' उत्तर मिला, 'लगभग 100-150 ग्राम।' उन्होंने फिर पूछा, 'अगर मैं इसे थोड़ी देर ऐसे ही पकड़े रहूं तो क्या होगा ?' छात्रों ने जवाब दिया, 'कुछ नहीं।' 'अगर मैं इसे एक घण्टे पकड़े रहूं तो ?' प्रोफेसर ने दोबारा प्रश्न किया। छात्रों ने उत्तर दिया, 'आपके हाथ में दर्द होने लगेगा।'
उन्होंने फिर प्रश्न किया, 'अगर मैं इसे सारा दिन पकड़े रहूं तो क्या होगा' ? तब छात्रों ने कहा, 'आपकी नसों में तनाव हो जाएगा। नसें संवेदनशून्य हो सकती हैं। जिससे आपको लकवा हो सकता है।' प्रोफेसर ने कहा, 'बिल्कुल ठीक। अब यह बताओ क्या इस दौरान इस गिलास के वजन में कोई फर्क आएगा ?' जवाब था कि नहीं। तब प्रोफेसर बोले, 'यही नियम हमारे जीवन पर भी लागू होता है। यदि हम किसी समस्या को थोड़े समय के लिए अपने दिमाग में रखते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता।
लेकिन अगर हम देर तक उसके बारे में सोचेंगे तो वह हमारे दैनिक जीवन पर असर डालने लगेगी। हमारा काम और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होने लगेगा। इसलिए सुखी जीवन के लिए आवश्यक है कि समस्याओं का बोझ अपने सिर पर हमेशा नहीं लादे रखना चाहिए। समस्याएं सोचने से नहीं हल होतीं। सोने से पहले सारे समस्यायुक्त विचारों को बाहर रख देना चाहिए। इससे आपको अच्छी नींद आएगी और आप सुबह तरोताजा रहेंगें।

**शिक्षा :-**
समस्याओं को लेकर अधिक परेशान नहीं होना चाहिए। इससे हमारा नुकसान ही होता है ।

नजरिया

# प्रतिष्ठा की हानि में सबूत हो संस्कारधानी

पिछले कुछ वर्षों में भारत में मानहानि के मामलों में वृद्धि हुई है। मानहानि का अर्थ है किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाना या क्षति पहुँाना। मानहानि शब्द लैटिन शब्द डिफामारे से लिया गया है जिसका अर्थ है किसी व्यक्ति के बारे में ऐसी जानकारी प्रसारित करना या फैलाना जो व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए, मानहानि और कुछ नहीं बल्कि किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना है। मानहानि दीवानी और फौजदारी दोनों तरह का



डॉ सत्यवान सौरभ
स्तंभकार

अपराध है। मानहानि का आपराधिक कानून संहिताबद्ध है, लेकिन मानहानि का नागरिक कानून नहीं है। नागरिकता कानून में, मानहानि अपकृत्य कानून द्वारा कवर की जाती है, लेकिन आपराधिक कानून में, यह भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 499 से 502 तक कवर होती है। आईपीसी की धारा 500 के अनुसार, मानहानि दो साल तक की जेल या जुमार्ना से दंडनीय है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में मानहानि के मामलों में वृद्धि हुई है। तुच्छ आधारों पर, सरकार के नेता एक-दूसरे के खिलाफ मानहानि के मुकदमे दायर करते हैं, इसके बाद क्रॉस-मानहानि के मुकदमे होते हैं। अरविंद केजरीवाल, राहुल गांधी और स्मृति ईरानी जैसे राजनेताओं के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। इसने भारत के मानहानि कानूनों पर फिर से विचार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मीडिया में बहस छिड़ गई है। अधिकांश देशों में मानहानि कानूनों का दुरूपयोग किया जा सकता है, लेकिन भारत के कानून सबसे खराब हैं। न केवल वे अस्पष्ट हैं, वे मानहानि को एक आपराधिक अपराध बनाने का अतिरिक्त कदम उठाते हैं।

**तुच्छ आधारों पर, सरकार के नेता एक-दूसरे के खिलाफ मानहानि के मुकदमे दायर करते हैं, इसके बाद क्रॉस-मानहानि के मुकदमे होते हैं।**

यह केवल इस तथ्य से और भी बदतर हो जाता है कि वर्तमान कानूनी प्रणाली धन वाले लोगों को आलोचकों को धमकाने के लिए मानहानि का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त रूप से टूट गई है। जबकि प्रतिष्ठा के अधिकार को संविधान द्वारा संरक्षित किया जा सकता है, यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। मुक्त भाषण आवश्यक है क्योंकि, अन्य बातों के अलावा, यह मीडिया को सरकार और व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने में सक्षम बनाता है। बोलने की स्वतंत्रता को उचित सीमा के भीतर अपमान करने के अधिकार की भी रक्षा करनी चाहिए, यानी अमीर और शक्तिशाली की वैध रूप से आलोचना करना। भारतीय दंड संहिता 1860 मानहानि को एक आपराधिक अपराध के रूप में सूचीबद्ध करता है, इसे जुमार्ना या कारावास या दोनों से दंडनीय बनाता है। यह समस्या क्यों है इसके कई कारण हैं। गिरफ्तार होने और अपराध का आरोप लगाने का कलंक है। तथ्य यह है कि इसे ऐसे समय में अपराध बना दिया गया था जब किसी की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए द्वंद्व करना आम बात थी। तथ्य यह है कि आईपीसी विडंबना को मान्यता नहीं देता है या सत्य को पूर्ण बचाव के रूप में नहीं रखता है। तथ्य यह है कि एक ही चोट के लिए दीवानी और फौजदारी दोनों उपाय होने से पहले से ही बोझ से दबी न्यायपालिका को एक ही मामले में दो बार जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार है, जो लोगों को देश की सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में पूरी तरह से और कुशलता से शामिल होने में सक्षम बनाता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोगों को अपने विश्वासों और राजनीतिक विचारों को साझा करने की अनुमति देती है।

जानकारी

# कैलाश निकेतन मंदिर



ऋषिकेश का सबसे ऊंचा मंदिर कैलाश निकेतन जो 13 माजिला बनाया हुआ है मंदिर में सभी हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमा विराजमान है जो 13 वी मंजिला तक पहुंचने के लिए पैदल चलते हुए श्रद्धालु सभी देवी देवताओं के दर्शन लेते हुए ऊपर पहुंचते है मंदिर के ऊपर पहुंचते ही ऋषिकेश के प्रकृति का सौंदर्य नजारा मनमोहक लगता है मनो वक्त ठहर सा गया हो ।
श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक भक्ति भरे वातावरण को शब्दों में वाया नहीं किया जा सकता ये मनोहक दैवीय दृश्य आपको ऋषिकेश जा आकर ही प्रकृति का अहसास होगा इसी मंदिर के निचले हिस्से माँ गंगा की महा आरती होती है ।

कौडियाला
ऋषिकेश टूरिस्ट प्लेस में पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक कौडियल्ाँ यहाँ आ कर गोवा का मजा ऋषिकेश में ले सकते है पहाड़ी गलियारों से बहती हुयी गंगा की जलधारा में वाटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते है ।
ये जगह प्री -वेडिंग शूटिंग के लिए शानदार है और इसके अतिरिक्त यहां पर राफ्टिंग , बोटिंग , पैराग्लाइडिंग का भी लुप्त उठा सकते है ।

# 9999 में 5000mAं बैटरी वाला मोटो जी13 लॉन्च



नई दिल्ली: Motorola ने आज G-सीरीज लाइनअप में अपना नया स्मार्टफोन Moto G13 लॉन्च कर दिया है। इस फोन को किफायती कीमत पर बेहतरीन एक्सपीरियंस देने के लिए डिजाइन किया गया है। Moto G13 में 6.5 इंच की क्ढर छउऊडिस्प्ले दी गई है। 5000mAं की बैटरी वाला यह फोन 50 मेगापिक्सल कैमरा से लैस है। यहां हम आपको Moto G13 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Moto G13 की कीमत**
कीमत की बात की जाए तो 4GB RAM + 128GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 9,999 रुपये है। वहीं 4GB RAM + 64GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 9,499 रुपये है। उपलब्धता की बात की जाए तो यह स्मार्टफोन 5 अप्रैल, 2023 दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए Flipkart पर उपलब्ध होगा।


**Moto G13 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**
Moto G13 में 6.5 इंच की IPS LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 90Hz है। बैटरी बैकअप की बात करें तो इस फोन में 5000mAं की बैटरी दी गई है, जो कि 10ह फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए यह फोन Android 13 पर काम करता है। प्रोसेसर की बात की जाए तो यह फोन ऑक्टा कोर MediaTek Helio G85 प्रोसेसर दिया गया है। इस फोन में 4GB रैम और 128GB इंटरनल स्टोरेज दी गई है, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड द्वारा बढ़ाया जा सकता है। डाइमेंशन की बात करें तो इस फोन की लंबाई 162.7, चौड़ाई 74.66, मोटाई 8.19 और वजन 183 ग्राम है। कैमरा सेटअप की बात की जाए तो Moto G13 में I/1.8 अपर्चर के साथ 50 मेगापिक्सल का पहला कैमरा, I/2.4 अपर्चर के साथ 2 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा और I/2.4 अपर्चर के साथ 2 मेगापिक्सल का तीसरा कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में I/2.0 अपर्चर के साथ 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"राजस्थान दिवस पर राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं।" उन्होंने आगे कहा, "संस्कृति, सत्कार, शौर्य और पर्यटन स्थल राजस्थान की पहचान हैं। मेरा विश्वास है कि ऐसी विशेषताओं के बल पर राज्य के निवासी सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे और देश के विकास में अपना योगदान देंगे।"
द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति



"'आदिपुरुष' दुनिया भर के करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर 16 जून को रिलीज होगी।फिल्म 'आदिपुरुष' को तेलुगू भाषा में बनाया गया है। यह फिल्म भारत में तमिल, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बांग्ला और उड़िया में रिलीज होगी।"
कृति सेनन
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

# अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा

माफिया माफिया अतीक अहमद सहित तीन को एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।दो दशक से यूपी में डॉन अतीक अहमद के नाम से हरकोई डरता था। छोटी उम्र में वसूली और हत्या करने के आरोप में केस दर्ज हुआ था।यूपी मेंअतीक अहमद का इतना खौफ था कि इनके नाम को कोई विरोध नही करता था।माफिया अतीक अहमद पर 101 केस दर्ज है।यूपी में दहशतगर्दी फैलाकर पुलिस को धकधमकी देकर वसूली इसका धंधा बन गया था।माफिया अतीक अहमद और उनके भाई असरफ की मुलाकात के दौरान दोनों भाई भावुक हो गए थे।बन्दूक की घोष देने वाले का अंजाम यही होता है।माफिया अतीक को सजा होने के बाद उसके किये कारनामो से जनता का हिसाब चुकता हो गया है।ऐसा कदापि नही है।आज भी लोगो के साथ अन्याय की याद सता रही है।17 साल पुराने उमेशपाल हत्याकांड में दोषी पाए गए अतीक को उम्रकैद हुई है,लेकिन उमेशपाल के घर परिवार वालो द्वारा उसको फांसी की सजा की मांग की जा रही है।101 केस लगने के बाद अतीक अहमद के मुह पर कोई अफसोस नही है। न्यायाधीश दिनेश शुक्ल ने अतीक अहमद के अलावा खान सोलत हनीफऔर दिनेश पासी को सजा सुनाई है।।तीनो को उम्रकैद हुई है।डॉन अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के विधायक थे।सत्ता में रहकर लोगो को डराना उनका पेशा बन गया था।पुलिस पर रोप झाड़ना और अवैध कारनामे उनका धंधा बन चुका था।अतीक अहमद की उम्रकैद की सजा के बाद अभी सौ केस की लंबी फेहरिस्त है।अभी सजा बाकी है।अदालत ने तीनों पर एक एक लाख का जुमार्ना किया गया है।उमेशपाल की पत्नी ने अतीक को फांसी की सजा मिले,उसके लिए प्रशासन से मांग की है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक

**इचाक** : इचाक भीम आर्मी के प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज अम्बेडकर की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों के लेकर पुराना ईचाक बैठक किया गया।बैठक अंबेडकर नगर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वें जयंती मनाने को लेकर बैठक बुलाई गई । सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि इस बार जयंती में प्रखण्ड के तमाम बहुजनों को आमंत्रित कर समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में वार्षिकोत्सव सह रंगमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**बेरमो** : फुसरो मे कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में वार्षिकोत्सव सह रंगमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, प्रदेश सचिव विधा विकास समिति अजय कुमार तिवारी,विधालय के सचिव धीरज पाण्डेय, संकुल संयोजक अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को विद्यालय के सचिव धीरज पांडे के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि विद्यालय काफी अच्छा कार्य कर रहा है गरीब के भी बच्चे इस विद्यालय में पढ़कर अच्छी शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर रहे है। जिससे देश और समाज का नाम रोशन कर रहे है।

**चर्चा** उपायुक्त ने की टाटा कंपनी के साथ बैठक मुख्यमंत्री का दौरा तथा अन्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

# प्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए

- कस्तूरबा विद्यालयों के शैक्षणिक गतिविधि में बहुमूल्य योगदान देने पर भी चर्चा हुई
- कहा कि शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने के लिए जरूरी है कि सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाए

राष्ट्रीय खबर



**जमशेदपुर** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 3 अप्रैल को जमशेदपुर के टीनप्लेट कंपनी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेना प्रस्तावित है। उपायुक्त विजया जाधव ने मुख्यमंत्री के आगमन के तैयारियों की समीक्षा को लेकर टाटा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को बैठक की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । साथ ही अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

मानगो में पिछले दिनों हटाये गए अतिक्रमण में मुंशी मोहल्ला के पास सेंट्रल वर्ज के निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराने की बात उपायुक्त ने कही। उन्होने कहा कि शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने के लिए जरूरी है कि सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाए । टाटा कंपनी में कार्यरत कोई कर्मचारी जिसपर 107 या अन्य किसी धारा में मुकदमा चल रहा हो या अन्य अवांक्षित गतिविधि में शामिल पाये गए हों तो कंपनी के स्तर से भी कार्रवाई की चेतावनी देने की बात कही गई। टाटा कंपनी का समाज सेवा के कार्य में अग्रणी भूमिका तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेषता का लाभ जिले के छात्राओं को मिले इसे लेकर सभी कस्तूरबा विद्यालयों के शैक्षणिक गतिविधि में बहुमूल्य योगदान देने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सीएसआर के तहत जिला लाइब्रेरी में फर्नीचर(टेबल, कुर्सी आदि) उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रजंन, टाटा लैंड डिपार्टमेंट के हेड अमित सिंह व टाटा कम्पनी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## पतरातू डैम के समीप अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू** : पतरातु लेक रिसॉर्ट से भुरकुंडा जाने वाले मुख्य मार्ग पर पतरातू डैम फाटक के समीप बने पुल व पतरातु लेक रिसॉर्ट के बीच बुधवार को लेक रिसॉर्ट से भुरकुंडा के तरफ जाने के क्रम में महिंद्रा जाइलो जेएच 01डीआर 9219 तेज रफ्तार में होने व विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बोलेरो वाहन के चकमा देने की वजह से अनियंत्रित होकर बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। संयोग वश वाहन में चालक के अलावे अन्य कोई लोग नहीं थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वही चालक को गंभीर चोटें आई हैं और परिचितों द्वारा चालक को इलाज हेतु ले जाया गया। वही चकमा देने वाला बोलेरो वाहन चकमा देने के बाद मौके से फरार हो गया।

## न्यूज फटाफट

### दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की हुई चोरी भुक्तभोगी ने थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के डेली मार्केट में रविवार को दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसके बाद भुक्तभोगी गुरुचट्टी निवासी रामावतार महतो ने थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मैं 12 बजे दिन में गाड़ी खड़ा कर बाजार में सब्जी बेचने के लिए गया और जब मैं 2 बजे आया तो देखा कि हमारा लाल कलर का पैशन प्रो गाड़ी जिसका नंबर 02फ2014 था। जो गाड़ी वहाँ पर नही था। अगल-बगल में काफी खोजबीन की परंतु हमारा गाड़ी नहीं मिला। आगे उन्होंने थाने में आवेदन देते हुए गुहार लगाया कि जल्द से जल्द हमारे गाड़ी को खोजबीन कर निकाला जाए। उन्होंने बताया कि हमारे पास एक ही गाड़ी था जिससे हम खेती बारी कर सब्जी बेचकर अपना भरण-पोषण करते थे।गाड़ी चोरी होने जाने के बाद हमारे बीच आर्थिक संकट आन पड़ी है। अब हम कैसे अपना खेत जाएंगे और अपने फसल को कैसे बजार तक पहुंचाएंगे। बताते चलें कि इन दिनों बड़कागांव थाना क्षेत्र से लगातार दो पहिया वाहन की चोरी की घटना सामने आ रही है।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में वार्षिकोत्सव सह रंगमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**बेरमो** : फुसरो मे कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में वार्षिकोत्सव सह रंगमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, प्रदेश सचिव विधा विकास समिति अजय कुमार तिवारी,विधालय के सचिव धीरज पाण्डेय, संकुल संयोजक अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को विद्यालय के सचिव धीरज पांडे के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि विद्यालय काफी अच्छा कार्य कर रहा है गरीब के भी बच्चे इस विद्यालय में पढ़कर अच्छी शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर रहे है। जिससे देश और समाज का नाम रोशन कर रहे है। कहा कि विद्यालय की तरफ से विद्यालय के प्रांगण में एक शेड निर्माण कराने का आग्रह किया है जिसे मैं बहुत जल्द विद्यालय में शेड निर्माण का भी कार्य शुरू हो जायेगा। जिससे विद्यालय को कोई भी कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। प्रदेश सचिव विद्या विकास समिति के अजय कुमार तिवारी ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी देने का कार्य करती है। जिससे कि बच्चे समाज हित में काम कर सके।

### जिला कांग्रेस कार्यालय से रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**हजारीबाग** : हजारीबाग रामजन्म महोत्सव अष्टमी पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से झंडा पताका के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों गुरूगोविंद सिंह रोड, मेन रोड झंडा चौक, पुस्तकायन रोड़ स्तिथ दुर्गा स्थान में चुनरी चढ़कर तथा पूजा अर्चना कर बड़ा अखाड़ा, जादो बाबु चौक, कानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में लंगोट चढ़ाकर वापसी में महावीर स्थान में लंगोट तथा प्रसाद चढ़ाकर पंच मंदिर चौक चौक होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय में शोभा यात्रा का समापन किया गया। इसी बीच सद्भावना विकास मंच ने झंडा चौक पर शोभा यात्रा का स्वागत किया स्वागत करने वालों में इरफान अहमद उर्फ काजू, मनोज गोयल, दीपक कुमार, जेपी जैन, परवेज अहमद, शबीर अली वहीं पुस्तकायन चौक पर रोनियार वैश्य समिति की ओर से संजय गुप्ता, गुजंन गुप्ता कृष्णा गुप्ता शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर श्रीराम जी अमूल्य वचनों को दोहराते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि राम एक आदर्श तथा मयार्दा पुरुषोत्तम थे जो अपनी प्रजा की सुरक्षा और खुशी के हरदम पुलकित रहते थे। उन्होंने एक बार नगर वासियों से कहा था कि कि हे नगर वासियों मैं जो भी बात कहता हू उसमें आपका ही कल्याण होता है। शोभा यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, यमूना यादव, अशोक देव, संजय गुप्ता मुखिया संघ के महासचिव महेश प्रसाद साव, चंद्र शेखर मिश्रा मीडिया प्रभारी निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, मिथिलेश कुमार पासवान, सेवादल के विश्वास पासवान के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामभक्तों के शहर हजारीबाग में निराली लगती है झंडा पर्व की फिजां

- सडकों पर उतरेगा विशाल जनसैलाब, झांकियों के कतारबद्ध कारवां से शहर होगा गुलजार
- जय श्रीराम और बजरंगबली के नारे से गुंजयमान होगा वातावरण।

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग रामभक्तों के शहर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा आज देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते- नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें- नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आँखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला- कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएँ गूंज उठती है। इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर- दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है।

# कक्षा में बच्चों की क्रियाशीलता एवं सहभागिता सुनिश्चित हो: फनीन्द्रनाथ



राष्ट्रीय खबर

**राजरप्पा** : सी.सी.एल.रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के आज दूसरे दिन विद्या विकास समिति, झारखण्ड के राँची विभाग निरीक्षक फणीन्द्रनाथ झा ने प्रथम सत्र में विद्या भारती का लक्ष्य एवं योजना पुनः द्वितीय सत्र में ह्यशैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक क्रियाकलापों की उत्कृष्टता ह्य पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए आचार्य कक्षा में बच्चों की क्रियाशीलता एवं सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके पहले उनके द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में मध्यावकाश के बाद के सत्र में मास्टर फ्रेंचाइजी श्रीमती सोनी सिंह, बिहार-झारखण्ड के द्वारा अबेकस के क्रियाविधि द्वारा गणितीय समझ को बढ़ाने तथा मानसिक विकास की जानकारी दी गयी। उनके साथ सहयोगी देवाशीष सिंह एवं विकास कुमार तिवारी मौजूद थे।चतुर्थ सत्र में डॉ. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय लारी के सहायक प्रध्यापक डॉ. अशोक कुमार राम के द्वारा सूक्ष्म शिक्षण, विषय प्रतिपादन में टी.एल.एम. तथा नई शिक्षा नीति पर चर्चा की गई । इसके अतिरिक्त आज के कार्यशाला में,हिंदी-अंग्रेजी सुलेख, बच्चों की रचनात्मक कौशल आदि पर चर्चा की गयी। आगत अतिथियों के प्रति विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने आभार व्यक्त किया तथा आगामी एवं नवीन सत्र में बच्चों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास में इस तरह की कार्यशाला को उपयोगी बतलाया।

**आयोजन** प्रमिला देवी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया

# ई पी किड्स स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

- जिससे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावक व शिक्षकेतर कर्मियों ने खूब सराहा

राष्ट्रीय खबर




**पतरातू** : रेलवे परिक्षेत्र अंतर्गत डीजल शेड स्थित शिवनगर ई पी किड्स स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित मुख्य अतिथि निलेश राय, श्याम बहादुर सीनियर इंजीनियर डीजल शेड, भुवन बड़ाइक एस एस ई कैरेज, राम नारायण सिंह वरिष्ठ नेता मजदूर यूनियन, श्रीमती रेशमा देवी वार्ड सदस्य सांकुल पंचायत, अलका देवी समाजसेवी ने स्कूल की संस्थापिका स्वर्गीय प्रमिला देवी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल की छात्रा श्रेया श्री ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा कई नृत्य संगीत की प्रस्तुति की गई। जिससे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावक व शिक्षकेतर कर्मियों ने खूब सराहा। स्कूल की नन्ही मुन्नी बच्चियों मनु कुमारी, अर्पणा कुमारी, माही कुमारी, आरूषी कुमारी आरोही कुमारी, रिषीका कुमारी ने गुजराती एवं नागपुरी गानों पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत की। स्कूल के नन्हे छात्र अजीत कुमार, वंश कुमार, सुभाष कुमार, अमन कुमार, अयान कुमार, सत्यम सुमन आदि बच्चों के साथ बच्चियों ने मिलकर काली बोरोया नागपुरी गाने पर जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किया। वही स्कूल के छात्र-छात्राओं में कृतिका, आलिया नाज, आरुषि, गुप्ता, सानवी राज, अर्पिता कुमारी, रुद्रा, शुभम कुमार, राज करमाली, पनीत नायक, पीहू ने आज है संडे.. बोल के गाने पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों के द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने स्कूल एवं बच्चों के नृत्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा की यहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नृत्य संगीत खेलकूद और कंप्यूटर की अच्छी तालीम दी जाती है। वही कार्यक्रम का संचालन स्कूल के संचालक सुबोध कुमार ने की। साथ ही शिक्षिका पूजा कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रीति झा, क्षितिज कुमार, नीरू देवी व स्कूल के अन्य शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हरली का ऐतिहासिक रामनवमी मेला में उमडा जनसैलाब

- सैकड़ों महावीरी झंडा व दर्जनों झांकी किये प्रदर्शन
- प्रशासन द्वारा संवेदन एवं अति संवेदनशील जगहों पर लगाए गए सीसी कैमरा

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव**: बड़कागांव हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव महारामनवमी के अवसर पर 81 वर्षों से आयोजित ऐतिहासिक हरली रामनवमी मेला सैकड़ों महावीरी झंडा व दर्जनों झांकी व पारंपरिक हथियार के साथ हजारों राम भक्त का जनसैलाब पहुंचकर मेले में अपना- अपना सनातन धर्म आधारित प्रदर्शन किया।

साथ ही साथ कई लोगों ने लाठी समेत पारंपरिक हथियारों का बेहतर कला प्रदर्शन गया। रामनवमी पूजा समिति हरली द्वारा मेले की निगरानी मंच के माध्यम से किया गया जिसकी अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष रामसुंदर दांगी व संचालन संयोजक उमेश दांगी द्वारा किया गया।

वही त्यौहार को शांतिपूर्वक, हर्ष उल्लास के साथ मनाने को लेकर बड़कागांव प्रशासन व पुलिस मुस्तैत रही। प्रखंड के संवेदन एवं अति संवेदन शील दर्जनों स्थानों पर जिला प्रशासन के निर्देशन में एनटीपीसी द्वारा प्रखंड के 15 स्थानों पर सीसी कैमरा लगाकर निगरानी की जा रही है। सीसी कैमरा हरली मेला स्थल, बादम मस्जिद चौक ,अखाड़ा चौक, मंदिर स्थल ,चोबदारबलिया, महुगाई कला ,महुदी, बड़कागांव मस्जिद चौक, काली मंदिर चौक, पंडित मोहल्ला, बड़कागांव मुख्य चौक, बसंती दुर्गा पूजा स्थल आदि शामिल है। एसडीपीओ अमित कुमार सिंह एवं बीडीओ सह दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के देखरेख में रैपिड एक्शन फोर्स एवं भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैदी के साथ जगह जगह पर तैनात एवं गस्ती जारी है।

# बिहार में धूमधाम के साथ मना रामनवमी

## महावीर मंदिर पटना में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- पटना के चारों तरफ बजरंगी पताका भरे पड़े
- रात दो बजे आरती के बाद कपाट खोले गये
- तीन शुभकारी योग बन रहे हैं इस वर्ष में

राष्ट्रीय खबर

**पटनाः** बिहार में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। हर साल रामनवमी का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था इसलिए इस दिन को रामजन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। राम जी के जन्म पर्व के कारण ही इस तिथि को रामनवमी कहा जाता है। भगवान राम को विष्णु का अवतार माना जाता है। राम नवमी के अवसर पर विशेष रूप से भगवान राम की पूजा अर्चना और कई तरह के आयोजन कर उनके जन्म के पर्व को मनाते हैं। रामनवमी के दिन विशेष तौर पर श्रीराम के साथ माता जानकी और लक्ष्मण जी की भी पूजा होती



है। बिहार की राजधानी पटना में रामनवमी की धूम मची हुई है। रामनवमी को लेकर पूरा पटना शहर राममय नजर आ रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर हर तरफ जय श्रीराम का उदघोष सुनाई दे रहा है। श्रीराम के जन्मोत्सव के मौके पर पटना स्थित महावीर मंदिर सज-धज कर तैयार हो गया है। महावीर मंदिर में भक्तों की लंबी कतार देखी जा रही है। जय श्रीराम की गूंज के बीच देर रात से लोग मंदिर में लंबी कतारों में लगना शुरू हो गए थे। सुबह के 2 बजे आरती होने के बाद भक्तों के लिए महावीर मंदिर का कपाट खोल दिया गया। इसके बाद से लगातार भक्त कतारों के जरिए दर्शन कर रहे हैं। राम जन्मोत्सव के मौके पर महावीर मंदिर में लगभग चार लाख भक्तों की आने की संभावना है। जय श्रीराम के जयघोष, बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि बुधवार की मध्यरात्रि सवा दो बजे से मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खुल गया। भक्तों के लिए लगभग 20 हजार किलो नैवेद्यम तिरुपति के कारीगरों से बनवाया गया है।

ज्योतिष शास्त्र के विद्वान आचार्य राकेश झा ने बताया चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का प्राकट्य उत्सव मनाय जा रहा है। भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में हुआ था।चैत्र नवरात्र में नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ था। इसीलिए रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। वही आश्विन मास में होने वाले शारदीय नवरात्र के दशमी तिथि को प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर विजय हासिल की थी। इसीलिए उस दिन विजयादशमी का त्योहार मनाया जाता है। श्री झा ने बताया कि आज गंगा स्नान या पवित्र तीर्थों में स्नान करने से कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होने बताया कि राम नवमी को प्रभु राम के साथ हनुमान की पूजा अति फलदायी होती है. गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना राम नवमी को ही की थी ।उन्होंने बताया कि राम नवमी पर अति पुण्यकारी तीन शुभ योग का महासंयोग बन रहा है। आज पुनर्वसु नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग, गुरु-पुष्य योग एवं सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग विद्यमान रहेगा। इन शुभ योगों के होने से इसकी महत्ता और बढ़ गयी है।इस संयोग में प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान की पूजा व आराधना से यश, बल, बुद्धि, ऐश्वर्य, उन्नति, आपसी प्रेम, भैतिक सुख का विकाश होता है। आचार्य राकेश झा ने बताया कि दक्षिण संप्रदाय के लोग इस पर्व को कल्याणोत्स्व यानी प्रभु श्रीराम की शादी समारोह के रूप में मनाते है । उनकी मान्यता है कि इससे पति-पत्नी के बीच प्रेम प्रगाढ़ होते है। राम नवमी को राम रक्षास्त्रोत्र, रामचरितमानस, राम स्तुति, रामाष्टक, राम कवच, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमानाष्टक, सुंदरकांड आदि का पाठ करने से शत्रु शमन, उच्च पद की प्राप्ति, मानसिक शांति, नेतृत्व क्षमता, मनोबल में वृद्धि, संबंधों में मधुरता व प्रगति के अवसरों की प्राप्ति होती है।

# रामनवमी पर निकली हरिहरगंज और पीपरा में भव्य शोभायात्रा ,हजारों लोग हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को हरिहरगंज में सैंकड़ों राम भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। लोगों के हुजूम ने 'जयश्री राम के नारों' से पूरे शहर को गूंजायमान कर दिया। इस दौरान हरिहरगंज मुख्य सड़क के साथ ही बाजार क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान रही। महावीरी झंडे के साथ इस शोभायात्रा की शुरूआत थाना के समीप महावीर मंदिर से की गई । शोभायात्रा के दौरान प्रशासन के द्वारा चाक -चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे । शोभायात्रा में शामिल लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर बीडीओ जयप्रकाश नारायण सीओ बासुदेव राय थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास , पथरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार काफी सक्रिय दिखे ।इस दौरान बजार क्षेत्र के कई जगहों पर स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगो को चना गुड़ के साथ ही जलपान कराया गया। शोभायात्रा में कई घोड़े की मनोहारी शोभायात्रा में नन्हें-मुन्हे बच्चें राम, लक्ष्मण सीता हनुमान आदि झाकियों में सुंदर लग रहे थे।वहीं पीपरा प्रखंड के पीपरा बाजार से निकली रामनवमी की जुलूस प्रखंड



क्षेत्र के कई गांवों में भ्रमण किया । इस दौरान श्रद्धालु भक्त काफी उत्साहित दिखे। पीपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह बीडीओ अनीता केरकेट्टा दल बल के साथ जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर सक्रिय दिखे। शोभायात्रा में एनसीपी के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, समिति के संरक्षक भोला गुप्ता, अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, संदीप पासवान, अजय कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, कान्हा सिंह, मनीष कुमार सिंह,भाजपा नेता सत्येंद्र मेहता, राजीव रंजन,ओम प्रकाश अकेला,समिति के सचिव चंदन जायसवाल,मंडल अध्यक्ष बलू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, अशोक सिंह, सूर्यांशु सिंह, दिनेश गुप्ता, मुन्ना विश्वकर्मा, जेपी गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, अरविंद पासवान, मुखिया उमेश साव, कमलेश यादव, सत्येंद्र पासवान, गंगा जायसवाल,, जानू चौधरी, पवन कुमार, निरंजन गुप्ता, दारा सिंह, विजय यादव ,अजय मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, मृत्युंजय सिंह, सुरेश सिंह, अखिलेश मेहता, मो असलम, आबिद उर्फ मुन्ना, कामदेव शर्मा, विजय सिंह, जितेंद्र मेहता, उदय सिंह, मिट्ठू सिंह, युगेश सिंह,संजीव कुमार, अजय स्वर्णकार, डॉ मनोज कुमार, डॉ राजेश कुमार,लक्ष्मण प्रसाद, प्रेम गौरव, जितेंद्र विश्वकर्मा, सुनील साव, पुरुषोत्तम जायसवाल उर्फ पिंटू, पप्पू गुप्ता, रिंकू शौंडीक, रामजी प्रसाद, सुनील स्वर्णकार, अरुण स्वर्णकार, संजय गुप्ता, गुंजन सिंह, मनोज मेहता, कृष्ण नंदन कुमार, अरुणजय ठाकुर, अभय सिंह, छोटेलाल गुप्ता, राकेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

# शूटर लाल बच्चन सहनी को एसटीएफ टीम ने गोपालगंज से किया गिरफ्तार

### चर्चित नेता रामाश्रय सिंह की हत्या के बाद लाल बच्चन सहनी आ गया था सुर्खियों में

ब्यूरो प्रभारी

**पटनाः** बिहार में इन दिनों एसटीएफ की स्पेशल लगातार पुलिस अभिरक्षा में फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने में एसटीएफ की टीम इन दिनों बेहतर काम कर रही है और फरार इनामी अपराधियों को बिहार राज्य से बाहर जाकर भी गिरफ्तार करने में इन दिनों सफलता पाई है अपराधी लाल बच्चन साहनी जब सुर्खियों में आया जब सन 2019 में बिहार के चर्चित नेताजे. डी. यू.नेता रामाश्रय सिंह की हत्या कर उसकी लाइसेंसी पिस्टल भी लूट लिया था गिरफ्तार अपराधी लाल बच्चन सहनी पिता नागेश्वर साहनी साकिन भवानी पर कुल आधे दर्जन से भी अधिक मामले पहले से दर्ज है एसटीएफ की टीम ने लाल बच्चन सहनी को यूपी बॉर्डर से मोर थाना गोपालगंज से गिरफ्तार किया है उक्त अपराधी के विरुद्ध गोपालगंज जिला में हत्या रंगदारी लूट के करीब आठ कांड दर्ज है गिरफ्तार अपराधी के पास से 9 एमएम की पिस्टल दो जिंदा कारतूस है खोखा बरामद किया गया है। गोपालगंज थाना कांड संख्या 129/23दिनांक 28/03/23 धारा 353/307/34 आई पी सी &25(1-बी)/अ अ/26/35/27आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।



बिहार में इन दिनों बिहार सहित बिहार के बाहर एसटीएफ की टीम बेहतर कार्य कर रही है।

### गुरुवार को एसटीएफ की टीम दूसरी बड़ी सफलता देसी कारवाईन और देसी पिस्टल और 9 जिंदा कारतूस बरामद

एसटीएफ की टीम को गुप्त सूचना के आधार पर मुजफ्फरपुर जिला पुलिस के सहयोग से सदर थाना क्षेत्र के तू तू सुसता पंचायत के अंतर्गत कच्ची पक्की समुदायिक भवन में छापामारी कर अवैध हथियार बरामद किया है। इस मामले में मुजफ्फरपुर थाना कांड संख्या 297/ 23 दर्ज किया गया है। इस कांड में संलिप्त अज्ञात अपराध कर्मी के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की जा रही है।

# तीन मासूम बच्चों के साथ महिला का हुआ दाह संस्कार

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव निवासी रवि सिंह की पत्नी सहित उसके तीन बच्चों का दाह संस्कार गुरुवार को स्थानीय बटाने नदी घाट पर किया गया । एक ओर जहां रामनवमी के अवसर पर पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर्ष और उल्लास है । वहीं दूसरी ओर उक्त घटना से खड़गपुर गांव में पूरी तरह मातम छाया हुआ है । मालूम हो कि बीते बुधवार को रवि सिंह की पत्नी मनीता देवी (28) के साथ ही उसकी दो पुत्री संतोषी कुमारी (7) मुस्कान कुमारी (5) और उसके दूधमुंहे पुत्र सूरज कुमार (9) माह का शव डालटनगंज और कजरी स्टेशन के बीच बीसफुटा के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ था । बताया जाता है कि पारिवारिक कलह से आहत महिला ने अपने तीन मासूम बच्चों के साथ खौफनाक कदम उठाकर मौत को गले लगा लिया । हर कोई इस घटना से मर्माहत है । इस संबंध में महिला की 65 वर्षीय सास देवंती कुंवर ने बताया कि बाहर से मजदूरी कर लौटने के बाद उसका पुत्र रवि सिंह होली के दो दिन पूर्व अपनी पत्नी को उसके मायके सतबरवा के एकता गांव से खड़गपुर लाया था । उसने बताया कि वह अपना इलाज कराने हरिहरगंज गई थी । शाम में घर लौटने पर जानकारी के बाद वह इस घटना से स्तब्ध है।

# भगवान राम के साथ हनुमान जी की हुई विशेष पूजा

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** रामनवमी पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है। रामनवमी भगवान राम के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। इसलिए इस दिन प्रत्येक वर्ष भगवान राम का जन्मदिन मनाया जाता है ।ऐसा माना जाता रहा है कि भगवान राम का जन्म मध्यान्ह काल के दौरान हुआ था। इसलिए रामनवमी मध्यान्ह काल में मनाने का शुभ माना जाता रहा है। इस वर्ष रामनवमी पर अति पुण्यकारी तीन शुभ महायोग बन रहा है। गुरुवार को पुनर्वसु नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग, गुरु पुष्य योग, स्वार्थ



अमृत सिद्धि योग विद्यमान रहेगा। माना जाता है की इस संजोग में प्रभु श्री राम , माता सीता, हनुमान जी पूजा आराधना से यश ,बल ,बुद्धि, ऐश्वर्य, उन्नति ,आपसी प्रेम ,भौतिक सुख आदि का विकास होता है। इसलिए नवमी तिथि को भक्तजन भगवान राम का जन्म उत्सव मनाते हैं एवं इस दिन मंदिरों में भगवान राम के संकीर्तन का आयोजन किया जाता है ।राम धुन होती है ।कई स्थानों पर बजरंगबली की अखाड़े भी निकाले जाते हैं।

### प्रभु राम के साथ हनुमान जी की पूजाः

रामनवमी में पुरुषोत्तम भगवान राम के साथ हनुमान जी की पूजा अति फलदाई होती है । हनुमान जी को बजरंगबली पवन पवन पुत्र के भी नाम से जाना जाता है। हनुमान जी श्री राम के अत्यंत प्रिय थे इसलिए इस दिन श्रीराम के साथ-साथ पवन पुत्र की भी पूजा की जाती है ।मंदिरों में इस अवसर पर बजरंगबली ध्वजा लगाए जाते हैं ।कई लोग अपने अपने घरों में भी बजरंगबली ध्वजा पूरे विधि विधान के साथ लगाते हैं। यज्ञ हवन और पूजा की जाती है।

### कन्या पूजा का का भी है विधानः

चैत्र शुक्ल नवमी को माता दुर्गा की अपराजिता पुष्प इत्र अभ्रक सुगंधित धूप अर्पण करने से मनोवांछित कामना पूरी होती है। शनि और राहु ग्रह के प्रकोप से भी शांति मिलती है चैत्र नवरात्र करने वाले श्रद्धालु इस दिन कन्या पूजन और हवन पुष्पांजलि भी करते हैं।

# स्वच्छ उत्सव मशाल रैली एवं स्वच्छता शपथ का पाठ

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** राज्य शहरी विकास अभिकरण, नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश के आलोक में एवं कार्यपालक पदाधिकारी महोदय के आदेशानुसार नगर परिषद् पाकुड़ माननीय अध्यक्ष महोदया और कार्यपालक पदाधिकारी की नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के द्वारा स्वच्छ उत्सव -2023 से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ उत्सव मशाल रैली एवं स्वच्छता शपथ का पाठ किया गया. मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिला सदस्यों को स्वच्छता में उनकी भागीदारी एवं नेतृत्व को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस उत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका की सराहना की। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव एवं अध्यक्ष महोदया संपा साहा ,नगर प्रबंधक रोहित गुप्ता, मृत्युंजय पांडे ,नगर मिशन प्रबंधक, मनीष मिश्रा , माननीय वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद, अंजना रावत, रूपाली सरकार कार्यालय कर्मी विश्वजीत दीक्षित ,संजय राय, मनीष कुमार ,राकेश कुमार, शुभम परासर, कंचन यादव आकांक्षा वेस्ट मैनेजमेंट के मधुसूदन कुमार व अन्य कर्मी मौजूद थे।

# भगवा क्रांति के द्वारा निकाला गया शहर में भव्य शोभायात्रा , पूरा शहर हुआ केसरियामय

- चौदह फीट के विराट श्रीराम की प्रतिमा, बाहुबली हनुमान, छऊ नृत्य और झारखंड के बैंड ने लोगों को किया आकर्षित
- भागलपुर के दोनों शोभायात्रा के हर रूट में देखी गई बेहतर सुरक्षा व्यवस्था

दीपक नौरंगी

**भागलपुरः** रामनवमी को लेकर भगवा क्रांति की और से घंटाघर चौक से पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं दूसरी ओर गुरुवार को दोपहर हिंदुत्व सेवा संघ के द्वारा एक अलग शोभायात्रा निकाली गई दोनों शोभायात्रा में पुलिस के आला अधिकारी तैनात देखे गए भगवा क्रांति के द्वारा शांत तरीके से शोभायात्रा शहरी क्षेत्र में निकली कई तरह के महत्वपूर्ण दृश्य भगवा क्रांति के इस शोभायात्रा में देखे गए हर जगह राम जय श्री राम का नारा गूंजता रहा भागलपुर जय श्रीराम के नारे के भक्ति में देखा गया पहली बार भागलपुर जिले में भगवा क्रांति



ने शहर के लोगों को चौंका दिया है कई ऐसी झांकी और कलाकार तो भागलपुर की धरती पर बुलाकर आम जनता झांकी को देखकर काफी पसंद देखी जा रही थी पूरे भागलपुर शहर में भगवा क्रांति के द्वारा निकली शोभायात्रा और अन्य झांकियों को लेकर आम जनता ने काफी प्रशंसा की भागलपुर शहर में भगवा क्रांति के कर्ताधर्ता कुणाल सिंह की प्रशंसा चारों तरफ देखी गई भगवा क्रांति के कई दो दर्जन से भी अधिक सदस्य 2 महीने से शोभा यात्रा की तैयारी में लगे हुए थे भागलपुर शहर केसरियामय और राममय हो गया, भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों रामभक्त शामिल थे, सबो के कंधों पर केसरिया दुपट्टा देखते ही बन रहा था, पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान था वही भगवा क्रांति द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा देखते ही बन रहा था, इस झांकी का मुख्य आकर्षण विराट चौदह फीट की श्रीराम की भव्य प्रतिमा, बाहुबली वीर हनुमान, रथ पर सवार राम सीता लक्ष्मण की झांकी देखते ही बन रही थी, वहीँ कई कलाकार भारत माता कृष्ण काली महादेव राक्षस का किरदार करते दिख रहे थे साथ ही विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति भी दी साथ ही झारखंड से आई छऊ नृत्य के कलाकारों का जत्था, नासिक का ढोल,झारखंड से आए संथाली बैंड और भागलपुरी बैंड पर लोग जमकर थिरकते नजर आए शोभा यात्रा को लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे सीआईटी की टीम बज्रा दल विभिन्न थानों के महिला पुरुष पुलिस लगे हुए थे, इसकी मॉनिटरिंग खुद सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी की भूमिका सराहनीय देखी गई दोनों शोभायात्रा में सीटी डीएसपी नगर सुबह से देर रात तक शोभायात्रा के साथ देखे गए और सार्जेंट मेजर कृष्ण कुमार शर्मा अर्धसैनिक बल के साथ दोनों शोभायात्रा में मजबूती से डटे दिखे एक शोभायात्रा भगवा क्रांति के द्वारा बुधवार को शहरी क्षेत्र में भ्रमण की दूसरी शोभायात्रा गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे से पूरे शहर में भ्रमण की शोभायात्रा हर जाने और रूट वाले रास्ते में भारी बल पुलिस बल की तैनाती भी थी कर रहे थे, वहीं शहर के कई रूटों में फेरबदल भी किया गया था जिससे शोभा यात्रा के दौरान लोगों को आने जाने में किसी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।यह झांकी घंटाघर चौक से निकलकर खलीफाबाग चौक कोतवाली चौक स्टेशन चौक होते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया भव्य शोभायात्रा के दौरान भगवा क्रांति के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार उर्फ बिशु मंडल, समाजसेवी कुणाल सिंह, संरक्षक निरंजन शाह, शुभम साह किशन साह विशाल कुमार अमित मिश्रा गोपी आनंद मोहित विकास विष्णु यादव राज आनंद के अलावे सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### जागरुकता रथ को आयुक्त ने किया रवाना

**पाकुड:** मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को उप विकास आयुक्त मो. शाहिद अख्तर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीडीसी ने बताया कि यह जागरुकता रथ जिले के सभी 06 प्रखंडों सहित सभी पंचायतों में जाकर आमलोगों को उनके वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने के लिए जागरूक करेगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### मैट्रिक और इंटर के शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**पाकुड़ :** जिले भर में मैट्रिक एवं इंटर के शांतिपूर्ण परीक्षा होने के समाचार हैं। प्राप्त सूचना के अनुसार जिले भर में मैट्रिक के 23 केंद्रों पर बुधवार को इंग्लिश विषय की परीक्षा आयोजित की गई । इन कुल 23 केंद्रों में 6789 परीक्षार्थियों में 6614 विद्यार्थियों ने भाग लिया जबकि 175 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।जिले भर के 10 परीक्षा केंद्रों में इंटरमीडिएट के साइंस आर्ट्स एवं कॉमर्स की परीक्षा का आयोजन किया गया। इन 10 केंद्रों में 1225 छात्रों के स्थान पर एक 1197 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 28 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

### दीक्षा संस्कार हुआ संपन्न

**महेशपुर (पाकुड़):** मुख्यालय स्थित बूढ़ा बाबा शिव मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ,दीक्षा संस्कार के साथ बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अवसर पर बरहेट के पूर्व भाजपा विधायक ताला मरांडी, साहिबगंज भाजपा जिला मंत्री जामु मरांडी उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर टोली नायक रणवीर चौधरी ने कहा कि भक्ति में शक्ति है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**पाकुड :** विभागीय निदेर्शानुसार स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिकोण से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन उपायुक्त वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक एच.पी. जनार्दनन व सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपना सुगर जांच एवं अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित ने अपना बीपी का जांच कराएं। मेले में सैकड़ों लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा व दवा का लाभ उठाया।वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा, आंख, कान, नाक, दांत जांच, त्वचा जांच, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा आदि चिकित्सीय सेवा दी गई।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, पाकुड़ एमओआईसी डॉ के.के.सिंह, पाकुड़ बीडीओ मो० शफीक आलम एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**रामनवमी** महापर्व रामनवमी पर जय श्री राम के जयकारे से गूंजा कोडरमा

# सड़कों पर उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

▶▶ डंके की आवाज और महावीरी ध्वज लिए रामभक्तों ने दिखाया पराक्रम



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** अद्भुत खेल पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ विहंगम दृश्य गुरुवार को कोडरमा जिले की सड़को पर दिखा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था। डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था। तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे। हर और महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे। रामभक्तो का यह जोश और उत्साह सालों बाद सड़कों पर फिर देखने को मिला। पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियो का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। अहले सुबह से ही हे बजरंगबली, दुखियों का दुखड़ा दूर करो, संकट मोचन कहलाओ तुम, है मयार्दा पुरुषोत्तम बोलो तुमने मयार्दा क्यों तोड़ दी, श्रीराम जानकी बैठे.. जैसे भजन और डंके की आवाज ने राम भक्तो की नींद तोड़ा। दिन में लाठियो के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ खिलाड़ी अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाने सड़क पर निकले। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोडरमा में एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर पेट्रोलिंग करते दिखे। थाना प्रभारी द्वारिका राम भारी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात थे।

अलग अलग इलाके से करीब 30 से अधिक अखाड़ा समितियों के नेतृत्व में खिलाड़ियों की भीड़ लाठी और अस्त्र शस्त्र लिए कई चौक चौराहे में जुटे।

### झुमरीतिलैया में देर रात तक होता रहा प्रदर्शन

झुमरीतिलैया शहर और ग्रामीण इलाकों से दर्जनों की संख्या में अखाड़ा समितियों के खिलाड़ी झंडा चौक पहुंचे और अपने शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन शुरू किया। रामभक्तो के जोश से पूरा चौक समेत शहर के कई इलाकों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारो तरफ राम भजनों की धुन के साथ डंके की आवाज के बीच खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे, और जय श्री राम के साथ माता सीता और संकट मोचन हनुमान का जयकारा लगा रहे थे। इस दौरान पांव रखने तक की जगह लोगो को नही मिली।

## लगातार तीसरे दिन भी लिट्टीपाड़ा प्रखंड में सांसद का दौरा जारी

राष्ट्रीय खबर



**पाकुडः** राजमहल संसदीय क्षेत्र के सांसद सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय हांसदा लगातार तीसरे दिन झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव ,जिला सचिव सुलेमान बास्की , प्रखंड अध्यक्ष चरण मुर्मू ,आदि के साथ लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जामजोड़ी, जामकुंदर, डुमरहिल, बैजनाथपुर, मोहोलबोना, करिपाहारी, सूरजबेरा, लखनपुर,गांव का भ्रमण कर किया। ग्रामीणों ने बुनियादी समस्या सड़क बिजली पानी की समस्या से अवगत कराया। संसद ने समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के द्वारा त्वरित कार्रवाई करने की निर्देश दिया । श्री हांसदा ने हेमंत सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की ।विजय हांसदा ने कहा कि सरकार राज्य वासियों के चेहरे पर खुशहाली लाने की दिशा में काम कर रही है ।सड़कों का जाल बिछाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है ।लोग जानकारी के अभाव में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं ।

उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए काम करना है उक्त भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित दीपू मुर्मू, रामकृपाल तुरी, मुखिया रस्का मुर्मू मुखिया जामजोरी, रतन मुर्मू ,सूरजबेरा - पकू मुर्मू, शिलभाणूस मुर्मू, रंजन साहा अल्ताभ हुसैन, शहनवाज, सांसद प्रतिनिधि निपेन मंडल, उमर फारूक ,प्रकाश सिंह ,जवाहर कुमार सिंह ,तरुण मंडल , प्रखंड उपाध्यक्ष बाबूजी हेंब्रम ,केंद्रीय समिति सदस्य दीपू मुर्मू ,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रसाद हंसदा, बल्लू सुरेश,कृपाल तुरी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से सदर अस्पताल से मौजूदा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएस को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसका ख्याल रखें। साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर व सुदृढ़ करने को लेकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी लगन के साथ कार्य करने की बात कही। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल में ईलाज करवाने आये मरीजों से बात चीत की और चिकित्सकों द्वारा किये इलाज की भी जानकारी ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज, डीपीएम महेश व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में ऑपरेशन कर निकाला गया ट्यूमर



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** बुधवार को सदर अस्पताल में पहले जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की वजह से गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया जाता था। वहीं उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन की पहल से सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई परिवर्तन किए गए हैं।

बुधवार को सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर सौरभ कुमार की देखरेख में एक 53 वर्षीय मरीज ताहिर अंसारी कोडरमा के बगरीडीह निवासी का सफल रुप से ट्यूमर का ऑपरेशन सदर अस्पताल में किया गया है। डॉक्टर ने बताया कि पहले मरीजों को जटिल ऑपरेशन के लिए बाहर रेफर किया जाता था लेकिन सदर अस्पताल में कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद अब लोगों का काफी कम खर्च में सदर अस्पताल में ही बेहतर इलाज की सुविधा मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि मरीज के शरीर से करीब 500 ग्राम के ट्यूमर निकाला गया है फिलहाल मरीज की स्थिति ठीक है और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

## बाल विवाह की रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा :** स्थानीय नगर भवन ,गोड्डा में जिला समाज कल्याण विभाग और बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में बाल विवाह अधिनियम 2006 विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष गोड्डा श्रीमती बेबी देवी , उप विकास आयुक्त गोड्डासंजय सिन्हा , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा श्रीमती कलानाथ , प्रखंड विकास पदाधिकारी गोड्डा रोशन कुमार, सीडीपीओ गोड्डा सदर श्रीमती भारती सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बेबी देवी के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर विषय है। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बच्चों के माता-पिता को बाल विवाह से होने वाले उनके बच्चे के नुकसान के बारे में बताने व समझाने की आवश्यकता है। कैसे उनके बच्चे बाल विवाह के कारण अशिक्षित रह जा रहे हैं ,और किस प्रकार उनका शारीरिक विकास रुक जा रहा है। साथ ही वह सामाजिक कुरीतियां का शिकार भी हो रहे हैं। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का पूर्ण रूप से अनुपालन कराने पर बल दिया ताकि बाल विवाह होने से रोका जा सके। जल्द ही इस विषय पर एक कार्य योजना तैयार करने की भी बात कही गई।



कार्यशाला में उपविकास आयुक्त महोदय गोड्डा के द्वारा बताया गया बाल विवाह एक कुरीति ही नही बल्कि एक अपराध है, बाल विवाह संपन्न कराने में सहयोगियों पर अपराध पंजीबद्ध होता है,और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाती है। इस प्रकार के कुरीति को समाज से कैसे दूर किया जाए इसका मंथन एवं चिंतन सभी समाज को करना है। आज इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। आज यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि हमारे समाज में बाल विवाह नहीं होगा तभी इस कार्यशाला की सार्थकता होगी।

## न्यूज फटाफट

### मिलावट की पुष्टि होने पर होगी कार्रवाई

गोड्डा: अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा के निदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ. मोईन अख्तर के द्वारा गोड्डा शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनियां पाउडर, घी, पतंजलि दलिया, पतंजलि बेसन इत्यादि का नमूना लिया गया ,जिसे रसायनिक जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला, रांची भेजा जायेगा। उक्त खाद्य नमूनों में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित दुकानदार पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। अभिहित अधिकारी - सह - अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा श्रीमती जेसी विनीता केरकेट्टा के द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ के समान में किसी भी प्रकार के मिलावट करने वाले खाद्य कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी ,क्योकि मिलावटी खाद्य पदार्थ के खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। साथ ही साथ उनके द्वारा जानकारी दी गई कि गोड्डा अनुमंडल में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसमें खाने-पीने के समान जैसे- दूध, दही, मिठाई, सरसों तेल, दाल, हल्दी, पीने का पानी इत्यादि का सैम्पल विभिन्न दुकानों से लिया जा रहा है।

### आचार्य कार्यशाला का आयोजन

कुडू: सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर बड़की चांपी में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के द्वितीय दिवस में वंदना सत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी, सचिव भूषण प्रसाद , पूर्व छात्र-छात्रा राजश्री भगत, बबली सिंह, दुर्गावती, रवि शंकर राय, भरत वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा बंदना में उपस्थित होकर आचार्य कार्यशाला के प्रथम सत्र का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन के तत्पश्चात अतिथियों को सम्मान पूर्वक विद्यालय में उपस्थित होने के लिए आचार्य नरेश साहू ने भी कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। दिनांक 28 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके द्वितीय दिवस 29 मार्च 2023 को संयुक्त रूप से कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विद्यालय में कार्यशाला का महत्व पर प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने वृत्त कथन प्रस्तुत किए। सचिव भूषण प्रसाद कार्यशाला का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा विद्यालय की आगामी 1 वर्ष की कार्य योजना और 1 वर्ष जो बीता उसमें क्या कमी रह गया, उसका समाधान समीक्षा करने के लिए कार्यशाला उपयोगी है ।राजश्री भगत, दुर्गावती कुमारी, बबली सिंह ने भी विद्यालय में बिताए गए पल के अनुभवों का जिक्र किया। आगामी कार्य योजना का रूपरेखा विद्या भारती की योजना है। इस योजना को सफल बनाने के लिए पूरे झारखंड प्रांत में चलने वाले समस्त विद्या भारती के विद्यालय के द्वारा आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जो शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक रहेगा, इन सब बातों को राजश्री भगत ने कही।

### मायुमं के अध्यक्ष बने राज, सचिव अशीष

**झुमरी तिलैया:** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में हुई। बैठक में सत्र 23-24 के लए कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी के अध्यक्ष राज पचिसिया, सचिव आशीष जोशी चुने गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष व सचिव ने सबों के पति आभार जताया और कहा कि मायुमं समाज सेवा के क्षेत्र में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सहयोग से कार्य करेगी। इसमें मायुमं राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यक्रमों के आलवा स्थानीय स्तर पर 5 वाटर कूलर (अमृत धारा) को सदृढ़ करने, गर्मी में अ स्थाई प्याऊ केंद्र पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढाओ, कन्या भ्रूण संरक्षण, स्वास्थ्य, गौ आहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एक अप्रैल को कोडरमा गौशाला समिति में सुबह 7 बजे गौ आहार कार्यक्रम, 3 अप्रैल को महावीर जयंती पर निकलनेवाली शोभायात्रा का स्वागत तथा 5 और 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रोजेक्ट करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंच के संयोजक, अरविंद चौधरी, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केडिया, रितेश दुग्गड़, संदीप हिसारिया, आयुष पोद्दार, संजय ढोल्या, शिवेश पचिसिया, मनोज पिलानिया, राहुल जैन, चिंटू अग्रवाल, अजय शर्मा, विकास जैन मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

**सतगावां:** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में झारखण्ड सरकार के आदेशा अनुसार बुधवार को प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन बीडीओ बैधनाथ उरांव, प्रखंड प्रमुख ललीता देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, अनिल यादव आदि ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया बीडीओ बैधनाथ उरांव, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह व अन्य अतिथियों ने प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि हम स्वस्थ रहेंगे तो बीमारी भी कोसों दूर भागेगी। स्वास्थ्य मेला में 1463 व्यक्ति का इलाज किया गया। मौके पर डॉक्टर केडी चौधरी, डॉ आशीष कुमार, डॉ शीरीन बानो, डॉ विश्वनाथ विपुल, डॉ ओमेर आलम, डॉ टिकेश्वर नाथ, डॉक्टर पीयूष कुमार, बी टी एम मनोज राम, चिकित्सक सहायक श्यामकांत, प्रयोगशाला वैधिक श्रीकांत निराला एवं पंकज शाण्डिल, एम पी डब्लू रंजन कुमार, सोनू कुमार, विनय कुमार, दिनेश सिंह, विपुल कुमार, विक्रम कुमार, संजुला कुमारी, बेबी कुमारी, तनुजा कुमारी, रिंकू सिन्हा एवं कई स्वास्थ्य कर्मी लगे हुए थे।

### सिंचाई योजना कार्य का शिलान्यास

**महेशपुर (पाकुड़):** विधायक स्टीफन मरांडी ने बुधवार को प्रखंड के हुलियापाथर गांव तथा दुमकाडंगाल गांव में बंद पड़े खदान के जलजमाव को लेकर डीएमएफटी मद से बनने वाले सिंचाई योजना कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। हुलियापाथर गांव में बंद पड़े खदान में सिंचाई योजना कार्य प्राक्कलित राशि 24 लाख 89 हजार 600 रुपया से निर्माण किया जाएगा। वही दुमकाडंगाल गांव में बंद पड़े खदान के जलजमाव से सिंचाई योजना कार्य का प्राक्कलित राशि 24 लाख 89 हजार 100 रुपया से निर्माण निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल समस्या को ध्यान में रखते हुए बंद पड़े खदानों में जलजमाव को कृषि कार्य में सिंचाई के लिए उपयोग में लाने के लिए सोलर वेस्ट माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन स्कीम के तहत इन दोनों योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है।

## सतगावां में रामनवमी के पर निकाली गयी भव्य शोभा

राष्ट्रीय खबर



**सतगावांः** प्रखण्ड के बासोडीह बाजार में गुरुवार को रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष बबलू सिंह, शिवराज सिंह, बजरंग दल के बबलू कुमार वर्णवाल के प्रयास से बाद भव्य जुलूस यात्रा निकाला गया जिसमें प्रखण्ड के हरेक पंचायत के नौजवान, सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं हटिया मैदान में कमिटी के तरफ से सभी गणमान्य लोगों को पगड़ी पहनाकर समान्नित किया गया। सैकड़ो लोगो के बीच भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। जय श्री राम के नारों से पूरा प्रखण्ड गुंजायमान हो गया। सभी भक्त घर मे रामनवमी मनाकर हटिया मैदान में 12 बजे से जमा होना शुरू हुआ। यहां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में थाना के जवान और जैप के जवान मुस्तैद थे, और पूरे भीड़ को ड्रोन कैमरे से नजर बनाए रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, बीडीओ बैधनाथ उरांव, बीईईओ मोहम्मद शेख शकील अहमद, इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजयशंकर, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, उपप्रमुख मनोज निराला, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, बालमुकुंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि धनन्जय यादव, जयशंकर प्रसाद, रंजीत सिंह, मनोज भगत, भोला सेठ, विकास कुमार, विकास राणा, रामविलास यादव, रंजन कुमार, सुजीत कुमार, विजय सिंह, राजेश यादव, विक्रम यादव, मुन्ना यादव, अखलेश यादव, मोहन यादव, राजेश कुमार, मोहन लाल मौजूद थे।

## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा व्यावसायिक संबंध बेहतर बनाने को लेकर एक बैठक आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** भारतीय स्टेट बैंक महेशपुर में बुधवार को क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यावसायिक संबंध बेहतर बनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से महेशपुर के व्यापारी संघ,पेंशनर समाज के लोग एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में बैंक के तरफ से हो रहे कठिनाई को लेकर आवश्यक चर्चा किया गया। व्यापारी संगठन के स्वर्णलता इंडियन गैस के प्रोपराइटर हेमंत दत्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक से व्यापारी संगठनों का




रुपये लेन देन के अलग से काउंटर खोलने की मांग की गई। हेमंत दत्ता ने कहा कि व्यापारी संगठन के लोगों को बैंक में आने पर कई घंटों तक खड़े रहना पड़ता है। एक ही काउंटर में सभी लोगों का लेनदेन किया जाता है। अलग से व्यापारी संगठनों के लिए काउंटर खोलने पर सभी लोग राहत की सांस लेंगे साथ ही बैंक में अनावश्यक भीड़ भी नहीं रहेगी। व्यापारी संगठन के राजेश सिंह के द्वारा कहा गया कि बैंक में पासबुक प्रिंट मशीन ठीक नहीं है, एटीएम मशीन बराबर खराब रहती है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक से समस्याओं का समाधान करने का मांग किया।

## न्यूज फटाफट

### डब्ल्यूटीसी फाइनल की उम्मीदों के साथ एनसीए पहुंचे अय्यर



**बेंगलुरु** : भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अपनी कमर में बार-बार उठने वाले दर्द के संबंध में यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गये हैं। क्रिकबज की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अय्यर सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, इसलिये उन्होंने सर्जरी से गुज़रने के बजाय एनसीए में सामयिक उपचार करवाने का फैसला लिया है। अय्यर गुरुवार को एक इंजेक्शन लेंगे जिसके बाद एनसीए का स्टाफ अकादमी में उनके रहने की अवधि पर निर्णय लेगा। गौरतलब है कि भारत को इंग्लैंड के ओवल मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। अगर अय्यर सर्जरी करवाते हैं तो वह कम से कम छह महीने के लिये क्रिकेट से दूर हो जायेंगे। क्रिकबज़ ने अय्यर के एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा, ह्लउन्होंने एनसीए अधिकारियों और विशेषज्ञ डॉक्टर से मुलाकात कर चुके हैं। ऑपरेशन स्थगित करने को लेकर सभी एकमत हैं। वह विशेषज्ञ की राय पर अमल करेंगे। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अय्यर इस समस्या के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती चरण में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे, हालांकि केकेआर के कोच चंद्रकांत पंडित को उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट में कुछ न कुछ भूमिका जरूर निभाएंगे। चंद्रकांत ने मंगलवार को हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा था, श्रेयस की गैरमौजूदगी बहुत प्रभाव डालेगी क्योंकि वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि श्रेयस जल्द ही वापस आयेगा और इससे टीम में काफी फर्क पड़ेगा।

# पाकिस्तान टीम नहीं आयेगी भारत

एजेंसियां

**नई दिल्ली:** साल 2023 के अंत में वनडे विश्व कप भारत की मेजबानी में खेला जाना है। इसी बीच इस मेगा टूनार्मेंट से पहले एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल पाकिस्तान की टीम ओडीआई वर्ल्ड कप के मैच खेलने भारत नहीं आएगी। चर्चा चल रही है कि पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश में 2023 विश्व कप के मैच खेल सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत टूनार्मेंट का मेजबान है, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंधों को देखते हुए, इस पर आईसीसी स्तर पर चर्चा की गई है, जिसमें हाइब्रिड एशिया कप मॉडल को समाधान के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि पाकिस्तान एशिया कप की मेजबानी कर रहा है लेकिन भारत अपने मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगा। ऐसे में अब पाकिस्तान ने भी भारत पर पलटवार किया है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच चल रहे टकराव ने अब एक नया रूप ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये कहा जा रहा है कि पीसीबी के पूर्व सीईओ और आईसीसी के लिए क्रिकेट के जनरल मैनेजर वसीम खान ने दावा किया है कि पाकिस्तानी टीम अब आईसीसी




विश्व कप 2023 को तटस्थ स्थान (संभावित बांग्लादेश) पर खेलने का विकल्प चुनेगा, न कि भारत में। खान का ये बयान भारत द्वारा एशिया कप 2023 के मैच पाकिस्तान में न खेलकर तटस्थ स्थान पर खेलने के लिए सहमत होने के बाद आया है। खान ने कहा है कि मुझे नहीं पता कि ये किसी दूसरे देश में होगा या नहीं, लेकिन एक तटस्थ स्थान की ज्यादा संभावना है। मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान भारत में अपने मैच खेलेगा। मुझे लगता है कि उनके मैच भी भारत के एशिया कप मैचों की तरह तटस्थ स्थान पर होंगे। बता दें कि ये टकराव तब शुरू हुआ जब भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए टीम इंडिया एशिया कप में खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। अब पीसीबी ने भी ये दावा करते हुए पलटवार किया है कि पाकिस्तान भी अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप का बहिष्कार करेगा। इस साल एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में होने की संभावना है, लेकिन भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले तटस्थ स्थान पर खेलेगी। इस मुद्दे पर आये थोड़े गतिरोध के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बाबत तेजी से काम कर रहे हैं। और सूत्रों के अनुसार सामने आ रही खबरों के अनुसार दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले तटस्थ स्थान पर खेल सकती हैं। भारतीय टीम अपने मुकाबले इंग्लैंड, यूएई, ओमान या श्रीलंका में खेल सकती है। इसे पहले कुछ सूत्रों के अनुसार ये खबर आई थी कि कुछ दिन पहले दोनों देशों के बोर्ड के आला अधिकारियों के बीच बैठक हुई है और टूनार्मेंट को पाकिस्तान में आयोजित कराने पर सहमति दे दी गई है। साथ ही, ये भी साफ कर दिया गया है भारत अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। भारत अपने मुकाबले ओमान, यूएई, इंग्लैंड, श्रीलंका और बांग्लादेश में खेल सकता है। हालांकि, इस बारे में निर्णय बाद में लिया जाएगा। लेकिन इस खबर ने फिलहाल क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है।

## खेल जगत अपडेट्स

### सोरेना क्रिस्टिया ने एरिना सबालेंका को हराया

**नयी दिल्ली:** सोरेना क्रिस्टिया ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को मियामी ओपन में सीधे सेट में हराकर एक दशक में पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्रिस्टिया ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को 6-4, 6-4 से हराया। सबालेंका शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं जिन्हें क्रिस्टिया ने शिकस्त दी है। क्रिस्टिया ने इससे पहले इसी महीने इंडियन्स वेल्स में चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया को हराया था और फिर मियामी में भी दूसरे दौर में गार्सिया को शिकस्त दी। अपने करियर में दो एकल खिताब जीतने वाली रोमानिया की दुनिया की 74वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टिया अगले दौर में पेत्रा क्वितोवा और एकाटेरिना एलेक्सांद्रोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। क्वितोवा और एलेक्सांद्रोवा के बीच मुकाबला बुधवार रात होना था लेकिन बारिश के कारण इसे गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया गया। शीर्ष रैंकिंग के पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और 10वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज के बीच होने वाला मुकाबला भी स्थगित हो गया। पुरुष वर्ग में 11वें नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एमिल रूसुवोरी को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

### भारत को जापान के साथ जगह मिली

**नयी दिल्ली:** भारत को 15 जून से दो जुलाई तक थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए गुरुवार को ग्रुप डी में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ जगह मिली। ड्रॉ समारोह का आयोजन बैंकॉक में किया गया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीम पेरू में होने वाले 2023 फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्यकोच बिबियानो फर्नांडिस ने बयान में कहा, ह्यह्ण में हमें जिस ग्रुप में रखा गया है उसे लेकर हम सभी रोमांचित हैं।

# पीवी सिंधू किदांबी श्रीकांत मैड्रिड मास्टर्स में जीते

एजेंसियां

नई दिल्लीः स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट के अपने पहले दौर के मैच जीत लिये लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी चोट के कारण टूनार्मेंट से हट गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टेडेलमैन को 21-10 21-4 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने अपने राउंड ऑफ 32 मैच में थाईलैंड के सिथिकोम थमासिन को 21-11 25-27 23-21 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।




स्विस ओपन का ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी का सामना जापानी जोड़ी अयातो एंडो और युता ताकेई से था। सात्विक के घुटने में चोट लगने के बाद भारतीय जोड़ी टूनार्मेंट से हट गई। भारतीय जोड़ी पहले गेम में ब्रेक के समय 9-11 से पीछे थी। इस बीच आकर्षी कश्यप ने अपने पहले दौर के मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली को 12-21 21-15 21-18 से हराकर उलटफेर किया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को हालांकि जापान की रीना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो के खिलाफ पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य पुरुष एकल मैच में बी साई प्रणीत ने जॉन लौडा को हराया।

# आईपीएल पर छाया कोरोना का साया, बढ़ते मामलों के बीच बीसीसीआईका बयान,करेंगे नियमों का पालन

एजेंसियां

**मुंबईः** आईपीएल की शुरूआत 31 मार्च से होने जा रही है। एक तरह जहां फैंस आईपीएल को लेकर बेहद उत्साहित है, वहीं टीमें भी आपस में भिड़ने के लिए पूरी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी बीच देश भर में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है जिससे परेशानी खड़ी हो गई है। आईपीएल के 16वें सीजन के साथ ही कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। बीते कुछ सप्ताहों का आंकड़ा देखें तो कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे परेशानी बढ़नी है। कई राज्यों में 30 प्रतिशत कोविड के मामले सामने आए है। गौरतलब है की कोरोना वायरस का पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।




### बीसीआईसीआई ने लिया फैसला

बीसीआईसीआई के कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोरोना के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए है। बीसीआईसीआई स्टेडियम के अंदर भीड़ को संभालने के लिए पूरी तैयारी में है। इसे लेकर बीसीआईसीआई सरकार की गाइडलाइंस का पालन करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा जारी सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

बीसीआईसीआई ने एहतियात के तौर पर सभी टीमों के खिलाड़ियों, कोच, स्टाफ, स्टेडियम स्टाफ आदि को स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए है। वहीं बीसीआईसीआई ने अपनी कोविड पॉलिसी में किसी तरह के बदलाव नहीं किए है। बीसीआईसीआई के नियमों के तहत कोविड 19 से संक्रमित खिलाड़ी को अब भी 7दिन के क्वारेंटाइन का पालन करना होगा। नियमों के अनुसार क्वारेंटाइन तबतक रहना होगा जबतक खिलाड़ी के लगातार तीन टेस्ट नेगेटिव न आ जाए।

# प्रभास की फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : रामनवमी के पावन अवसर पर प्रभास, सैफ अली खान और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है 'आदिपुरुष' के पोस्टर में प्रभास, भगवान श्रीराम की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके बगल में कृति सेनन माता सीता के किरदार में दिख रही हैं। सनी सिंह लक्ष्मण के किरदार में हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान रावण के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, मंत्रों से बढ़के तेरा नाम 'जय श्री राम' फिल्म 'आदिपुरुष' को 2डी, 3डी,आईमैक्सजैसे फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'आदिपुरुष' दुनिया भर के करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर 16 जून को रिलीज होगी। फिल्म 'आदिपुरुष' को तेलुगू भाषा में बनाया गया है। यह फिल्म भारत में तमिल, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बांग्ला और उड़यि में रिलीज होगी। साथ ही अंग्रेजी, चीनी, भाषा (थाईलैंड की भाषा), कोरियाई, जापानी और बाकी भाषाओं में भी डब करने का प्लान है।

## राखी ने आदिल दुरार्नी से तलाक पर अपने विचार साझा किए

**मुंबई** : राखी सावंत ने हाल ही में आदिल दुरार्नी से तलाक लेने के बारे में अपने विचार साझा किए। अभिनेत्री ने पहले कहा था कि वह आदिल को कभी तलाक नहीं देंगी। अब लगभग इस घोषणा के एक महीने बाद राखी सावंत ने अपने विचार बदल दिए हैं। अभिनेत्री राखी सावंत ने अब अपने अलग हो चुके पति से अलग होने का फैसला किया है। इंटरनेट सनसनी ने खुलासा किया कि उसका तलाक जल्द ही तय हो जाएगा। लड़की का नाम लिए बिना राखी ने कहा कि आदिल जिससे भी शादी करना चाहे, उससे शादी कर सकता है। राखी, जो अपने निजी जीवन के बारे में काफी मुखर हैं और उसी के बारे में अपडेट साझा करती रही हैं, ने अपनी खुशी के पीछे के रहस्य के बारे में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि ह्लमेरी खुशी का राज? मेरा तलाक होने वाला है। हम अभी आजाद हो चुके हैं। जीवन में कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिन्हें छोड़कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इसके अलावा, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी साझा किया जिसमें उन्होंने अपनी शादी से मुक्ति मांगने की बात कही।

# फिल्म 'कौन अपना कौन पराया' का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : भोजपुरी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला की आने वाली फिल्म 'कौन अपना कौन पराया' का पहला लुक आज राम नवमी के शुभ अवसर पर रिलीज कर दिया गया है। पद्मावती पिकतर्स के बैनर तले बन रही फिल्म कौन अपना कौन पराया के निर्माता जगदीश के अंजानी और निर्देशक अरविंद चौबे हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक में चार अलग-अलग किरदार दर्शाये गए है। जिसमे अरविंद अकेला कल्लू एक बच्चे को अपने गोद मे सीने चिपकाए हुए नज़र आ रहे है, वही मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता इमोशन लुक में नज़र आ रही है।उसके अलावा भी दो दमदार अलग किरदार दिख रहे है। इस फिल्म के लेखक सलिल सुधाकर ,संगीतकार साजन मिश्रा ,गीतकार राजेश मिश्रा,आजाद सिंह,शेखर मधुर,अनूप तिवारी हैं। फिल्म कौन अपना कौन पराया के निर्देशक अरविंद चौबे ने कहा, यह ×फिल्म पूरी तरहरर से कर्मशियल फिल्म है जिसके कहनी भी दमदार और फ्रेश है,जिसमे एक्शन ,इमोशन और एंटरटेनमेंट का फूल डोज है। अरविन्द अकेला कल्लू ने कहा, कौन अपना कौन पराया पूरी तरह से सामाजिक फिल्म है, जिसकी शूटिंग बहुत भव्य तरीके से की गयी है।रामनवमी पर इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होना मेरे लिए शुभ संकेत है।

# सेल्स टैक्स नहीं चुकाना पड़ा अनुष्का शर्मा को महंगा

एजेंसियां

**मुंबईः** एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा एक शानदार एक्ट्रेस हैं उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। अभी अनुश्का शर्मा की मुसीबत बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। आपको बता दे कि एक्ट्रेस ने अपनी हर स्टेज परफॉर्मेंस और अवॉर्ड सेरेमनी में अपनी प्रेजेंस पर कॉपीराइट लिया है। यानि इनकी वीडियोज और कंटेट कोई भी कहीं भी यूज करता है तो उससे होने वाली कमाई सीधा अनुष्का शर्मा के पास जाएगी। ऐसे में अनुष्का शर्मा को इससे होने वाली कमाई पर सेल्स टैक्स भी चुकाना होता है।



बिक्री कर विभाग ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा है कि अभिनेत्री अनुष्का शर्मा पुरस्कार समारोह या मंच पर अपनी प्रस्तुतियों पर कॉपीराइट की पहली मालिक थीं, और इसलिए जब उन्हें इससे आय प्राप्त होती है तो बिक्री कर का भुगतान करना उनका उत्तरदायित्व है। विभाग ने कहा कि अनुष्का ने अपना कॉपीराइट एक शुल्क के लिए इस तरह के आयोजनों के निमार्ताओं को स्थानांतरित कर दिया जो एक बिक्री के समान है।

अनुष्का शर्मा द्वारा दायर चार याचिकाओं के जवाब में विभाग ने बुधवार को अपना हलफनामा दाखिल किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ने महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम के तहत 2012 से 2016 के बीच मूल्यांकन वर्षों के लिए कर की मांग वाले बिक्री कर उपायुक्त के चार आदेशों को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति अभय आहूजा की पीठ के समक्ष बुधवार को प्रस्तुत अपने जवाबी हलफनामों में कर प्राधिकरण ने अभिनेत्री की दलीलों को अनुचित बताया। पीठ ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई करेगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### झूलेलाल मंदिर में छत धंसने से 25 लोग बावड़ी में गिरे

**इंदौर :** मध्यप्रदेश के इंदौर में रामनवमी के मौके पर एक बड़ा हादसा हो गया। शहर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में बावड़ी के ऊपर की छत धंसने से 25 से अधिक लोग उसमें गिर गए। मौके पर मौजूद लोग बावड़ी में गिरे लोगों को बचाने प्रयास कर रहे हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कश्मीर में बालिका का शव मिला

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नौ साल की बालिका की गला रेता हुआ शव मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतका के परिजनों ने बताया कि बालिका बुधवार शाम करीब छह बजकर 40 मिनट पर घर से बाहर गयी हुई थी। काफी समय हो जाने के बाद जब वह वापस नहीं लौटी तब परिजनों ने गांव में खोजने की कोशिश की लेकिन रात में लालपोरा में जब खुरहामा इलाके में स्थित उसके घर के पास उसका शव मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### धनखड़ ने दी राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। धनखड़ ने गुरुवार को यहां जारी एक संदेश में कहा है कि गौरवशाली इतिहास, जीवंत संस्कृति और समृद्ध लोकपरंपराओं को समेटे राजस्थान वीरों और जननायकों की भूमि रहा है। उन्होंने कहा, ''सभी को राजस्थान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि राजस्थान प्रगति की नई ऊंचाईयों को छूता रहे, हर क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित करता रहे।''

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शिवराज ने रामनवमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। चौहान ने ट्वीट कर कहा कि प्रदेशवासियों को श्री रामनवमी के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की कृपा से आप सबके जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली का संचार हो, यही मेरी कामना है।
भगवान श्री राम की कृपा सब पर बनी रहे, हर घर में प्रेम, सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के पुष्प पल्लवित हों, सबका जीवन सानंद व्यतीत हो,यही कामना करता हूं।

### शिवपुरी में खेत में सो रहे एक व्यक्ति की हत्या

**शिवपुरी :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में खेत में अकेले सो रहे एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हारी में उत्तरप्रदेश के झांसी निवासी रामकिशोर यहाँ वह अपनी ससुराल आया था। खेत में बने मकान में अकेले सो रहा था, उसकी हत्या कर दी गई। बताया गया कि घर के लोग किसी धार्मिक आयोजन में गए थे। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

### मुर्मू ने राजस्थान की जनता को स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राजस्थान के लोगों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्रीमती मुर्मू ने अपने ट्वीट में कहा ''राजस्थान दिवस पर राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं।'' उन्होंने आगे कहा, ''संस्कृति, सत्कार, शौर्य और पर्यटन स्थल राजस्थान की पहचान हैं। मेरा विश्वास है कि ऐसी विशेषताओं के बल पर राज्य के निवासी सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगें।

---

**कोरोना** > दिल्ली सहित सभी महानगरों में अब तेजी से बढ़ने लगे रोगी

# भारतवर्ष में फिर से कोरोना का खतरा बढ़ा

- नया वेरियंट ही कहर ढाने लगा है
- प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कर चुके बैठक
- मामूली लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने को कहा

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** दिल्ली में अचानक से कोरोना के रोगियों की संख्या में उछाल आने के बाद पहले जैसी तैयारी कर ली गयी है। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में कोरोनोवायरस के मामलों में खतरनाक वृद्धि को लेकर आज एक आपात बैठक बुलाई है। शहर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कल, दिल्ली के कोविड 19 मामले पिछले साल 31 अगस्त के बाद पहली बार 300 तक चढ़े, जबकि सकारात्मकता दर 13.89 प्रतिशत तक चढ़ गई। तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज आज दोपहर में विशेषज्ञ डॉक्टरों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कई अस्पतालों के निदेशकों के साथ बैठक करेंगे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही उच्चाधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर बैठक की थी। उन्होंने सभी राज्यों को भी आपात स्थिति की पूर्व तैयार कर लेने की हिदायत दी थी। इस कारण लगभग सभी राज्यों में फिर से कोरोना के ईलाज की स्वास्थ्य संबंधी इंतजामों को दोबारा से सक्रिय कर दिया गया है।
इस बार कोरोना की स्थिति को इसलिए भी गंभीरता से लिया जा रहा है क्योंकि त्योहारों के मौके पर बाजारों में भीड़ औसत से अधिक होती है। इस बार इस भीड़ से बचने की सलाह तो पहले ही दी गयी थी लेकिन उसका कोई असर होता हुआ नजर नहीं आया है। याद दिला दें कि 2020 में इस बीमारी के प्रकोप के बाद पहली बार 16 जनवरी को शहर में दैनिक कोविड की संख्या शून्य हो गई। देश। 300 और मामलों को जोड़ने के साथ, दिल्ली का कोविड टैली 20,09,361 तक चढ़ गया, जबकि मृत्यु संख्या 26,526 थी। शहर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, शहर के समर्पित कोविड 19 अस्पतालों में 7,986 बिस्तरों में से 54 भरे हुए हैं, जबकि 452 मरीज घरेलू क्वारेंटीन में हैं। इस बीच यह खबर भी आयी है कि पिछले 24 घंटों में पूरे महाराष्ट्र में कोविड 19 मामलों की दैनिक पहचान दोगुनी होने के कारण मुंबई में स्वास्थ्य अधिकारी अलर्ट पर हैं। विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि कुल मामलों में से 60% मामले रिकॉम्बिनेंट सबवैरिएंट एक्स बीबी 1 के परिणाम बताए गए हैं। महाराष्ट्र में नए सबवेरिएंट के साथ लगभग 230 रोगियों का पता चला है। कुल 230 में से 151 मामले पुणे से, 24 औरंगाबाद से, 23 ठाणे से, 11 कोल्हापुर और अहमदनगर से, 8 अमरावती से और 1-1 मुंबई और रायगढ़ से थे।इससे पहले मंगलवार को, महाराष्ट्र में 450 मामले दर्ज किए गए थे- 22 अक्टूबर के बाद से सबसे अधिक। राज्य ने 27 अक्टूबर, 2022 को 972 मामलों का पता लगाया। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में लगभग 2,500 सक्रिय मामले हैं, हालांकि, अस्पताल में भर्ती आनुपातिक रूप से उच्च नहीं हैं। । इस बारे में डॉ राजेश ने कहा कि एक्स बीबी 1.16 राज्य में प्रमुख तनाव बन गया है, धीरे-धीरे एक्स बीबी और एक्स बीबी को विस्थापित कर रहा है। यह संस्करण अब 60% मामलों में मौजूद है। अधिकांश रोगियों में हल्के लक्षण थे।

### कोविड संक्रमित मामले 13 हजार से अधिक

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 13 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3016 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 13 ,509 हो गयी है और संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1396 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.78 प्रतिशत है। इसी अवधि में 1,10,522 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 15,784 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.65 करोड से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

### खडगे,राहुल-प्रियंका ने दी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रामनवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी और सबकी खुशहाली की कामना की। गांधी ने ट्वीट किया समस्त देशवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा करता हूं यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख और समृद्धि ले कर आए। खडगे ने कहा ,समस्त देशवासियों को राम नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। आशा है ये पर्व हमारे जीवन में संयम, त्याग, मर्यादा व सेवा के महान आदर्शों का संचार करे।

अमेरिका के बाद जर्मनी ने भी भारतीय लोकतंत्र पर चिंता जतायी


# राहुल की सदस्यता के बाद दोनों देशों की नजर

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने का मामला विदेश में भी तूल पकड़ता जा रहा है। देश की राजनीति में तो इसको लेकर तो घमासान मचा ही हुआ है, लेकिन अब विदेशों से भी इसको लेकर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अमेरिका के बाद अब जर्मनी ने राहुल गांधी विवाद को लेकर टिप्पणी की है। जर्मनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम भारत में विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी के खिलाफ आए अदालत के फैसले और उनकी संसद सदस्यता रद्द होने के मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी फैसले के खिलाफ अपील करने की स्थिति में हैं। अपील के बाद स्पष्ट होगा कि कि फैसला कायम रहेगा या नहीं और उनकी संसद सदस्यता रद्द करने का कोई आधार है या नहीं। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायिक स्वतंत्रता और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया जाएगा। जर्मनी से पहले इस मामले में अमेरिकी ने भी प्रतिक्रिया दी थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा था कि हम भारतीय अदालतों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मामले पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने ये भी कहा था कि अमेरिका भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति साझा प्रतिबद्धता के लिए भारत सरकार के साथ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी पर प्रतिक्रिया के लिए जर्मनी को शुक्रिया कहा है। दिग्विजय ने ट्वीट कर कहा, राहुल गांधी के उत्पीड़न के माध्यम से भारत में लोकतंत्र के साथ समझौता किया जा रहा है। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति ने युद्ध के अग्रिम पंक्ति के क्षेत्रों का दौरा किया

**राष्ट्रीय खबर**



**ओखाट्रिका, यूक्रेन:** यूक्रेन के राष्ट्रपति ने मंगलवार को उत्तरी यूक्रेन में सुमी क्षेत्र का दौरा किया, देश के उन क्षेत्रों के हाल के दिनों में अपने दौरे को जारी रखा, जो रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण का खामियाजा भुगत चुके हैं। इस दौरान उन्होंने सैनिकों के साथ साथ आम जनता से भी भेंट की और उनका साहस बढ़ाया। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस की सीमा से लगे क्षेत्र के दो शहरों में अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात की। एक साल से अधिक समय पहले युद्ध शुरू होने के बाद से यह आंशिक रूप से रूसी सेना द्वारा कब्जा कर लिया गया था। अप्रैल की शुरूआत में रूसी इस क्षेत्र से हट गए। जेलेंस्की ने सुमी क्षेत्र के शहरों ओखि्तरका का दौरा किया, जहां पिछले साल भयंकर लड़ाई हुई थी, लेकिन कभी कब्जा नहीं किया गया था, और ट्रॉस्टियनेट्स, जो आक्रमण के बाद एक महीने के लिए रूसियों द्वारा आयोजित किया गया था ।
लेकिन मार्च में यूक्रेनी सेना द्वारा वापस ले लिया गया था। जेलेंस्की की यात्रा पिछले सात दिनों में खेरसॉन और खार्किव क्षेत्रों में उनकी यात्राओं के बाद हुई, जिनमें से कुछ हिस्सों को क्रेमलिन की सेना से पिछले साल वापस ले लिया गया था, पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में बखमुत के पास और दक्षिण में जापोरिज्ज़िया के पास खतरनाक लड़ाई वाले क्षेत्र में। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि मंगलवार को भी, कम से कम तीन नागरिक मारे गए और 43 अन्य घायल हो गए, जिनमें ड्रोन, ग्लाइडिंग बम और भारी तोपखाने का हमला शामिल था। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में, रूसी गोलाबारी ने 12 कस्बों और गांवों को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई ।
और 34 घायल हो गए। रूसी गोलाबारी में दक्षिणी शहर खेरसॉन को भी निशाना बनाया गया, जहां पांच लोग घायल हो गए। सुमी क्षेत्र के बिलोपिलिया में, एक रूसी हड़ताल ने एक स्कूल की इमारत और एक अपार्टमेंट की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया। ओखि्तरका में एक चौक पर भीड़ को संबोधित करते हुए, जेलेंस्की ने वादा किया कि युद्ध के जख्म वाले शहर का पुनर्निर्माण किया जाएगा।

### इटावा में पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

**इटावा :** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेवर इलाके में पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लूट की योजना बना रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिह ने गुरूवार को बताया कि रात करीब दो बजे बकेवर इलाके में सेंगर नदी के पास भरथना और बकेवर पुलिस अपराधियों की तलाश में वाहनों की चेकिंग करने में जुटी हुई थी कि इसी बीच में दो मोटरसाइकिल सवार चार बदमाश उस इलाके से गुजरते हुए दिखाई दिए। जिनको रोकने का इशारा किया गया लेकिन बदमाशों की ओर से पुलिस दल पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया है। उन्होने बताया कि जिस बदमाश को गोली लगी है उसका नाम गुलगुलिया है। बदमाश को उपचार के लिए महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया गया है। मुठभेड़ के दरमियान बुलबुलिया के तीन अन्य साथी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

**रूबरू** अमेरिका का दोहरा चेहरा फिर दुनिया के सामने उजागर

# ईरान को गालियां पर चुपचाप तेल खरीद रहा

- सैटेलाइट चित्रों ने अमेरिका को रंगे हाथ पकड़ा
- अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ईरान का लगातार विरोध
- समुद्री डेटा के आंकड़े भी घटना की पुष्टि करते हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**दुबई:** एक प्रमुख अमेरिकी-व्यापार परिवहन कंपनी के स्वामित्व वाला एक तेल टैंकर अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए एक प्रमुख एशियाई समुद्री जलडमरूमध्य में ईरानी कच्चे तेल को ले जा रहा है, एक हिमायती समूह ने आरोप लगाया है। कथित तौर पर शामिल फर्म, यूरोनाव ने बुधवार को कहा कि यह आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई करेगी। इसके खुलासा से अमेरिकी कूटनीति पर भी सवाल उठ गये हैं क्योंकि वह बार बार ईरान पर परमाणु शक्ति विकसित करने का आरोप लगाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके खिलाफ प्रतिबंधों की मांग करता आ रहा है। एक मीडिया एजेंसी द्वारा विश्लेषण किए गए सैटेलाइट फोटो और समुद्री ट्रैकिंग डेटा ने संभावित जहाज-से-जहाज हस्तांतरण के लिए वियतनामी-ध्वज वाले टैंकर अबासिस के ठीक बगल में बेल्जियम के झंडे वाले कच्चे तेल के टैंकर ओशिनिया को रखा। ग्रुप यूनाइटेड अगेंस्ट न्यूक्लियर ईरान ने ओशिनिया के मालिक, एंटवर्प स्थित यूरोनाव को चेतावनी दी है, कि उसका मानना है कि फरवरी के अंत में अबासिस ने ईरानी कच्चे तेल पर कब्जा कर लिया था। संदेह तब आता है जब तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में विश्व शक्तियों के साथ तेहरान के परमाणु समझौते से संयुक्त राज्य अमेरिका को एकतरफा वापस लेने के बाद अमेरिकी प्रतिबंधों के वापस आने के बावजूद ईरान समुद्र में अपने कच्चे तेल का व्यापार करने में सक्षम है। अब, लगभग पांच साल बाद, ईरान यूक्रेन पर मास्को के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए अपने तेल की बिक्री जारी रखते हुए और रूस को बम ले जाने वाले ड्रोन की आपूर्ति करते हुए यूरेनियम को हथियारों के स्तर के करीब समृद्ध करता है। सार्वजनिक मंचों पर अमेरिका लगातार ईरान पर कई तरह के आरोप लगाता आ रहा है। यूरोनाव के एक प्रवक्ता ब्रायन गैलाघेर ने एपी को एक बयान में बताया कि कंपनी ने हमेशा सभी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित उपाय और प्रोटोकॉल किए हैं। सिस्टम के भीतर सभी कार्गो इन आवश्यकताओं को पारित कर चुके हैं। यूरोनव किसी भी विशिष्ट शिपमेंट की निगरानी करना जारी रखेगा और जहां आवश्यक हो उचित कार्रवाई करेगा।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी सीनेट ने आपातकाल समाप्त करने की मंजूरी दी

**वाशिंगटन :** अमेरिका की सीनेट ने कोविड-19 राष्ट्रीय आपातकाल को तुरंत समाप्त करने के लिए सदन की ओर से पारित विधेयक को मंजूरी दे दी है। सीनेट ने बुधवार को 68-23 मतों के साथ विधेयक को पारित किया और उसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया। अमेरिकी सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने पहले कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रस्ताव को वीटो नहीं करेंगे। श्री बाइडेन ने पहले राष्ट्रीय आपातकाल को 11 मई तक समाप्त करने की योजना बनाई थी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च 2020 में कोरोनोवायरस महामारी पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की थी।

### सोयूज-2.1वी वाहक रॉकेट ने रूस के उपग्रह की परिक्रमा की

**मॉस्को :** प्लेसेत्स्क अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार शाम को प्रक्षेपित सोयूज-2.1वी लघु वाहक रॉकेट ने रूस के रक्षा मंत्रालय के एक उपग्रह की परिक्रमा की है। मंत्रालय ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि उपग्रह को अनुमानित समय पर लक्षित कक्षा में और नियंत्रण में रखा गया था। इसके साथ एक स्थिर टेलीमेट्री कनेक्शन स्थापित और बनाए रखा गया। उपग्रह के ऑनबोर्ड सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसे सीरियल नंबर कॉसमॉस-2568 असाइन किया गया है। सैटेलाइट के साथ सोयुज-2.1वी रॉकेट को 29 मार्च को प्लेसेत्स्क से प्रेक्षपित किया गया था।

### इजराइल के मिसाइल हमले में सीरिया के दो सैनिक घायल

**काहिरा :** सीरिया में दश्मिक शहर के बाहरी इलाके में इजराइल द्वारा किए गए मिसाइल हमले में दो सैनिक घायल हो गये है। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इससे पहले सीरिया के टेलीविजन चैनल अल इखबरियाह ने बताया कि सीरिया की हवाई सुरक्षा ने दश्मिक के पास आसमान में इजराइली हमले को रोक दिया था। मंत्रालय ने कहा कि बुधवार रात 10 बजकर 20 मिनट पर (जीएमटी) इजराइल ने गोलन हाइट्स की तरफ से दश्मिक शहर के आसपास कई ठिकानों पर मिसाइलों से हमले किये। हमले में सीरिया के दो सैनिक घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन की मिसाइलों का जवाब दिया और उनमें से कई को नष्ट कर दिया।

### नौका में आग लगने से दस यात्रियों की मौत

**मनीला :** दक्षिणी फिलीपींस में बुधवार देर रात दो सौ से अधिक लोगों को लेकर जा रही एक नौका में आग लगने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गयी। एक स्थानीय अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेसिलन प्रांत में आपदा न्यूनीकरण और प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख निक्सन अलोंजो ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्थानीय रेडियो को बताया कि समुद्र में कूदने वाले सात यात्री लापता हैं। कम से कम 195 यात्रियों और चालक दल के 35 सदस्यों को बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि बचावकर्ताओं को जहाज पर चार शव मिले। जबकि छह को किनारे पर लाया गया। श्री अलोंजो ने कहा कि यात्रियों की मौत पानी में कूदने के बाद डूबने से हुई तथा कुछ लोग झुलस गए। उन्होंने कहा कि नौका जोलो से ज़ाम्बोआंगा शहर की ओर जा रही थी, तभी बसिलन प्रांत के हादजी मुहम्मद शहर में बलुक-बलुक द्वीप पर बुधवार को स्थानीय समय रात दस बजे आग लग गई। फिलीपीन कोस्ट गार्ड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि खोज और बचाव अभियान में मदद के लिए कर्मियों और पोत को तैनात किया है, लेकिन हताहतों के बारे में विवरण नहीं दिया।

### आधे से अधिक रिपब्लिकन ट्रम्प की उम्मीदवारी समर्थन में : सर्वेक्षण

**वाशिंगटन :** अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी का करीब 54 फीसदी रिपब्लिकन मतदाताओं ने समर्थन किया है जो कि फ्लोरिडा प्रांत के गवर्नर रॉन डीसांटिस का समर्थन करने वाले लोगों की दोगुनी संख्या से भी अधिक है। फॉक्स न्यूज के सर्वेक्षण की गुरुवारको प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। सर्वेक्षण के मुताबिक 24 फीसदी लोगों ने डीसांटिस का समर्थन किया है। गत फरवरी के बाद से ट्रम्प की रेटिंग में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि श्री डीसांटिस के समर्थन में चार फीसदी की कमी आयी है। गत 24-27 मार्च तक आयोजित इस सर्वेक्षण में 1007 लोगों से सवाल किये गये थे।

### सीरिया में तेज आंधी तूफान से सात लोगों की मौत

**दमिश्क :** सीरिया में तेज आंधी तूफान के कारण तीन बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी है। सीरिया की वैधशाला के मुताबिक तेज हवा से दीवार गिरने के कारण छह लोगों की मौत हो गई और मध्य सीरिया के होम्स प्रांत में एक व्यक्ति की मौत विज्ञापन बोर्ड गिरने से हो गई।

### पाकिस्तान की शीर्ष ऊर्जा कंपनियां हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए एकजुट

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की शीर्ष ऊर्जा खोज एवं उत्पादन कंपनियों ने देश के भीतर और बाहर हरित हाइड्रोजन संभावनाओं का पता लगाने के लिए एकजुटता जतायी है। उर्जा मंत्रालय के पेट्रोलियम डिवीजन की ओर से जारी बयान के अनुसार ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, पाक-अरब रिफाइनरी लिमिटेड, पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड, मारी पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड और गवर्नमेंट होल्डिंग्स (प्राइवेट) लिमिटेड नाम की पांच प्रमुख कंपनियों ने भविष्य में संयुक्त उद्यमों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## आज का इतिहास

- 1774 : भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
- 1865 : पहली भारतीय महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी का जन्म।
- 1867 : बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।
- 1921 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
- 1938 : दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का जन्म।
- 1945 : लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म।
- 1959 : बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
- 1964 : बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली।
- 1972 : हिंदी फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी का निधन।
- 1983 : कोलंबियाई शहर पोपायन में आए विनाशकारी भूकंप में करीब 500 लोगों की मौत।
- 1986 : मेक्सिको में एक विमान दुर्घटना में विमान में सवार सभी 167 यात्रियों की मृत्यु।
- 1997 : भारतीय वैज्ञानिक डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर और चेक वैज्ञानिक डॉ. विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में अपने काम के लिए यूनेस्को द्वारा कलिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 2000 : हिंदी लेखक और कोशकार डॉ हरदेव बहारी का निधन।
- 2001 : भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एकदिवसीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे किए।
- 2004 : अकाली दल के नेता और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह टोहरा का निधन।
- 2007 : विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में माइकल फेल्प्स ने छह स्वर्ण हासिल किये।
- 2008 : कृष्णा सोबती को के.के.बिड़ला फाउण्डेशन का वर्ष 2007 का व्यास सम्मान देने की घोषणा की गई।
- 2010 : भारत में मान्यता प्राप्त हर प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों के लिए 25 फीसदी सीटें आरक्षित करने का कानून बनाया गया।
- 2011 : भारतीय जनगणना आयोग द्वारा जारी किए गए 15वीं जनगणना के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसंख्या पिछले दस वर्षों में 17.64 प्रतिशत बढ़कर 2011 में 121 करोड़ हो गई। साक्षरता दर 9.2 प्रतिशत बढ़कर 74.04 हो गई।

## व्यापारिक गतिविधियों में पड़ रहा असर

रांचीः नगर निगम क्षेत्र में व्यापारियों को ट्रेड लाइसेंस मिलने में परेशानी हो रही है। कई मामलों में आवेदन करने के बाद भी महीनों व्यापारियों को लाइसेंस के लिये इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ व्यापारियों ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया काफी जटिल है। कागजातों की अधिक मांग की जाती है। लाइसेंस रिन्यूअल करने के लिये महीनों इंतजार करना पड़ता है।

# रामनवमी पर राम मय हुई राजधानी, ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में लगी भक्तों की कतार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रामनवमी को लेकर राजधानी पूरी तरह राम मय हो गयी है। महावीरी पताकों और रामनवमी की शुभकामनाओं वाले बैनर होर्डिग्स से शहर का चौक चौराहा पट गया है। वहीं गुरुवार को अहले सुबह से ही राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में पूजा करने आये भक्तगणों की लंबी कतारें लगी हुई है।शहर के मेन रोड यानी महात्मा गांधी मार्ग स्थित महावीर मंदिर, हिनू महावीर मंदिर, कडरू महावीर मंदिर, अरगोड़ा महावीर मंदिर के साथ साथ सभी मंदिरों में पूजा करने आने वाले भक्तगण पूरे श्रद्धा भाव से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, रामभक्त हनुमान की पूजा आराधना कर रहे हैं। वहीं राजधानी के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र के नौवें दिन मां दुर्गा के 9वें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा हो रही है।रामनवमी में रांची के निवारणपुर स्थित ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का खास महत्व होता है। राजधानी के सभी महावीर मंडल के अखाड़े और जुलूस इसी मंदिर तक अलग अलग इलाकों से आता है। गगनचुंबी सैकड़ों महावीरी पताकों से भरा तपोवन मंदिर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो जाता है। लिहाजा इस मंदिर में सुबह से ही राम भक्तों की भीड़ लगी है। पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। वहीं बड़ी संख्या में वॉलेंटियर भी तपोवन मंदिर की विधि व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने में लगे हैं। राजधानी रांची में दोपहर बाद अलग-अलग महावीर मंडल की ओर से ऊंचे ऊंचे महावीरी पताका और भगवान राम ध्वज के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी और तपोवन मंदिर में झंडे की पूजा होगी। अस्त्र शस्त्र और रणकौशल का प्रदर्शन करते हुए निकलने वाली शोभा यात्रा को देखते हुए राजधानी में दोपहर 01 बजे से रात के 10-11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को बहाल रखने के लिए 4 दर्जन से अधिक मजिस्ट्रेट, तीन हजार से अधिक पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा कई जगहों पर पुलिस सादे लिबास में रहेगी तो जगह जगह ड्रोन कैमरे से मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था की गई है।










## लालपुर में सड़क के किनारे सब्जी, मछली-मांस बेचने वालों को वेंडर मार्केट में किया जाएगा शिफ्ट

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**लंबे समय से लालपुर-कोकर रोड (रांची) पर ट्रैफिक लोड रहा है, जो अब कम होगा। रांची नगर निगम ने इस सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगानेवालों, मांस- मछली विक्रेताओं को डिस्टलरी पुल के नीचे बने लालपुर वेंडर मार्केट में जगह देने की तैयारी कर ली है। 1 अप्रैल को निगम कार्यालय के आठवें तल्ले पर दोपहर 12 बजे लॉटरी सिस्टम की प्रक्रिया अपनाएगी, इसके जरिये 74 मांस, मछली विक्रेताओं को चबूतरा का आवंटन करेगा। इन 74 विक्रेताओं को नगर विक्रय समिति द्वारा निरीक्षण, अनुशंसित और अनुमोदित किया गया था। निगम ने इन सभी अनुशंसित विक्रेताओं को आधार कार्ड एवं सर्वेक्षण पावती के साथ 1 अप्रैल को लॉटरी सिस्टम में भाग लेने को निगम कार्यालय बुलाया है। जिन 74 लाभुकों का नाम लॉटरी के लिए तय किया गया है, उसकी लिस्ट निगम की वेबसाइट पर जारी की जा चुकी है।गौरतलब है कि अरसे से यह मांग हो रही थी कि डिस्टलरी पुल के आसपास सब्जी बाजार, मीट- मछली की दुकानों के चलते लालपुर-कोकर रोड जाम हो जाता है जो बेहद कष्टदायक होता है। खासकर ऑफिस, स्कूल जाने-आने के समय पर। ऐसे में इसके निदान के लिए नगर निगम ने रोड पर सब्जी, मीट मछली बेचने वालों का सर्वे कराया। अब इसी आधार पर चिन्हित लाभुकों को लॉटरी सिस्टम के जरिये डिस्टलरी पुल के ही समीप बने वेंडर मार्केट में बैठने को चबूतरा दिया जा रहा है। इससे ना सिर्फ लालपुर- कोकर का ट्रैफिक लोड घटेगा बल्कि मीट मछली विक्रेताओं को भी कारोबार करने को एक सुरक्षित जगह मिलेगी।

### रांची में नहीं कर सकेंगे प्राइवेट प्रैक्टिस

रांचीः सरकारी डॉक्टर जो दूसरे जिले के सदर हॉस्पिटल में पोस्टेड हैं वे रांची में अल्ट्रासाउंड का काम नहीं कर सकते हैं। उनके नाम से रांची जिले में अल्ट्रासाउंड करने की अनुमति नहीं होगी। अगर ऐसा करते हुए कोई भी सेंटर का संचालक पकड़ा जाता है तो उसपर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश जिला सलाहकार समिति की पीसी एड पीएनडीटी पर बैठक में दिया गया। साथ ही कहा गया कि अब किसी भी हाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि फॉर्म एफ के मामलों में मिशन मोड में अभियान चलाएं। इसके लिए पांच टीम बना कर अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जांच समय-समय पर करें। साथ ही यह भी जांच किया जाए कि इन सेंटरों पर परमानेंट रेडियोलॉजिस्ट है या नहीं।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ अपील पर हाईकोर्ट ने मांगा लोअर कोर्ट से रिकॉर्ड, अगली सुनवाई 9 मई को



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने निचली अदालत से ओरिजिनल रिकॉर्ड (एलसीआर) की मांग की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 मई निर्धारित की है। 28 मार्च 2022 को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने तत्कालीन मांडर विधायक बंधु तिर्की को 3 साल की सजा एवं 3 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर बंधु तिर्की को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का प्रावधान कोर्ट ने किया था।दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में शिक्षामंत्री रह चुके बंधु तिर्की पर 6 लाख 28 हजार 698 रुपये आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था। पहले इस मामले में एक सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी में केस दर्ज किया गया। इसके बाद साल 2010 में सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में कांड संख्या आरसी-5ए/10 के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत में अभियोजन की ओर से 21 तथा बचाव पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किये गये थे।

### रामनवमी पर मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

रांचीः राजधानी सहित आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी के मौके पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। चैत्र नवरात्र के नौवीं तिथि को श्रद्धालुओं का तांता देवी मंदिर में सुबह से ही लगी रही। रामनवमी के मौके पर राजधानी के सभी महावीर मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे। चर्च रोड स्थित काली मंदिर में पट खुलते ही दर्शनार्थियों का तांता लग गया। संकटमोचन मंदिर में रामनवमी के मौके पर भक्तों की विशेष भीड़ देखने को मिली। रातू रोड स्थित महावीर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। हिनू स्थित महावीर मंदिर में आसपास के क्षेत्रों के भक्तों को अहले सुबह से पूजा करते देखा गया। दिन बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या में भी लगातार इजाफा होता रहा। यही हाल आमतौर पर राजधानी के सभी महावीर मंदिरों का था।

## जेबीवीएनएल ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**एक बजे से राजधानी समेत आस पास के इलाकों में बिजली नहीं रही। रामनवमी के साथ ही बिजली मरम्मत कार्य के कारण भी बिजली बाधित रहेगी। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान बिजली बाधित रहेगी। इसी दौरान हटिया ग्रिड में मरम्मत कार्य भी किया जायेगा। यहां हटिया ग्रिड में उपकरणों को बदलने साथ ही मरम्मत करने को लेकर मेगा पावर ब्लॉक किया जायेगा। इस दौरान 9 घंटे बिजली बाधित रहेगी। मतलब दोपहर एक बजे से लेकर रात दस बजे तक ग्रिड के 50 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद रहेगी। इस बीच हटिया वन ग्रिड के 132 और 33 केवी हाल्फ मेन बस के आइसोलेटर में मरम्मत कार्य किये जायेंगे। ऐसे में राजधानी के बड़े इलाके में बिजली बाधित रहेगी। जबकि अन्य इलाकों में राम नवमी के कारण बिजली बाधित रहेगी।जारी है हेल्पलाइन नंबरः लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए अभियंताओं को अलर्ट जारी कर दिया गया है। ताकि वे इससे संबंधित लोगों की शिकायतें दर्ज कर पायें। बिजली समस्या को लेकर इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल रूम का गठन भी किया गया है। शोभा यात्रा के बीच अखाड़ा समितियों के अलावे आमजनों को बिजली समस्या आने पर बिजली कंट्रोल रूम के दिये नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते है। कंट्रोल रुम के नंबर 0651- 2490014 और जेबीवीएनएल की ओर से जारी नंबर 9431135682 पर कोई भी बिजली से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता 31 मार्च दोपहर 12 बजे तक इन नंबरों पर शिकायत कर सकते है।

## नकद पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों से जिलों में आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** खेल निदेशालय, झारखंड के स्तर से खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार (सम्मान राशि) का लाभ दिया जाना है। इसके लिए हर जिले में खिलाड़ियों से आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तकरीबन सभी चौबीसों जिलों में 15 अप्रैल तक आवेदन दिए जाने की अपील जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से की जा रही है। खूंटी, सिमडेगा सहित अन्य जिलों ने तो बकायदा विज्ञापन जारी कर खिलाड़ियों से इसका लाभ उठाने को कहा है। राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 10 जून 2022 के बाद अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया हो, उन्हें सम्मान राशि का लाभ राज्य की नयी खेल नीति के आधार पर मिलेगा। यहां तक कि अगर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी भी हुई हो तो राज्य सरकार उन्हें लाभान्वित करेगी। जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से यह भी बताया जा रहा है कि जिले या खेल विभाग की वेबसाइट से योग्य खिलाड़ी आवेदन पत्र प्राप्त कर खेल विवरणी के साथ निर्धारित अवधि (15 अप्रैल) तक अपना आवेदन डी एस ओ कार्यालय में जमा कर दें।नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ खिलाड़ियों और खेल संघों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि कोविड के दूसरा फेज (2021) के प्रकोप के बीच जून माह के आखिरी सप्ताह में राज्य भर से कई खिलाड़ियों ने मेल के जरिये सम्मान राशि हेतु फॉर्म भरा था। फिर 2022 में भी जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से इसे भरा। अब उसके बाद एक बार फिर तीसरे वर्ष का विज्ञापन आया है। एक बार और आवेदन वे कर तो देंगे पर केवल आवेदन ही मांगे जाएंगे कि सम्मान राशि का भी लाभ मिलेगा, यह संदिग्ध है। समय पर इसका लाभ मिलने से उनका मनोबल बढ़ता और वे आगे की प्रतियोगिताओं के लिए अपनी तैयारियां भी कर पाते।

